ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 12.06.2023 वर्ष 10, अंक 159 RNI No. JHAHIN/2014/59110

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

सुविचार

पिता की मौजूदगी सूरज जैसी होती है सूरज गर्म जरूर होता है अगर न हो तो अंधेरा छा जाता है।

रांची का तापमान

अधिकतम 36°
न्युनतम 18°

क्वीक न्यूज

महाराष्ट्र: हाईवे पर बस पलटी,चार की मौत

मुंबई। पुणे जिले में वरवे गांव के पास पुणे-सतारा हाईवे पर रविवार को सुबह 4 वाहनों के टकराने से एसटी बस पलट गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 20 यात्री घायल हो गए। हाईवे पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुणे-सतारा हाईवे पर वरवे गांव के पास पुणे की ओर आ रहे एक कंटेनर को एसटी बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे एसटी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। उसी समय दो अन्य वाहन कंटेनर और बस से आपस में टकरा गए। हाईवे पुलिस मौके पर पहुंचकर एसटी बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घटनास्थल ही चार लोगों की मौत हो गई थी, इसलिए पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। अचानक हुई इस दुर्घटना से पुणे-सतारा हाईवे पर भीषण जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस यहां ट्रैफिक हटाने का काम कर रही है।

ट्रेन से कटकर नवजात हाथी की मौत

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र के गुंडा विहार रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर की दूरी पर शनिवार रात करीब तीन बजे मालवाहक ट्रेन की चपेट में आने से एक हाथी बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करीब 17 जंगली हाथियों का झुंड गुंडा गांव के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। रात को जंगली हाथियों का झुंड गुंडा गांव के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। उसी दौरान एक नवजात हाथी बच्चा ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही हाथी बच्चे की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही रविवार को वन कर्मी स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं ग्रामीणों ने मृत हाथी की पूजा अर्चना की।

राज्यपाल आज सभी कुलपतियों के साथ करेंगे बैठक

रांची। राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के साथ 12 जून को राज्य के सभी विवि के कुलपतियों की बैठक होगी। बैठक राजभवन में दिन के साढ़े 10 बजे से होग। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व के निर्णयों पर अब तक हुई कार्रवाई के अलावा नयी शिक्षा नीति के तहत पठन-पाठन तथा विवि द्वारा अब तक की गयी कार्रवाई, अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई, शिक्षकों की नियुक्ति, विवि सेवा आयोग के गठन, झारखंड पात्रता परीक्षा, शिक्षकों की प्रोन्नति, सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की जायेगी।

नोएडा फिल्म सिटी में 24 साल की मॉडल की मौत

नोएडा : यूपी के नोएडा स्थित फिल्म सिटी में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां लाईटिंग ट्रस्ट स्टैंड गिरने से एक 24 साल की मॉडल वंशिका चोपड़ा की मौत हो गई है और एक अन्य युवक घायल हो गया है। इस मामले में फैशन शो के ऑर्गनाइजर से पूछताछ की जा रही है। गौतमबुद्धनगर पुलिस की मीडिया सेल ने इस बारे में बयान जारी किया है। पुलिस के मुताबिक, %11 जून को करीब 1.30 बजे थाना सेक्टर-20 नोएडा के अंतर्गत आने वाली फिल्म सिटी के एक स्टूडियो में फैशन शो का आयोजन किया जा रहा था। इसी आयोजन के दौरान लाईटिंग ट्रस्ट (लोहे के जालनुमा खम्बे) गिरने के कारण चोट लगने से 24 साल की वंशिका चोपड़ा (पुत्री पवन चोपड़ा), निवासी दिव्यांश फ्लोरा, गौर सिटी-2, थाना बिसरख, ग्रेटर नोएडा की मौत हो गई। घटना में बॉबी राज, पुत्र राज कुमार निवासी गोपाल पुरा, ग्वालियर रोड, आगरा घायल हो गया है। घायल बॉबी राज का इलाज कैलाश अस्पताल सेक्टर-27, नोएडा में चल रहा है और मृत वंशिका के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। वंशिका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। घटना के संबंध में फैशन शो के ऑर्गनाईजर और लाइटिंग ट्रस्ट लगाने वाले से पूछताछ की जा रही है।

भीषण गर्मी और लू के कारण शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने जारी किया आदेश

राज्य के सभी स्कूल 12 से 14 जून तक रहेंगे बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए झारखंड के सभी स्कूल 12 जून से 14 जून तक के लिए बंद कर दिया गया है। राज्य में भीषण गर्मी और मौसम विभाग की तरफ से जारी लू के अलर्ट को देखते हुये यह फैसला लिया गया है। इसको लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। शिक्षा सचिव ने कहा कि राज्य में ज्यादा गर्मी पड़ने और लू को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। यह आदेश राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालय पर लागू होगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। स्कूल 12 जून से बंद रहेंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए सूचित किया जायेगा। इससे पहले स्कूली बच्चों और अभिभावकों के कई संगठनों की ओर से गर्मी की छुट्टी बढ़ाने की मांग की जा रही थी। संगठन की ओर से यह भी जानकारी दी गई थी कि राज्य के निजी स्कूल 17 जून तक बंद रहेंगे। मौसम विभाग की ओर से हीट वेव को लेकर 15 जून तक के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की ओर से सलाह दी गई है कि दोपहर 11 से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचे। हल्के रंग के ढीले, सूती कपड़े पहनें। अपना सिर ढके, कपड़े, टोपी या छाते का प्रयोग करें।

हीट वेव को लेकर 15 जून तक के लिए यलो अलर्ट

अभिभावक व बच्चों ने ली राहत की सांस

शिक्षा सचिव के आदेश के बाद अभिभावक व बच्चों ने राहत की सांस ली है।अभिभावकों ने कहा कि सरकार के इस आदेश से बच्चों को राहत मिलेगी। इधर झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राज्य में अत्याधिक गर्मी पड़ने और लू चलने के कारण लोगों को घर से निकलना दुभर है। राज्य के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। ऐसी स्थिति में बच्चों को स्कूल भेजने में परेशानी है। अजय राय ने भी छूटी बढ़ाने की मांग की थी।

19 जून से खुलेंगे निजी विद्यालय : पासवा

रांची। राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण के निजी स्कूल 12 से 17 जून तक बंद रहेंगे। यह निर्णय गर्मी के बढ़ने की वजह से पासवा ने लिया है। राजधानी के कई निजी स्कूल गर्मी छुट्टी के बाद 12 जून से खुलने वाले थे लेकिन बढ़े हुए पारा और हीट वेब की वजह से छुट्टी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। पासवा के अध्यक्ष आलोक दुबे ने रविवार को प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य में गर्मी बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड का कोई ऐसा जिला नहीं है, जिसका टेंपरेचर 40 या उससे पार ना हो, ऐसे में स्कूल खोलकर बच्चों को बुलाना उनके स्वास्थ्य के साथ खेलने के बराबर है। ऐसे में हमलोगों ने पासवा की बैठक की और यह निर्णय लिया कि 12 जून से 17 जून तक स्कूल बंद रहेंगे। वहीं, 19 जून से स्कूल खुलेंगे। इससे पहले पासवा ने मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव के रवि कुमार को भी पत्र लिख कर गर्मी की छुट्टी बढ़ाने का आग्रह किया है। आलोक दुबे ने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में झारखंड के लगभग 15 हजार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन पासवा कार्यालय रांची और सोशल मीडिया के माध्यम से भी होगा। हालांकि, अभी डेट फाइनल नहीं की गई है लेकिन संभवत जुलाई के पहले सप्ताह में किया जायेगा।

पीएम मोदी ने देश के पहले नेशनल ट्रेनिंग कॉनक्लेव का किया उद्घाटन

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में देश के पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का उद्घाटन किया. इस सम्मेलन को पीएम मोदी के मिशन कर्मयोगी' की दिशा में अगला कदम माना जा रहा है.

सम्मेलन में प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार पर चर्चा होगी. इस सम्मेलन में केंद्रीय, राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों और अनुसंधान जैसे कई प्रशिक्षण संस्थानों के 1500 से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं. केंद्र, राज्य और स्थानीय सरकारों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ भी सम्मेलन का हिस्सा हैं.एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी प्रशासनिक सेवा के क्षमता निर्माण के माध्यम से, देश में शासन प्रक्रिया और नीति कार्यान्वयन में सुधार के समर्थक रहे हैं.

इसमें कहा गया है कि इस सिलसिले में राष्ट्रीय प्रशासनिक सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम (एनपीसीएससीबी)-मिशन कर्मयोगी की शुरुआत की गई.मिशन कर्मयोगी का लक्ष्य सही दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान के साथ, भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशासनिक सेवा को तैयार करना है. यह सम्मेलन इसी दिशा में एक और कदम है. बयान के अनुसार, देश भर में प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण अवसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से, क्षमता निर्माण आयोग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है.

पटना और रांची के मध्य आज होगा वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन

एजेंसी

हाजीपुर: पटना से रांची के मध्य आज 12 जून को गया और बरकाकाना के रास्ते अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा। यह ट्रेन पटना जंक्शन से 06.55 बजे खुलकर 08.20 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से 08.30 बजे प्रस्थान कर 13.00 बजे रांची पहुंचेगी। वापसी में रांची से पटना के लिए यह ट्रेन रांची से 14.20 बजे खुलकर 19.00 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से 19.10 बजे खुलकर 20.25 बजे पटना पहुंचेगी।

वंदे भारत का यह ट्रायल रन नियमित परिचालन के पूर्व संरक्षा जांच आदि के लिए पूर्णतया परिचालनिक/प्रायोगिक उद्देष्य से किया जाएगा। दिनांक 12.06.2023 को पटना और रांची के मध्य प्रस्तावित वंदे भारत के ट्रायल रन के दौरान ट्रेन में आम यात्रियों को प्रवेष की अनुमति नहीं होगी।अप एवं डाउन दिषा में इसका परिचालन जहानाबाद, गया, बरकाकाना, कोडरमा, हजारीबाग टाउन और मेसरा के रास्ते किया जाएगा। ट्रायल रन के दौरान इस ट्रेन का परिचालन तीव्र गति से किया जाएगा। इसलिए रेल प्रषासन द्वारा यह अपील की जाती है कि आम लोग रेलवे ट्रैक से उचित दूरी बनाकर रखें साथ ही मवेषियों को भी रेलवे ट्रैक से दूर रखें।

अध्यादेश के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया महारैली का आयोजन

140 करोड़ लोग मिलकर अध्यादेश का विरोध करेंगे : केजरीवाल

एजेंसी

दिल्ली : दिल्ली सरकार में अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश के विरोध में आम आदमी पार्टी की ओर से आज रविवार को रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया गया. इस महारैली के जरिये आप ने शक्ति प्रदर्शन किया. दिल्ली के रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि दिल्ली की जनता सुप्रीम है, लेकिन प्रधानमंत्री ने आदेश को खारिज कर दिया और अध्यादेश लेकर आ गए. जो कहता है कि अब दिल्ली के अंदर जनतंत्र नहीं होगा. अब दिल्ली में तानाशाही चलेगी. अब जनता सुप्रीम नहीं है. अब जनता नहीं एलजी सुप्रीम होगा. जनता जिसे भी वोट दे और सरकार बनाए, पीएम कहते हैं कि सरकार तो मैं ही चलाऊंगा. केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी को लगा कि सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को जेल में डालने से हमारे काम रुक जाएंगे. हमारे पास एक नहीं 100 मनीष सिसोदिया हैं. 100 सत्येंद्र जैन हैं. हमारा दूसरा आ जाएगा काम करने के लिए. जब इनको जेल में डालने से काम नहीं चला तो अध्यादेश लेकर आए हैं. दिल्ली के लोगों के ऊपर अध्यादेश थोपा जा रहा है. दिल्ली के सातों सांसद घर में छिपे हुए बैठे हैं. केजरीवाल ने कहा कि चौथी पास राजा को समझ ही नहीं आ रहा है कि देश कैसे चलाया जाता है. चारों ओर बेरोजगारी फैली हुई है. इनको समझ नहीं आ रहा है कि कैसे दूर करें. भ्रष्टाचार कैसे दूर करें. जीएसटी की वजह से व्यापारी परेशान हैं. रेलवे का क्या हाल कर दिया. बेड़ा गर्क कर दिया. 2002 में पीएम गुजरात के सीएम बने. 12 साल गुजरात के सीएम रहे. बीते 9 साल से पीएम हैं. 21 साल हो गए राज करते-करते. मैं 2015 में सीएम बना. मेरे को 8 साल हो गए . आज उन्हें चैलेंज करता हूं. 21 साल और आठ साल किसने ज्यादा काम किया.इस अध्यादेश के खिलाफ सभी पार्टियों के नेताओं से मिल रहा हूं. दिल्ली वालों पूरे देश के लोग सभी आपके साथ हैं. 140 करोड़ मिलकर इस अध्यादेश का विरोध करेंगे और जनतंत्र को बचाएंगे. ये मत सोचना कि ये केवल दिल्लीवालों के साथ हुआ है. ऐसा ही अध्यादेश राजस्थान के लिए, पंजाब के लिए, एमपी के लिए, महाराष्ट्र के लिए लाया जाएगा. इसे अभी ही रोकना पड़ेगा.

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस

अपील

बाल श्रम एक सामाजिक कुप्रथा है, जो देश के भविष्य बच्चों के समेकित रूप से होने वाले विकास पर कुप्रभाव डालता है।

बाल एवं अल्पव्यस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का नियोजन करना संज्ञेय (cognizable) अपराध है। नियोजित करने वाले ऐसे नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज की जाती है।

अत: सभी राज्यवासियों से अपील है कि इस कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें। बाल श्रमिकों का नियोजन न करें और नियोजन करने वाले को भी रोकें

बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु जिला के उपायुक्त/श्रम कार्यालय अथवा टॉल फ्री नंबर-18003456526 पर सूचित करें।

"बच्चों को पढ़ने दें उन्हें आगे बढ़ने दें"

PR NO-299770 (Labour Employment and Traning) 23-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

उपायुक्त ने विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की

उपायुक्त ने मनरेगा में खराब प्रदर्शन करने वाले बीडीओ व बीपीओ को लगाई फटकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में रविवार को विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो योजना, पंचायत सचिवालय, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय, पेंशन वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, पेयजल एवं स्वच्छता, ऊर्जा, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण अंतर्गत पंचायत स्तरीय दवा दुकान, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय सहित राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की।बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने मनरेगा योजना में खराब प्रदर्शन करने वाले बीडीओ और बीपीओ को फटकार लगाई। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को वीर शहीद पोटो हो योजना, आंगनबाड़ी बिल्डिंग भवनों के निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना को तीन दिन में पूरा करने के निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक सप्ताह हर गांव में 5 योजना चालू रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को पीएम आवास योजना में सभी प्रखंडो में 90 प्रतिशत योजना पूर्ण करने और तीसरा क़िस्त रिलीज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्री- मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक के वैसे बच्चे जो छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं, उन्हें छात्रवृत्ति देने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने मॉडल आंगनबाड़ी योजना में कितनी योजना चालू है और कितनी चालू नही है, संबंधित पदाधिकारी को इसकी रिपोर्ट देने और शत प्रतिशत योजना चालू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने केसीसी योजना की लंबित मामलों की रिपोर्ट देने और इ केवाईसी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से करवाने का निर्देश सबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने पशुधन योजना की प्रगति की पिछले 2 वर्ष की रिपोर्ट देने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। वंही डीएमएफटी के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की प्रगति पर जोर देने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सभी एसडीओ, सहायक समाहर्ता, डीएसओ, सभी बीडीओ, सभी अंचलाधिकारी सहित सभी विभागों के पदाधिकारी व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

भगवान सूर्य का विशाल प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा बुधवार को

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : विश्व विख्यात श्री बंशीधर मंदिर के सटे बांकी नदी के तट पर स्थित अतिप्राचीन सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य का विशाल प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा बाबा बंशीधर मंदिर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 14 जून दिन बुधवार को किया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने बताया कि आगामी 12 जून दिन सोमवार की सुबह 7 बजे से सूर्य मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली जाएगी. भगवान सूर्य के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना किया जाएगा. उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश से आ रहे विद्वान ब्राह्मण आचार्यो के द्वारा भगवान सूर्य का प्राण प्रतिष्ठा कराया जाएगा. वही आगामी 14 जून को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है. उन्होंने भगवान के प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील किया है. इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के हजारी प्रसाद, जयप्रकाश नारायण, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, मनदीप प्रसाद कमलापुरी, नागेंद्र प्रसाद, राजन कुमार, नंदू लाल, सुजीत लाल अग्रवाल, अनिल प्रसाद, सुरेश विश्वकर्मा सहित अन्य लोग अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

कृषक मित्र पर लगाए गए सारे आरोप निराधार : पिंटू

पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तेंदुई के मुखिया पति अरविंद कुमार सिंह के द्वारा बीते दिनों कृषक मित्रों पर अवैध उगाही का आरोप लगाया था। उन आरोपों का खंडन करते हुए प्रखंड अध्यक्ष सह कृषक मित्र सुशील कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सारे कृषक मित्र अपना अपना कार्य इमानदारी पूर्वक कर रहे हैं कृषक मित्र पर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद है हम सभी कृषक मित्र निष्पक्ष जांच के लिए तैयार हैं अगर जांच में कोई दोषी पाया जाता है तो कार्रवाई की जाए। इस तरह के निराधार आरोप लगाए जाने के कारण कर्मठ कृषक मित्रों का मनोबल गिरता है जो किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं है।

ऋषि परम्परा की अक्षुण्णता को बनाए रखने के लिए पूज्य स्वामी जी दृढ़ प्रतिज्ञ हैं



बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): समाज को उपदेशित करने के दायित्वबोध से अनुप्राणित होने के कारण विभिन्न कालखंडों में संत महात्मा परिव्राजक जीवन की गरिमा को आत्मसात करते हैं। उसी ऋषि परम्परा की गरिमा को पल्लवित एवं पुष्पित करते हुए श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी संकल्प व्रती परिव्राजक त्रिदण्डी संन्यासी के रुप में पूरे भारत वर्ष में जाने जाते हैं। ऋषि परम्परा की अक्षुण्णता को बनाए रखने के लिए पूज्य स्वामी जी दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। स्वामी जी की भक्ति रूपी साधना से संपूर्ण मानव समाज लाभान्वित होता है। ऐसे तत्त्वदर्शी संत के दर्शन मात्र से ही मानव जीवन कृतार्थ हो जाता है। पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज का सम्पूर्ण वैष्णव जीवन वैष्णवता एवं मानवता के विमर्श पर केंद्रित है। वे वैष्णवता को मानवता का पर्याय मानते हैं और किसी दूसरे को पीड़ा नहीं पहुंचाने तथा दूसरे की पीड़ा को समझने को ही वैष्णवता मानते हैं।अपनी ओजपूर्ण वाणी एवं दृष्टांत पूर्ण कथा शैली से वैष्णव परंपरा को आगे बढ़ाने वाले दुनिया के महान संत सन्यासी पूज्य स्वामी जी महाराज वैष्णव भक्तों के अनुरोध पर मानवता के संवर्द्धन हेतु पांच माह तक विंध्य क्षेत्र में अवस्थित गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर के पाल्हे जतपुरा की पुण्य धरा पर प्रवास कर रहे हैं।श्री बंशीधर नगर की भूमि भगवान श्री मन्नारायण को अत्यंत पसंद है। कभी वे अपने अर्चावतार श्री बंशीधर भगवान के रूप मे यहां विराजमान होते हैं, कभी अपने दिव्यांश से युक्त ऋषि परंपरा के ध्वजवाहक पूज्य श्री त्रिदण्डी स्वामी जी के रूप में चातुर्मास्?य व्रत प्रवास करते हैं तो कभी अपने प्रभांश पूज्य श्री जीयर स्वामी जी के रुप में यहां चातुर्मास्?य व्रत हेतु विराजमान होते हैं। झारखंड राज्य की धरती पर पहली बार पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में समतामूर्ति संत पूज्य श्री भाष्यकार श्री रामानुजाचार्य स्वामी जी का सहस्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 25 अलग अलग यज्ञ मंडपों में 1051 कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, अनेक धार्मिक अनुष्ठान, अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं अंतर्राष्ट्रीय भजन संध्या का भी आयोजन होगा।

केएन त्रिपाठी ने पानी की समस्या को लेकर पूर्व वार्ड पार्षदों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : शहर के परिसदन में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। मौके पर नगर निगम के सभी 35 वार्ड के वार्ड पार्षद मौजूद थे। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि निगम की बोर्ड भंग हो गई है अब निगम की बैठक नही हो रही है। जिसको लेकर सभी वार्ड के वार्ड पार्षद ने बैठक की पानी की समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि शहर के आवादगंज, निमिया, हमिदगंज, बैरिया, रेड़मा, बारालोटा, बेलवाटिका मुहल्ले में पानी की समस्याओं को लेकर कई बार फोन आ रहे है इसलिए पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी और सभी वार्ड पार्षद पलामू उपायुक्त और उप विकास आयुक्त से मिलकर 87 टैंकर पानी और अतिरिक्त शहर के विभिन्न वार्ड में देने की मांग करेंगे। क्योंकि और भी टैंकर से पानी वार्डो के लोगो को मिल रही है लेकिन इतना कम टैंकर से लोगो को पानी नही मिल पा रही है इसलिए 87 टैंकर पानी की और जरूरत है जिससे सभी वार्ड के लोगो को पानी मिल सकेगी और पानी की कमी नही होगी। वही फेज 2 की मंजूरी हमारे कार्यकाल में मिली थी लेकिन यहां के विधायक के द्वारा अभी तक फेज 2 का कार्य नही हुआ है अगर फेज 2 का कार्य पूर्ण हो जाये तो पानी की समस्या से लोगो को जूझना नही पड़ेगा।

राजद कार्यालय में धूमधाम से मना लालू प्रसाद यादव का 76 वां जन्मदिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : दलितों पिछड़ों की आवाज कहे जाने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 76 वां जन्मदिन हरिहरगंज स्थित राजद कार्यालय में रविवार को धूमधाम से मनाया गया । प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव के नेतृत्व में लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन की खुशी में राजद कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल रहा। राजद कार्यकर्ताओं ने अपने नेता के जन्मदिन को सामाजिक न्याय एवं सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर लालू प्रसाद यादव का जन्म दिवस मनाया । साथ ही उनके स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, प्रधान महासचिव पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पैक्स अध्यक्ष सह सत्येंद्र यादव, छात्र जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंसी, सत्येंद्र यादव उर्फ बीडीओ, विनोद यादव, सुरेंद्र भुइया, योगेंद्र यादव, राजकुमार गुप्ता, अशोक यादव, सुरेंद्र राम, जिला सचिव रंजीत पासवान, छात्र प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार, सूरज यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, अवधेश यादव, अनिरुद्ध जासवाल, हरेंद्र यादव, संजय राम, गोपाल यादव, अवधेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

पूर्व नप अध्यक्ष ने बभनी खाड़ डैम पर सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराने की किया मांग

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने जिले के उपायुक्त से नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बभनी खाड़ डैम पर सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराने की मांग किया है.पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बभनी खांड डैम जिसकी निविदा प्रक्रिया विगत दो माह पहले ही अमृत टू योजना अंतर्गत किया जा चुका है.इस कार्य को पूर्णरूप से धरातल पर उतर जाने से वहां के लोगो को रोजगार भी उपलब्ध होता साथ ही इस तरह की घटनाओं पर भी रोक लग जाता.उन्होंने कहा है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से डैम पर सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराया जाय ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नही हो.उन्होंने डैम सुंदरीकरण कार्य भी जल्द से जल्द कराने का अनुरोध किया हैं।

पिपरा थाना में महिला पुलिसकर्मियों की हो तैनाती : रामाशीष

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरा : पिपरा प्रखंड राजद अध्यक्ष रामाशीष पासवान ने पलामू प्रशासन से मांग किया है कि पिपरा थाना में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती अति आवश्यक है महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के बाद प्रखंड क्षेत्र की माताएं बहने बेझिझक उनसे अपनी बातों को साझा कर सकेंगे। प्रखंड क्षेत्र मे महिलाओं के शिकायत के मामले काफी बढ़ गए हैं। महिला पुलिसकर्मी पिपरा थाना में नहीं होने के कारण दोषी महिला को भी पुरुष पुलिसकर्मियों के द्वारा गिरफ्तार किया जाता है या कभी-कभी किसी मामले में उनसे सख्ती के साथ पूछताछ नहीं हो पाती है क्योंकि महिला पुलिस कर्मियों की यहां तैनाती नहीं है। मैं प्रखंड के जनता की ओर से पलामू प्रशासन से आग्रह करता हूं कि अभिलंब पिपरा थाना में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए जिसके लिए हम सभी प्रखंड वासी पलामू प्रशासन के हमेशा आभारी रहेंगे। मौके पर संभव सिंह अखिलेश यादव भोला कुमार धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे।

पानी की तलाश में कुएं में गिरी नीलगाय, ग्रामीण वन कर्मियों की सहयोग से बचाया जा सका जान

प्रभात मंत्र संवादाता

विश्रामपुर : विश्रामपुर थाना क्षेत्र के पंजरी गांव में पानी की तलाश में भटककर बस्ती में आई एक नीलगाय शनिवार की रात कुएं में गिर गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से नीलगाय को बाहर निकालकर छोड़ा। पंजरी गांव निवासी देवेंद्र पाठक ने बताया कि गांव की अधिसंख्य जल स्रोत सहित कुआं आदि सूख गए है। गांव का एकमात्र यह हुआ जिसमें पानी बचा है। जहां प्रत्येक सुबह लोग पहुंचकर अपनी जानवरों को पानी पिलाते हैं। इसी क्रम में कुआं के पास पहुंचे लोगों ने कुएं के भीतर तड़पते एक नील गाय के बछड़े को देखा। साथ हीं ग्रामीणों को समझते देर नहीं लगी कि प्यास से व्याकुल नीलगाय रात के अंधेरे में किसी समय कुएं में गिर गई। ग्रामीणों के द्वारा उसे बाहर निकालने का हर संभव प्रयास किया गया। लेकिन सफलता नहीं मिली। तत्काल ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग के वनरक्षी अभिषेक पांडेय को जानकारी दी गई। इसे गंभीरता से लेते हुए वन विभाग के अन्य कर्मियों के साथ स्थल पर पहुंचे। जहां वन कर्मियों व ग्रामीणों के सहयोग से नीलगाय को बाहर निकला गया। इस दौरान उसे प्राथमिक उपचार के बाद वनकर्मियों द्वारा छोड़ दिया गया। कुएं की गहराई कम होने के कारण नीलगाय के सही सलामत बचने से ग्रामीणों के साथ वनकर्मियों ने भी राहत की सांस ली। **जलस्त्रोतों में हो पानी का प्रबंध : देवेंद्र** प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त जल संकट पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। वन क्षेत्र में स्थित जलस्त्रोतों के सूख जाने के कारण जहां वन्य जीव तेजी से रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। जहां पानी की तलाश में घायल भी हो रहे हैं। इसके साथ ही रिहायशी इलाकों में अचानक जंगली जीवों की आमद से नागरिकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रखंड व जिला प्रशासन जल स्त्रोतों में पानी की प्रबंध करें। उक्त बातें पंजरी गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र कुमार पाठक ने कहा। रविवार की सुबह गांव कुएं में गिरी नीलगाय को निकालने की बाद वन कर्मियों सहित लोगों से बात कर रहे थे। कहा कि सूखे तालाब को गहरी कर जल स्त्रोतों को जागृत कर सकते हैं। प्रत्येक वर्ष मनरेगा या अन्य योजनाओं से आहर, पोखर व तालाब खुदे जा रहे हैं। लेकिन उसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा। योजनाएं केवल लोगों की पैसों की जरूरत पूरी कर रही है। प्रशासन गंभीरता से ध्यान देते हुए जल स्त्रोतों में पानी का प्रबंध करें। ताकि जंगली जानवर ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर मौत का शिकार ना बने।

फ्रॉड के झांसे में आकर गवां दिए 93 हजार

केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता): इन दिनों साइबर क्राइम ऑनलाइन पैसा फ़्रॉड का खेल क्षेत्र में लगातार सुनने व देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीण फ्रॉड के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई को गवां रहे हैं। ऐसा ही एक मामला क्षेत्र में फिर देखने को मिला है। उक्त घटना मुकुंदपुर पंचायत के बेलावार गांव के मेराजुद्दीन अंसारी पिता अलीकरिम मिया के साथ घटित हुई है। फ्रॉड द्वारा दिए गए प्रलोभन के चक्कर में आकर उन्होंने अपने एसबीआई अकाउंट से तीन क़िस्त में 93000 हजार रु गवां दिया है। पीड़िता ने बताया कि दो दिन पहले मेरे मोबाइल पर जरेडा कंपनी का कर्मी बनकर फोन किया गया और कहां गया की तीन वर्ष पहले जो आपने सोलर पंप के लिए फॉर्म भरा था वह स्वीकृत हो गया है लेकिन भेजने से पहले रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा रजिस्ट्रेशन करने के लिए आपके मोबाइल पर जो एसएमएस आएगा उसे पुनः मेरे पास फॉरवर्ड कर देना है। जब उन्होंने फॉरवर्ड किया इसके पश्चात उनके अकाउंट से 10 जून रात्रि 8:30 बजे के करीब पहला 49000 हजार, दूसरा 22000 हजार, तीसरा 22000 हजार रुपए कट गए तत्पश्चात डेबिट का मैसेज देख उनका होश उड़ गया। उन्होंने कहा कि मैं अपने घरेलू कार्य करने के लिए पैसे को इकट्ठा किया था परंतु मेरे साथ फ़्रॉड हो जाने के कारण मेरा सपना चकनाचूर हो गया जिससे मैं काफी मर्माहत हु।

महुंगावा में ग्रामीणों के विरोध पर पीसीसी सड़क निर्माण पर लगी रोक, सड़क पीसीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड के महूगावां गांव में निर्माणाधीन पीसीसी पथ निर्माण कार्य पर एनआरपी के कार्यपालक अभियंता ने रोक लगा दी है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग को लेकर उपायुक्त, डीपीओ व कार्यपालक अभियंता को आवेदन दिया था। आवेदन में ग्रामीणों का आरोप है कि पीसीसी पथ का निर्माण रैयती भूमि में संवेदक द्वारा जबरन बनाया जा रहा है। साथ ही इस पीसीसी पथ से एक भी ग्रामीणों को लाभ नहीं है। संवेदक द्वारा अपने निजी लाभ के लिए पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्रामीण विकास सचिव से भी की थी। ग्रामीणों की शिकायत पर डीपीओ एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा था कि प्रथम दृष्टया में यह योजना अनुपयोगी है। इधर, एनआरपी के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर कार्य पर तत्काल रोक लगा दिया गया है। इसके बाद योजना की उच्चस्तरीय जांच करायी जाएगी। जांच के बाद यदि यह प्रमाणित हो जाता है कि योजना गैर उपयोगी होगी तो इस मामले में संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। आवेदन देकर शिकायत करने वालों में महुंगावा पंचायत की मुखिया धनवन्ती देवी, दिलीप तिवारी, विमलेश तिवारी, बीरेंद्र पांडेय, दीनानाथ तिवारी, प्रदीप चौरसिया, ध्रुप शर्मा, धर्मदेव तिवारी, विक्की पांडेय, घुरन भुइयां, सुनील पांडेय, हरेंद्र पांडेय, आदित्य पांडेय, अरविंद पाण्डेय आदि शामिल हैं।

गांव के महिलाओं के नाम पर समूह से लाखों रुपये लोन लेकर फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर : भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में दस बीस महिलाए का समूह बना कर अनेकों फाइनेंस कंपनी के द्वारा आधार कार्ड से लोन देने की वर्षो से सिलसिला चलाता आ रहा है, जिसमे एक महिला ने लाखो रुपए लेकर हुई फरार। बताया जा रहा है की ग्राम बुका निवासी ललिता देवी पति जितेंद्र यादव ने विभिन्न समूह से ऋण निकलवाकर लाखो रुपए गमन कर फरार हो गई। जिसे सभी महिलाए ने थाना में आवदेन देकर करवाई की मांग की है, आवेदन में जिक्र है की ललिता देवी ने फर्जी आधार कार्ड और फोटो लगाकर लोन ली थी। लेने की बाद कुछ दिनो तक ऋण चुकाई थी.लेकीन जब ललिता देवी की लोन नही भराने लगा तो अन्य महिलाए घर पर जाकर देखा तो ललिता देवी घर से कुछ दिन पहले ही फरार हो गई थी। लोन कंपनी प्रभात फाइनेंस, उत्कर्ष फाइनेंस, बंधन फाइनेंस, स्वतन्त्र फाइनेंस, सभी कुल लगभग डेढ़ दर्जन फाइनेंस से ऋण लेकर फरार हो गई है। उपस्थित रीना देवी, रानू देवी, कुशुम देवी, संगीता देवी, आरती देवी, सुनीता देवी, लीलावती देवी, कुमारी देवी, मीरा देवी, लिलम देवी, रानी देवी, बिमला देवी, सोभा देवी, शीला देवी, सुनीता देवि, सिलवंती देवि, मीना देवी, चिन्ता देवी, जयंती देवी, आरती देवी, अनीता देवी, गिरजा देवी, सरिता देवी, प्रमिला देवी, आदि महिलाएं ने थाना में आवेदन देकर खोजबिन व कारवाई की मांग की है।

बिजली कटौती से परेशान हैं पांडू प्रखंड वासी

पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): पांडू प्रखंड में लगातार दिनभर बिजली कटौती से प्रखंडवासी परेशान हो रहे हैं। एक तरफ कड़ाके की गर्मी दूसरी तरफ बिजली की आंख मिचौली लोग बिजली के बिना दिन भर परेशान हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग ग्रामीणों को परेशान करके रखे हुए है। लोग अब बिजली विभाग के रवैये से परेशान है बता दें कि पूरे प्रखंड में लगातार कई दिनों से दिनभर बिजली आँख मिचौली कर रही है। जिसके कारण लोगों का बिजली संबंधित किसी भी तरह का काम नहीं हो पा रहा है। कहा कि विभाग सिर्फ बिजली बिल लेने जानती है। प्रखंड में लगातार 2 घण्टा बिजली लोगों को नहीं मिल पा रही है। ऐसे में लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। कभी भी लोग सड़क पर बिजली विभाग के खिलाफ उतर कर आंदोलन कर सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

रांची के ग्रामीण इलाकों में सड़क पर उतरे बंद समर्थक

रांची : झारखंड सरकार की 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ बुलाये गए झारखंड बंद के दूसरे दिन रविवार को सुबह से ही रांची के ग्रामीण इलाकों में बंद समर्थक सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रमुख देवेंद्र नाथ महतो राहे, टाटीसिल्वे, बुंडू, सिल्ली में अपने समर्थकों के साथ दुकान और बाजार को बंद करा रहे। रांची जिला बुंडू स्थित टॉल प्लाजा के समीप एन एच 33 को बंद समर्थकों ने जाम कर दिया है। वहीं दूसरी ओर ओरमांझी के पास रांची -पटना हाईवे को सुबह में जाम कर दिया था। लेकिन थाना प्रभारी ओरमांझी ने बताया कि सड़क कहीं जाम नहीं हुआ है। रांची में बंद के मद्देनजर सुबह से ही पुलिस हर चौक चौराहे पर तैनात हैं। रांची के शहरी इलाके में अब तक कहीं जीवन समर्थक सड़कों पर नहीं उतरे हैं। बंद के मद्देनजर सभी थाना प्रभारी अपने-अपने इलाके में पेट्रोलिंग करते नजर आ रहे हैं।

झारखंड बंद के दूसरे दिन प्रदर्शनकारियों ने रांची-पटना हाइवे को किया जाम

रांची : झारखंड में नियोजन नीति के विरोध में झारखंड यूथ एसोसिएशन की ओर से 10 और 11 जून को झारखंड बंद आहूत किया गया है। बंद के दूसरे दिन रविवार को प्रदर्शनकारियों ने ओरमांझी के पास रांची-पटना हाईवे को सुबह से जाम कर दिया है, जिससे उस मार्ग में आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। रांची पटना हाईवे में गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी है। लोग घंटों से जाम में फंसे हुए हैं। हालांकि दूसरे दिन भी पुलिस अलर्ट मोड पर है, ताकि बंद समर्थकों से निपटा जा सके। रांची में 1200 पुलिस जवान तैनात किये गये हैं।

रांची : असफल रहा बंद सड़क पर दिखे लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार के 60/40 नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के दो दिवसीय झारखंड बंद का रविवार को आखिरी दिन भी शहर और इस पास में चहल पहल देखी गई । जिला पुलिस प्रशासन के डर से सर्मथक दुबके रहे व रोड पर नजर नहीं आए, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह में बंद सर्मथक रोड पर कुछ समय के लिए उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

रातू,कांके , नामकुम क्षेत्र में बंद समर्थक चौक में बांस बल्ली से सड़क को जाम कर नारेबाजी किया। प्रदर्शनकारियों ने ओरमांझी रोड सुबह 6 बजे से जाम कर दिया है। जिससे उस मार्ग में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है।

गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

छाया : नसीम

लंबी दूरी से सफर करने वाले लोग जाम में घंटों फंसे रहे। वही मेन रोड, रातू रोड, कांटा टोली ,डोरंडा ,हरमू ,धुर्वा, किशोरगंज, करम टोली, सिरम टोली, सभी तरफ में गाड़ियों का आवागमन सुचारू रूप से होता रहा।

चिलचिलाती धूप और रविवार के दिन होने के बावजूद भी लोग सड़क पर दिखे और इस तरह लोगों को देखने के बाद यह सुनिश्चित हो गया, कि जो लोग 60/40 के विरोध कर रहे हैं उनके समर्थन में नहीं है, और सरकार की नियोजन नीति 60/40 को पसंद कर रहे हैं।

गांव-आंगन तक योग को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है : डॉ फजलुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आयुष विभाग के निदेशक डॉक्टर फजलुर शमी ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्यनजर सात दिवसीय योग का काउंटडाउन 15 जून से राज्य योग केंद्र रांची में शुरू होगा जो 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को समाप्त होगा।

उन्होंने बताया कि पूरे राज्य के सभी वैलनेस सेंटर में एनजीओ के माध्यम से योग प्रशिक्षक की सेवा ली जा रही है। हर गांव - आंगन तक योग को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

आज राज्य योग केंद्र मे योगाभ्यास के विशेष सत्र के दौरान उन्होंने यह बातें कहीं। इस अवसर पर रांची जिला आयुष पदाधिकारी डॉ सच्चिदानंद सिंह एवं राज्य योग केंद्र प्रभारी डॉ मुकुल कुमार दीक्षित एवं अन्य चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

विशेष सत्र में राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी दी।

काउंटडाउन का कार्यक्रम इस प्रकार होगा

15 जून 2023
सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकोल का अभ्यास
शाम तक 4 बजे से 6 बजे तक भाषण प्रतियोगिता

16 जून 2023
सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकोल का अभ्यास
शाम 4 बजे से 6 बजे तक योगासन प्रतियोगिता (सीनियर)

17 जून 2023
सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकोल का अभ्यास
शाम 4 बजे से 6 बजे तक योगासन प्रतियोगिता (जूनियर)

18 जून 2023
सुबह 6 बजे से 8 बजे तक रन फॉर योगा एवम
अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकोल
शाम 4 बजे से 6 बजे तक चित्रांकन प्रतियोगिता

19 जून 2023
सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास
शाम 4 बजे से 6 बजे तक बच्चों का योगाभ्यास

20 जून 2023
सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास
शाम 4 बजे से 6 बजे तक रिदमिक, आर्टिस्टिक, एडवांस योगा और पुरस्कार वितरण समारोह

21 जून 2023
सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास
शाम 6 बजे बजे तक समापन समारोह

बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी बढ़ाई जाए : अजय राय

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। के .रवि कुमार शिक्षा सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार को बढ़ती गर्मी को देखते हुए त्राहिमाम पत्र लिखा है। झारखंड अभिभावक संघ की ओर से लिखे गए पत्र में अजय राय ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों के मौसम में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है ,वही लू चलने से लोग घरों से निकल नही पा रहे है वही हर हॉस्पिटल में लू लगने के कारण मरीजों की संख्या बढ़ रही है जिसमें बच्चों की संख्या ज्यादा है । पारा बढ़ने के कारण गर्मी काफी है और हालात काफी बदतर हो गई हैं इन परिस्थितियों में राज्य के सभी जिलों में सरकारी गैर सरकारी स्कूलों की छुट्टी में विस्तार किया जाना चाहिए ताकि बच्चों को गर्मी के थपेड़ों से बचाया जा सके। अजय राय ने कहा कि राजधानी रांची सहित जमशेदपुर, धनबाद,बोकारो ,गिरीडीह, देवघर, दुमका गोंडा पलामू,गढ़वा सहित अन्य जिलों में तापमान 45 डिग्री से ज्यादा हो चुका है ऐसे हालात में बच्चों को कैसे स्कूल भेजा जा सकता है।बच्चों के स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए स्कूल के छुट्टी को और बढ़ाई जाए ताकि होने वाली परेशानी से इनको बचाया जा सके । चुकी लगभग हर जिले में स्कूल का संचालन सोमवार से शुरू हो जाएगा इन परिस्थितियों में आपके आदेश ही एकमात्र सहारा है अभिभावकों के लिए। पत्र की एक प्रति रांची उपायुक्त को भी भेजा गया है।

रिम्स में पड़े 33 अज्ञात शवों का मुक्ति संस्था ने किया अंतिम संस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी तट पर 33 अज्ञात शवों का सामूहिक दाह संस्कार पूरे रीति रिवाज से किया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने मुखाग्नि दी। उन्होंने बताया कि संस्था की ने अब तक 1567 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। दाह संस्कार के लिए संस्था के सदस्य सुबह से ही शवों को पैक करने में लग गए फिर सभी शवों को जुमार नदी तट ले जाकर सामूहिक चिता सजाई गई। अंत में पूरे विधि-विधान से सामूहिक रूप से शवों का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर

रवि अग्रवाल, आदित्य राजगढ़िया, रतन अग्रवाल,आर के गांधी, दिनेश, संदीप पपनेजा,आशीष भाटिया,आशुतोष अग्रवाल, सौरभ बथवाल,बलवीर जैन,मोती सिंह, नरेश प्रसाद,नवीन बजाज,विकाश सिंघानिया, नीरज खेतान, सुमित अग्रवाल, विकास विजयवर्गीय, सीताराम कौशिक, राहुल जायसवाल, संजय अग्रवाल, राजा गोयनका और हरीश नागपाल मौजूद रहे।

74 हेडमास्टर के भरोसे प्रदेश के मध्य और प्राथमिक विद्यालय : नसीम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि झारखंड अलग राज्य के बाद अब तक मध्य विद्यालय में एक भी हेडमास्टर का पद में प्रमोशन नहीं होने के कारण वर्तमान में प्रदेश के मिडिल स्कूलों में हेडमास्टर के कुल 3226 पद सृजित है, इनमें से वर्तमान में 3200 पद रिक्त है , वही सिर्फ 74 हेडमास्टर के भरोसे प्रदेश के मध्य और प्राथमिक विद्यालय को संचालित किया जा रहा है , यानी सिर्फ 2 फ़ीसदी स्कूलों में स्थाई हेडमास्टर है , जबकि 98त्न स्कूल प्रभारी हेडमास्टर के भरोसे संचालित किए जा रहे हैं। मालूम हो कि प्रत्येक माह हेडमास्टर सेवानिवृत्त हो रहे हैं , लेकिन उनके स्थान पर नियुक्ति नहीं हो रही है । हेडमास्टर की नियुक्ति के बिना स्कूलों में गुणवतापूर्ण शिक्षा की बात बेईमानी है राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रदेश के गरीब बच्चो को गुणवतापूर्ण शिक्षा बहाल की बात की दुहाई दे या फिर शिक्षा विभाग और अधिकारी बोले परंतु सच तो यह है हेडमास्टर का पद रिक्त होने के कारण सीधा असर स्कूलों के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों पर पड़ रहा है। स्थाई हेडमास्टर की तरह प्रभारी हेडमास्टर में आत्मविश्वास नहीं होता, क्योंकि प्रभारी हेडमास्टर को लगता है कि कुछ दिन के लिए ही बने हैं , स्थाई हेडमास्टर के आते ही पद से हट जाएंगे।

झारखंड जमीयतुल एराकीन के कनवीनर बने शाह उमैर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जमीयतुल ऐराकीन छोटानागपुर देही हल्का के नवनिर्वाचित अध्यक्ष-सचिव को रविवार को इटकी मदरसा इमदादुल उलुम परिसर में शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मौलाना मुनिर उददीन शमशी ने समाज के विकास और समाज में एकता लाने की शपथ दिलाई।

उन्होंने जमीयत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद जावेद अहमद बयासी, उपाध्यक्ष हाजी खुर्शीद अहमद, महासचिव परवेज आलम, उप सचिव मुर्तुजा हसन, कोषाध्यक्ष मो जाहिद को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन इस्लाहुल एराकीन इटकी के अध्यक्ष अकील अहमद की अध्यक्षता में हुई। जिसकी शुरुआत मदरसा के छात्र कारी मोहम्मद दानिश ने तिलावत कुरान पाक से की। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव को शपथ दिलाने के बाद कार्यकारिणी के सदस्यों को एक साथ शपथ दिलाई गई। रांची के समाजसेवी शाह उमैर को झारखंड का संयोजक चुना गया।

वहीं शाह उमैर ने सभी लोगो का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि अलग से कोई कमिटी बनाने की जरूरत नहीं बल्कि देही हल्का कमिटी को ही मजबूत करने की जरूरत है।

ट्रेलर की चपेट में आने से ऑटो चालक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : तुपुदाना ओपी क्षेत्र के दस माइल के पास रविवार को ट्रेलर की चपेट में आने से ऑटो चालाक जमील अंसारी की मौत हो गयी।

बताया जाता है कि तुपुदाना के सिलादोन गांव का रहने वाला जमील अंसारी ऑटो चालक था। हर दिन की तरह रविवार की सुबह भी वह अपनी ऑटो लेकर घर से निकला था। इसी दौरान तुपुदाना के दस माइल चौक के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर ने चांद के ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी।

ऑटो ड्राइवर ट्रेलर के चक्के में जा फंसा। ट्रेलर के चक्के में फंसने की वजह से चांद की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद ट्रेलर चालक ट्रेलर को बीच सड़क पर ही छोड़ फरार हो गया।जमील अंसारी की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने लगभग चार घंटे तक रांची-खूंटी सड़क जाम कर दिया था। मुआवजे को लेकर आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया था।

सड़क पर हंगामे की वजह से रांची-खूंटी हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। मौके पर पुलिस की टीम ग्रामीणों को समझाने पहुंची तो ग्रामीण पुलिस से भी उलझ गये। बाद में ओपी प्रभारी मीरा सिंह, बीडीओ, हटिया डीएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। ट्रेलर मालिक की ओर से मृतक के परिजन को 10 हजार तत्काल दिया गया।

तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड तलवारबाजी संघ के द्वारा तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन मोराबादी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में किया गया जिसका समापन रविवार को किया गया। इस समापन समारोह में झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष श्री अर्चित आनंद महासचिव श्री जयकुमार सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष कर्मवीर उराव उपस्थित थे,तलवारबाजी संघ के कोच रामाशीष सिंह एवं प्रेम उदय बैक खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया।

इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया एवं खेल के नए नियमों से अवगत हुए झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद ने बताया कि तलवारबाजी विश्व के प्राचीनतम खेलों में से एक है और ओलंपिक खेलों में दूसरा ऐसा खेल है जिसमे सबसे ज्यादा मेडल दिये जाते हैं।उन्होंने यह भी आश्वस्त किया की इस तरह का शिविर लगता रहेगा।इस केंद्र सभी तरह के आधुनिक उपकरण मौजूद हैं।

सभी प्रतिभागियों का अर्चित एवं जयकुमार सिन्हा ने हौसला बढ़ाया और अपने राज्य और देश का नाम रौशन करने हेतु शुभकामनाएँ दी।

इकरा कोचिंग सेंटर में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

रांची : इकरा कोचिंग सेंटर कंचन डी निरसा के संचालक अतहर हुसैन अंसारी के सौजन्य से मैट्रिक में अव्वल दर्जे से पास करने वाले बच्चे बच्चियों के लिए सम्मान समारोह रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अपनी बातों को रखा एवं पुरस्कार वितरण किया एवं भविष्य की दुआएं शुभकामनाएं दी मेरे साथ मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी महासचिव समीम अंसारी सईद अंसारी उपस्थित थे।

रांची झील के मुख्य घाट के नजदीक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । रांची झील बचाओ अभियान समिति राँची के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में समिति के द्वारा राँची झील को बचाने के लिए राँची झील के मुख्य घाट के समीप हस्ताक्षर अभियान चलाया गया ।

हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत विधायक राँची सी पी सिंह के द्वारा किया गया जिसके बाद राँची झील को बचाने के लिए सैकड़ो लोगो ने हस्ताक्षर किया ।समिति के लोगो ने विधायक राँची सिंह को राँची झील की दुर्दशा से अवगत कराया । सिंह ने समिति के लोगो से राँची झिलबकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं उसके समाधान के लिए

निगम प्रसाशन एवं राज्य सरकार से कल बात करने का आश्वासन दिया । मिश्रा ने बताया कि समिति के द्वारा लगातार पिछले 45 दिनों से राँची झील की साफ सफाई की मांग को लेकर सत्याग्रह किया जा रहा है । समिति ने पिछले 45 दिनों में राँची झील को बचाने के लिए जन जागरण अभियान , हस्ताक्षर अभियान , सत्याग्रह सहित विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे है ।

राँची झील बचाओ अभियान समिति के द्वारा उच्च न्यायालय से इस विषय को संज्ञान में लेकर राज्य सरकार एवं नगर निगम प्रशासन से अभिलंब राँची झील की साफ सफाई हेतु उचित कार्यवाही करने एवं राँची झील को बचाने के लिए उचित कदम उठाने का दिशा निर्देश दिए जाने की मांग की ।

मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार एवं निगम प्रशासन के द्वारा अभिलंब रांची झील में नाले के गंदे पानी के प्रवेश पे रोक लगाकर साफ सफाई हेतु उचित करवाई कराई जाए ।हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में रमेश केडिया लंकेश सिंह , गोपाल पारीक ,उपेंद्र रजक , टिंकु महतो , कैलाश पारीक , सुरेंद्र पासवान , विकी शर्मा , इंदर सिंह अनिल तिवारी जी मनोज शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

हाई कोर्ट के नए भवन में जजों के लिए कोर्ट रूम आवंटित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन में जजों के लिए कोर्ट रूम का आवंटन कर दिया गया है।

हाईकोर्ट के नए भवन में 25 कोर्ट रूम बनाए गए हैं। फिलहाल हाईकोर्ट में जजों की संख्या 20 है। इसलिए पांच कोर्ट रूम का आवंटन नहीं हुआ है।

कोर्ट नंबर 1- चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र , कोर्ट नंबर 2-जस्टिस एस चंद्रशेखर, कोर्ट नंबर 3-जस्टिस एस एन प्रसाद, कोर्ट नंबर 4- जस्टिस रंगोंन मुखोपाध्याय, कोर्ट नंबर 5- जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, कोर्ट नंबर 6- जस्टिस आनन्दा सेन,

कोर्ट नंबर 7- जस्टिस डॉ एस एन पाठक, कोर्ट नंबर 8- जस्टिस राजेश शंकर, कोर्ट

हाईकोर्ट के नए भवन में 25 कोर्ट रूम बनाए गए हैं।

नंबर 9- जस्टिस एके चौधरी, कोर्ट नंबर 10- जस्टिस राजेश कुमार, कोर्ट नंबर 11- जस्टिस अनुभा रावत चौधर, कोर्ट नंबर 12- जस्टिस के पी देव, कोर्ट नंबर 13- जस्टिस एस के द्विवेदी, कोर्ट नंबर 14- जस्टिस दीपक रौशन, कोर्ट नंबर 15- जस्टिस सुभाष चांद, कोर्ट नंबर 16- जस्टिस गौतम कुमार चौधरी, कोर्ट नंबर 17- जस्टिस अम्बुज नाथ, कोर्ट नंबर 18- जस्टिस नवनीत कुमार, कोर्ट नंबर 19- जस्टिस संजय प्रसाद और कोर्ट नंबर 20- जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव।

उत्पाद कमिश्नर ने बार का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में नशा के विरोध में औचक निरीक्षण बार में किया गया। पूर्वर्ती में उत्पाद कमिश्नर को ज्ञापन के द्वारा यह दिया गया था कि कम उम्र के बच्चो को दारू पिलाना अवैध है जो कि हम लोगों को सूचना मिला था कि बार में इवेंट में नियम का पालन नहीं हो रहा था ,उत्पात कमिश्नर ने उपायुक्त को पत्र के द्वारा यह निर्देश दिया था कि 21 वर्ष के नीचे बार इवेंट में बच्चों को नशा का पदार्थ नहीं देना है। नशा विरोधी अभियान के तहत

रविवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में लालपुर के कुछ बार में औचक निरीक्षण किया गई और यह औचक निरीक्षण रांची के सभी एरिया में चलाया जाएगा, ताकि युवा जो नशे की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं उनको सही दिशा और मार्गदर्शन मिले ।

लक्ष्मी नर्सिंगहोम में गर्भवती महिला की मौत परिजनों ने कहा हत्या का मुकदमा हो दर्ज

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण, लापरवाही का मामला आया सामने

मक़सूद आलम@प्रभात मन्त्र

पाकुड़ : शहर के तलवाडांगा में संचालित प्राइवेट नर्सिंगहोम में एकबार फिर गर्भवती महिला को जान गंवानी पड़ी।महिला का सही समय पर ईलाज नही होने के कारण अधिक रक्तस्राव हो जाने से मौत हो गई है।जबकि बच्चा स्वस्थ्य बताया जा रहा है।गर्भवती महिला के निधन के बाद परिजनों ने हंगामा करते हुए अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।परिजनों ने संचालक पर हत्त्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।उधर घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत,हिरणपुर के उप प्रमुख अब्दुल गनी मोमिन,नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित सदल बल घटना स्थल पहुंचकर मामले की जानकारी हासिल की।मृतिका रूपवान बीबी की मां आलिमा बीबी ने बताया कि मेरी बेटी गर्भवती थी। दर्द होने पर सोनाजोड़ी स्थित सदर अस्पताल में एडमिट कराया।अस्पताल के डॉक्टरों ने दो दिन लेट होने की बात बताई।इसपर गांव की सहिया हसीना बीबी ने प्राइवेट नर्सिंगहोम में ऑपरेशन कराने की सलाह दी।लेकिन हमने कहा बाजार में ही किसी भी नर्सिंगहोम में ऑपरेशन करा लेंगे।लेकिन सहिया ने जबर्दस्ती और दबाव बनाकर लक्ष्मी नर्सिंगहोम लेकर आ गई।इसके बाद यहां पर बच्ची को तड़पने के लिए छोड़ दिया।बच्चा जन्म देने के बाद अधिक रक्तस्राव के कारण मेरा बेटी का जान चली गई।बेटी की चीखने की आवाज सुनी हमने देखने के लिए बार बार आग्रह करती रही लेकिन अस्पताल के संचालक ने जाने नही दिया।आलिमा ने बताया कि जान बूझकर मेरी बेटी की हत्त्या की गई है।इस लिए हत्त्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

जिला परिषद उपाध्यक्ष ने संचालक पर लगाया गंभीर आरोप : जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत ने बताया कि क्योंकि पीड़ित परिवारहमारे क्षेत्र हिरणपुर ब्लॉक के मोहनपुर की रहने वाली है।मुझे परिजनों ने सूचना दिया।जैसे ही हमें सूचना मिली मैं नर्सिंगहोम पहुंचा।इसपर नर्सिंगहोम के संचालक द्वारा दुर्व्यवहार किया गया,मुझे गुंडा बताया गया।मुझे पाकुड की जनता ने जिला परिषद उपाध्यक्ष बनाया है।क्षेत्र की जनता के सुख दुख में खड़ा होना मेरा धर्म है।लोग अस्पताल सेवा लेने आते हैं,परंतु यहां हत्या कर दी जाती है।हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।अगर मुकदमा दर्ज नही होता है तो इसपर जल्द हमलोग आंदोलन करेंगे।उन्होंने जब एक जनप्रतिनिधि के साथ एक अस्पताल का संचालक ऐसा व्यवहार कर सकता है तो आमजनता के किया बर्ताव करता होगा सोचने वाली बात है।

सीएस के निर्देश पर जांच करने पहुंची टीम : गर्भवती महिला की मौत की खबर सुनकर सिविल सर्जन डॉक्टर एम के टेकड़ीवाल के निर्देश पर सदर अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर एस के झा और सीएचसी के डॉक्टर समरुल हक लक्ष्मी नर्सिंगहोम पहुंचे।टीम में शामिल डॉक्टरों ने एक एक कमरे का निरीक्षण किया।इसके बाद ऑपरेशन थियेटर का बारीकी से अवलोकन किया।अस्पताल के सूचना पट पर चस्पा किये डॉक्टरों की सूची से मिलान किया।सूचना पट पर अंकित किये गए डॉक्टरों को उपस्थित होने का निर्देश दिया परंतु कोई डॉक्टर हाजिर नही हुए।डॉक्टर एस के झा ने कहा कि सूचना पट पर जिन डॉक्टरों के नाम अंकित है वे डॉक्टर नही उपस्थित हुए।लापरवाही का मामला सामने आया है।इसकी रिपोर्ट वरीय अधिकारी को दी जाएगी।दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शा नही जाएगा।

पाकुड़ की दो बेटियों ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप रामगढ़ जिले के रजरप्पा में झारखंड एथलेटिक्स संघ एवं रामगढ़ जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है।उक्त प्रतियोगिता में पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ की ओर बालक/बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया था। उक्त राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के दो खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक।पदक विजेता खिलाड़ी अंडर 16 बालिका वर्ग में संगीता मरांडी (पकुड़िया) 1600 मी. की दूरी 6 मिनट 12 सेकेंड में पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया।वहीं सरस्वती मुर्मू (हिरणपुर) हाई जंप (ऊंची कूद) में 1.25 मी.की छलांग लगाकर

कांस्य पदक हासिल किया।उक्त दोनों खिलाड़ी वर्तमान में जिला प्रशासन एवं बी.जी.आर एंड इंफ्रा लिमिटेड के द्वारा संचालित जिला स्पोर्ट्स अकादमी में विगत 4 माह से जिला स्तर स्टेडियम बैंक कॉलोनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। दोनों पदक विजेता खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षक टीम प्रबंधक को उपायुक्त पाकुड़ वरुण रंजन,डीडीसी शाहिद अख्तर,जिला खेल पदाधिकारी आशुतोष कुमार,बीजीआर एवं पीसीपीएल एमडीओ रोहित रेड्डी, पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी, पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ सचिव रणवीर सिंह,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष ऐ. शेखर गांगुली, वरीय उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल,सुजीत विद्यार्थी,पंकज अग्रवाल,नारायण चंद्र रॉय,अशोक कुमार सिन्हा,प्रवीण कुमार,रेखा कुमारी,कृष्णा कुमार, दीपक सिंह,भैरव चुंडा मुर्मू आदि संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी ।

एंडवेर अकादमी के प्रवेश परीक्षा में आवेदन के लिए 5 दिन शेष

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : फ्री कोचिंग संस्थान एंडवेर अकादमी में नामांकन के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए मात्र 5 दिन शेष बचे है। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने सभी इच्छुक छात्रों से 16 जून तक आवेदन फॉर्म जमा करने की अपील की है। उपायुक्त के पहल पर जिले के 400 छात्रों को एंडवेर अकादमी के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निशुल्क कराई जाएगी। 18 जून को सदर प्रखंड के धनुषपुजा मध्य विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा के दो दिन बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। वहीं प्रवेश

परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों का नामांकन 21 से 30 जून तक लिया जाएगा। इसको लेकर सभी प्रखंड के बीआरसी कार्यालय में फॉर्म उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं 9 जून से ही प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए डीएसई कार्यालय में आवेदन फॉर्म जमा लिया जा रहा है। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 16 जून रखी गई है। उपायुक्त ने कहा कि आर्थिक दिक्कतों की वजह से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से वंचित रहने वाले छात्रों के लिए यह पहल किया गया है। अधिक से अधिक संख्या में छात्र प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर इसका लाभ उठा सकते है। उन्होंने बताया कि एंडवेर अकादमी में पढ़ने वाले छात्रों को निशुल्क शिक्षा के साथ- साथ मुफ्त में पठन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी।

उपायुक्त के निर्देश पर देर शाम चला अवैध परिवहन के खिलाफ जांच अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर जिले में लगातार अवैध परिवहन व खनन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।इसी के तहत शनिवार देर शाम जिले के विभिन्न इलाकों में अधिकारियों द्वारा अवैध परिवहन के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया।जांच के क्रम में 20 वाहनों की जांच की गई। जिसमें एक वाहन को बिना चालान व तीन वाहनों को चालान में अंकित मात्रा से अधिक मात्रा में परिवहन करते पकड़ा गया। इस दौरान अधिकारियों ने पाकुड़-शहरग्राम मुख्य सड़क के अलावा कशिला, कलिदासपुर,मानसिंहपुर आदि जगहों पर जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान अवैध परिवहन करते हुए पाए गए चार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जब्त किया है।अधिकारियों ने

पाकुड़-शहरग्राम सड़क पर चार कोयला लदा एवं दो पत्थर लोड वाहनों की माइनिंग चालान की जांच की। इस दौरान सभी वाहनों के पास माइनिंग चालान पाया गया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित के नेतृत्व में कशिला- कालिदासपुर एवं मानसिंहपुर में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आठ वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में तीन ट्रकों को चालान में अंकित मात्रा से अधिक वहन करते हुए पाया गया। वहीं एक वाहन को बिना चालान के पकड़ा गया।उक्त चार वाहनों पर कारवाई करते हुए जब्त कर संबंध थाने को सुपुर्द कर दिया गया है।उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि जिले में जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। राजस्व की चोरी किसी प्रकार से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वैसे लोगों को चिन्हित कर उस पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन एनके एरिया के सभी यूनिट पदाधिकारी का बैठक संपन्न

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन एन के क्षेत्र के सभी युनीट के अध्यक्ष सचिव की एक आवशयक बैठक डकरा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता देवपाल मुणडा ने किया। बैठक में वार्षिक सदस्यता को बढाने,संडे कटौती का जोरदार विरोध करने, प्रबधन से यथावत बहाल रखने की मांग किया गया। इस दौरान संडे कटौती के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। चर्चा में प्रबधन क्षेत्र के उत्पादन उत्पादकता व प्रेसण को बढाने हेतू सभी आवशयक कारवाई करने कि कोशिश करने चाहिए। मजदूरो पर आर्थिक हमला क्षेत्र का औधोगिक अशांति उत्पन कर सकता है। वही मोहन नगर में पानी आपूर्ति को बहाल करने, बिजली पानी की समस्या को लेकर महाप्रबंधक द्वारा निरक्षण के उपारांत अभी तक धरातल पर कोई काम नजर नहीं किया गया। जिसके कारण श्रमिको में आक्रोश व्याप्त है। इस बाबत 30 जून को क्षेत्रीय स्तर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।बैठक में डकरा परियोजना में नियमित परियोजना पदाधिकरी का नही होने के कारण श्रमिकों के कल्यान के कई मुददे पर ठोष निर्णय नही हो रहा है। बैठक में सुनील कुमार सिह, तिला महतो, कुबेर रजक , राघव चौबे, धिरज कुमार , ईदल कुमार , सुरेंद चौहान, प्रदिप प्रसाद, मुबारक खान, लाल बहादुर, विर बहादुर सहित सभी परियोजना के अध्यक्षक् सचिव उपस्थित थे।

बहेरा मे ग्रामीणो की हुई बैठक मे सीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा सामुदायिक भवन में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सिमरिया विधानसभा के समाजसेवी मनोज चंद्रा और संचालन इदरीस अंसारी ने किया।बैठक में क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वही युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विचार विमर्श किया गया।बैठक के दौरान आजसू पार्टी से निष्कासित मनोज चंद्रा ने 19 जून को झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामने की घोषणा की।इस संबंध में मनोज चंद्रा ने बताया कि 19 जून को सिमरिया कर्बला मैदान में झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का आगमन होने जा रहा है,जहां वह हजारों कार्यकर्ता के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।बैठक के दौरान उन्होंने बहेरा पंचायत,कल्याणपुर पंचायत,बेंती पंचायत के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 14 जून को टण्डवा के टाउन हॉल में प्रखण्ड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमे पंचायत के सभी लोगो को भाग लेने की अपील की।बैठक में चन्द्रदेव साहु,सलीम अख्तर,इकबाल हुसैन,मोहम्मद असलम, अब्दुल अंसारी,जुबेर आलम, हाजी जसीम,परवेज आलम, इदरीस अंसारी,मोहम्मद अब्बास,मोहम्मद जुल्फान, खुर्शीद अंसारी,लियाकत अंसारी,शकील अंसारी, मोहम्मद अनवर,मोहम्मद शाहिल,वसीम अकरम, मोहम्मद जाहीद,जमीर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गणेश स्पोटिंग क्लब के बच्चो का बेहतर प्रदर्शन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा रजरप्पा स्टेडियम मे चल रहे प्रथम झारखंड राज्य सब जुनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे गणेश स्पोटिंग क्लब राय की एथलेटिक्स खिलाड़ी अनोखी कुमारी ने ट्राइलॉन इवेंट मे दूसरा स्थान प्राप्त कर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किया है। ट्राइलॉन मे एक खिलाड़ी को कूल तीन इवेंट करना होता है,जैसे 60 मीटर दौड़, स्टेंडिंग बोर्ड जम्प एवं ऊंची कूद तीनो इवेंट मे बेहतर प्रदर्शन करने पर अनोखी कुमारी को इस प्रतियोगिता मे दूसरा स्थान मिला है।वही बालिका वर्ग मे 4म400 मीटर रीले दौड़ मे गणेश स्पोटिंग क्लब की पुनम कुमारी,दीपाली कुमारी,रानी कुमारी एवं संजु कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।सभी 6 बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ियो को झारखंड सरकार एवं सीसीएल के द्वारा पिछले कई वर्षो से नि शुल्क प्रशिक्षण,रहने के लिए होस्टल,खाने की सुविधा, खेल किट एवं 12वीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने सभी खिलाड़ियो को बधाई दी है।

डायन बिसाही के कोई भी आरोपी छूटेंगे नहीं व निर्दोष फसेंगे नहीं : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि इटकी प्रखंड के मल्टी गांव में डायन बिसाही का आरोप लगाकर की गई एक वृद्ध महिला की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसी घटनाएं सभ्य समाज में कभी भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी. उन्होंने कहा कि, ऐसी घटनाओं का खामियाजा न केवल मल्टी गांव के लोगों को भुगतना पड़ता है बल्कि झारखण्ड की बदनामी पूरे देश में होती है.

श्री तिर्की ने कहा कि, एक ओर जहाँ दुनिया इतनी तरक्की कर रही है वहीं यह अफ़सोस की बात है कि

हम अंधविश्वास में जकड़े हुए हैं. श्री तिर्की ने कहा कि मल्टी गांव में घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए जिम्मेदार सभी तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी वहीं दूसरी ओर किसी भी निर्दोष को फँसने भी नहीं देंगे.

इस अवसर पर बोलते हुए मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शिक्षा की कमी और जागरूकता के अभाव में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटती है. उन्होंने कहा कि डायन बिसाही जैसी घटनाएं अचानक से नहीं होती बल्कि इसकी सुगबुगाहट समाज में पहले से होती रहती है और ऐसी घटनाओं के लिए वे लोग भी पूरी तरीके से जिम्मेदार हैं जो किसी भी वैसी गंभीर या नकारात्मक सूचना को पुलिस या अन्य अधिकारियों, नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं तक पहुँचाने की बजाय अपने तक सीमित रखते हैं और इसका खामियाजा सभी को उठाना पड़ता है.

जमीयतुल ऐराकीन छोटानागपुर देही हल्का के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

इटकी : जमीयतुल ऐराकीन छोटानागपुर दही हल्का के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को रविवार को इटकी के मदरसा इमदादुल उलुम परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मंच संचालन कर्ता मौलाना मुनिरउद्दीन शमशी ने समाज के विकास और समाज में एकता लाने की शपथ दिलाई। उन्होंने जमीयत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद जावेद, सचिव परवेज आलम, सहित जमीयत के पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलाई।शपथ लेने वालों में हाजी खुर्शीद, मुर्तजा हसन, मोहम्मद जाहिद शामिल हैं। इस्लाहुल ऐराकीन इटकी के सदर अकील अहमद के अध्यक्षता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी शुरुआत मदरसा के छात्र कारी मोहम्मद दानिश ने कलामे पाक की तिलावत से की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव को शपथ दिलाने के बाद कार्यकारिणी के सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जावेद ने कहा कि समाज के विकास को मुकाम देना है। समाज में व्याप्त कुरीतियों

को खत्म करने के लिए समर्पित रूप से सभी को मिल कर काम करना होगा. खुर्शीद हसन रूमी ने भी सभा को संबोधित करते हुए कई अहम सुझाव दिया ।जमीयतुल ऐराकीन छोटानागपुर दही हल्का के सभा में रांची के जाने माने समाजी कारकुन शाह उमैर को झारखंड का संयोजक चुना गया। उन्होंने अपने समय के कामों की चर्चा के दौरान सभी का शुक्रिया अदा किया. मौके पर हाजी मोइनुद्दीन, हाजी मसीहुद्दीन, अब्दुल कयूम, हाजी एनामुल हक, हाजी रिजवान, परवेज़ राजा, मास्टर जुबेर, मास्टर सज्जाद, हाजी नसीम, तफज्जुल हुसैन, ईबेशाद आलम सहित अन्य लोग मौजूद थे

छोटा गोविन्दपुर पंचायत के हाट बाजार दुर्गा पूजा मैदान में जनता दरबार आज

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): जमशेदपुर प्रखण्ड अंतर्गत छोटा गोविन्दपुर पंचायत के हाट बाजार दुर्गा पूजा मैदान में कल 12 जून को पूर्वाह्न 10:30 बजे से जनता दरबार आयोजित किया गया है । इस अवसर पर 18 विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं का स्टॉल लगाया जायेगा। सरकारी के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ योजनाओं से आच्छादित करने हेतु मौके पर आमजनों से आवेदन भी जमा लिया जाएगा। उपायुक्त विजया जाधव द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारी को जनता दरबार में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। जनता दरबार में स्वास्थ्य जांच, दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, छात्रवृत्ति, पोशाक वितरण, सावित्रीबाई फुले योजना, गर्भवति महिलाओं का स्वास्थ्य जांच, बैसाखी, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल आदि का वितरण, पारिवारिक लाभ, सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, नियोजन के लिए रजिस्ट्रेशन, केसीसी, बैंक ऋण तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं से आमजनों को आच्छादित करने हेतु आवेदन लिए जाएंगे।

कुचाई के सुराबेडा गांव में 17 से दो दिवसीय मेला व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत के सुराबेडा गांव के टोला मुरडीह में कर्तव्य मेला समिति की ओर से आगामी 17 व 18 जून को दो दिवसीय मेला सह? रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। डांस प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 300 रुपया रखा गया है। एवं टीमों की संख्या 32 है। डांस प्रतियोगिता 17 जून शनिवार रात्रि 8:00 बजे से स्थानीय मुखिया राम सोय के द्वारा विधिवत उद्घाटन कर शुभारंभ किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001/ एवं द्वितीय पुरस्कार 4001/ नगद राशि के साथ विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित कर दिया जाएगा। उक्त जानकारी कर्तव्य मेला समिति के अध्यक्ष विकास सोय ने दिया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत का अभ्यास वर्ग गढ़वा में संपन्न

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत के अभ्यास वर्ग 8 से 11 जून गढ़वा में संपन्न हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रचनात्मक और सृजनात्मक विषयों पर गहन चर्चा और प्रशिक्षण दिया गया। ताकि वे समाज, राष्ट्र और शैक्षणिक संस्थानों में अच्छी तरीके से कार्य कर सकें। इस वर्ग में मुख्य रूप से अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक और प्रदेश के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। अब वर्ष भर के समारोह सत्रों में आगामी एक वर्ष के लिए जिला, विभाग, विश्वविद्यालय के दायित्व का घोषणा किया गया। सरायकेला खरसावां के कृतिभूषण प्रमाणिक को कोल्हान विभाग संयोजक, डॉ विनय कुमार जिला अध्यक्ष, लक्ष्मण स्वांई उर्फ बिकास जिला संयोजक एवं समीर उर्फ मनीष जिला सह संयोजक बने।

मारवाड़ी युवा मंच के शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रह

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला शाखा द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर श्रीराम हौंडा सरायकेला के सौजन्य से संपन्न किया गया जिसमें 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडलीय पदाधिकारी सरायकेला रामकृष्ण कुमार, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज चौधरी एवं मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उक्त अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वयं रक्तदान कर मिसाल पेश की। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अभिषेक सेकसरिया थे। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, केशव चौधरी, हनी चौधरी, आशीष अग्रवाल, अनमोल चौधरी, अनमोल सकसेरिया, केशव लोहरीवाल एवं अंकित अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

झारखंड बंद के दूसरे दिन बोड़ाम में व्यापक असर

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड में नई नियोजन नीति 60-40 के विरोध व खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने की मांग पर स्टेट स्टूडेंट यूनियन के द्वारा बुलाये गए दो दिवसीय झाड़खंड बंद का दूसरा दिन रविवार को बोड़ाम बाजार में व्यापक असर रहा। यंहा स्टेट स्टूडेंट यूनियन व झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के आंदोलनकारीयों ने संयुक्त रूप से एवं शांतिपूर्ण तरीके से सड़क पर उतर कर सभी दुकानें बंद रखने की अपील की तो दुकानदारों ने भी बंद का समर्थन किया और पूरे दिन अपनी अपनी दुकानें बंद रखी। इस दौरान युवाओं ने झारखंड सरकार के 60- 40 नियोजन नीति के सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मेडिकल सुविधा को छोड़ सभी आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। छात्र नेता विश्वनाथ महतो ने कहा कि वर्तमान में झारखंड सरकार द्वारा 60/40 नियोजन नीति लाया जा रहा है और इसी नीति के आधार पर राज्य में तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के नौकरी में बहाली लेने की तैयारी की जा रही है जो राज्य के स्थानीय युवाओं के विरुद्ध है। इस दौरान मुख्य रूप से विश्वनाथ महतो, गिरीश महतो, कृष्णा रजक, महादेव महतो, आकाश महतो, रंजन गोप, बरूण प्रमाणिक, आदित्य महतो, अजीत कुमार महतो,स्वपन कुमार, अमित महतो, किशोर कुमार महतो, आदि शामिल थे।

नियोजन नीति के विरोध में दूसरे दिन भी छात्र संघ ने खरसावां में दुकानों को किया बंद

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंडी भाषा का ध्यान संघर्ष समिति एवं संयुक्त झारखंड स्टूडेंट यूनियन के आह्वान पर राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए 60-40 नियोजन नीति के विरोध में झारखंड बंद के दूसरे दिन खरसावां के खेरसे मुंडा चौक पर प्रदर्शनकारियों ने रविवार की सुबह से ही खरसावां के सभी दुकानों को बंद रखा साथ ही खरसावां सरायकेला चाईबासा व कुचाई मुख्य मार्ग को जाम रखा। इस दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्र संघ ने 60-40 नाय चलतो कैसे लिया झारखंड लड़के लिया जैसे नारे लगाए. इस दौरान माल वाहक गाड़ियों की कतार बढ? गई। बस नहीं चली आमजनों को सफर करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही मौके पर चौक चौराहा पर पुलिस भी मौजूद रहे। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान किसी तरह के कोई हिंसक घटना को अंजाम नहीं दिया। करीब 10 घंटा प्रदर्शन करने के बाद शाम को प्रदर्शन बंद हुआ।धीरे-धीरे दुकानदार अपने दुकान खोले।

लोयला स्कूल में राजेश्वरी मोदी ने बताया जीवन जीने का नया अंदाज

आपके कार्य को कोई क्रेडिट दे या नहीं दे आप अपना सर्वोत्तम देना जारी रखे : राज दीदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : रविवार को लोयला स्कूल के फेसी ऑडिटोरियम में सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार टाटानगर की ओर से जीवन जीने का नया अंदाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर रेकी ग्रैंड मास्टर नारी रत्न राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) ने लगभग ढाई घंटे तक प्रशंसा, प्रेरणा व प्रोत्साहन से पाएं सुख, शांति, समृद्धि से संबंधित सकारात्मकता से भरे अपने विचार विस्तार से कई प्रसंग सुनाते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा जीवन दो जोन में बंटा है। ए यानि सकारात्मकता और बी यानि नकारात्मकता। उन्होंने दोनों जोन के बारे में कहानियों के माध्यम से समझाया। राज दीदी ने घर के सदस्यों सास-बहू, जेठानी, देवरानी, से लेकर दोस्तों के बीच की नकारात्मकता को दूर करने की चर्चा की। राज दीदी ने जीवन जीने के मंत्र के 5 -सूत्र भी सबसे साझा किये। उन्होंने कहा कि यदि कोई आपकी बुराई करें तो उसे नजर अंदाज करें। उसकी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदले। राज दीदी ने आगे कहा कि हर व्यक्ति के जुबान पर माँ सरस्वती विराजमान है। विचार, वाणी और व्यवहार की शुद्धता ही बेहतर जीवन का निर्माण करती हैं। आपके कार्य को कोई क्रेडिट दे या नहीं दे आप अपना सर्वोत्तम देना जारी रखे। संस्था की टाटानगर सेंटर हेड उमा अग्रवाल सुल्तानिया एवं उनकी मुख्य सहयोगी प्रीति अग्रवाल सुल्तानिया ने बताया कि एनआरएसपी लगातार सतयुग लाने के लिए काम कर रहा है, जहां लोग विचारों, शब्दों और कर्मों में सकारात्मक हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सरयू राय, मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय, समाजसेवी रतनलाल सुल्तानिया, मुरलीधर केडिया, अशोक भालोटिया, अशोक गोयल, विजय आनन्द मूनका, आनन्द चौधरी, मृदू शाही समेत सैकड़ों की संख्या में श्रोता मौजूद थे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से संतोष अग्रवाल सुल्तानिया, प्रमिला गोयल, संध्या मुरारका, शैल अग्रवाल सुल्तानिया, आशा चौधरी, सरला मुरारका, किरण अग्रवाल सुल्तानिया, विद्या अग्रवाल, पिंकी सिंह, स्मिता मुनका, सरिता अग्रवाल, लक्ष्मी भरतीया, सुधा अग्रवाल सुल्तानिया, सुषमा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

पुनसा गांव में लगे जलमीनार व चापाकल खराब डोभा का पानी पीने को मजबूर है ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : अखिल भारतीय झारखंड पार्टी के बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष यादव राय के नेतृत्व में रविवार को पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव गुरुचरण दास, जिलाध्यक्ष धरम पाल सिंह, उपाध्यक्ष अमित टुडू व सचिव गिरिधारी सिंह समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने बोड़ाम प्रखंड में दौरा करते हुए ग्रामीणों से मिले और समस्याओं पर चर्चा करते हुए सूचीबद्ध किए और बारी बारी से समाधान करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है। प्रखंड अध्यक्ष यादव राय ने बताया कि दौरे के क्रम में बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत पुनसा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए समस्याओं की जानकारी ली गई। जिसमें ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में 70 परिवारों के समक्ष पेयजल का घोर संकट है। क्योंकि गांव में लगे सभी चापाकल जलस्तर नीचे चल जाने के कारण पानी निकलना बंद हो गया है और सौर ऊर्जा संचालित जलमीनार भी मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हैं। फिलहाल सभी लोग जमीन (खेत) में बनाये गए डोभा से पानी लाकर प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क का समस्या भी बताते हुए समाधान करने की मांग रखी है। जर्जर सड़क में आवागमन के दौरान आये दिन दुर्घटना होती रहती है। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में दौरा का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान मुख्य रूप से रहिन कर्मकार, मेथर कर्मकार, दिलीप भुइयां, मंगल भुइयां, किसन भुइयां व बिरगु भुइयां समेत कई लोग मौजूद थे।

मिलन समारोह में विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने ली आजसू पार्टी की सदस्यता

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरुलडीह : कुकडू प्रखंड अंतर्गत एदेलडीह में आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित हुआ। मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो मौजूद थे। इस अवसर पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। आजसू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से कारकीडीह के ग्रामप्रधान अजय सिंह मुंडा, हेमंत सिंह मुंडा, बासुदेव महतो, अशोक कुमार, भूत नाथ सिंह मुंडा, दिलीप मंडल, शक्ति पदो मंडल, गोरांगो प्रामाणिक, सुकदेव प्रमाणिक, सुभाष महतो, महेश्वर सिंह लायक, अशोक कुमार महतो, युधिष्ठिर महतो आदि शामिल हैं। मौके पर हरेलाल महतो ने राज्य के हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला, कहा सरकार के गलत नीतियों के कारण युवाओं का वर्तमान और भविष्य दोनों ही बर्बाद हो रहा है। इस मौके पर ऋषिकेश महतो, तुलसी महतो, अशोक कुमार, भूतनाथ सिंह मुंडा, भीमनाथ महतो, मेघु प्रमाणिक, सुखदेव प्रमाणिक, विश्वरंजन महतो, हेमंत सिंह मुंडा, अजय सिंह मुंडा, असित मंडल, युधिष्ठिर महतो, अशोक कुमार महतो, प्रभाकर महतो आदि मौजूद थे।

76 पाउंड का केक काटकर मनाया गया लालू प्रसाद यादव का 76वां जन्मदिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : लालू विचार केंद्र, झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को गम्हरिया स्थित होटल द पर्ल में आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह लालू विचार केंद्र, झारखंड प्रदेश के संयोजक पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में राजद सुप्रीमो व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव का 76 वां जन्मदिन 76 पाउंड का केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। केक काटने के उपरांत पुरेंद्र नारायण सिंह ने लालू प्रसाद के चित्र पर तिलक लगाकर एवं आरती उतारकर उनके लंबी आयु की ईश्वर से दुआ मांगी। मौजूद सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक राजेश रसिक ने लालू प्रसाद यादव की जीवनी पर आधारित गीतों की प्रस्तुति कर समर्थकों की खूब ताली बटोरी। इस मौके पर पुरेंद्र नारायण ने लालू यादव की नीतियों, सिद्धांतों और कार्यक्रमों को वर्षभर जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले पांच सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर उपस्थित समर्थकों के बीच लालू प्रसाद यादव की जीवनी पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद सिद्धनाथ सिंह यादव, देव प्रकाश देवता, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका संध्या प्रधान, वीरेंद्र यादव, डॉ विजय कुमार सिंह, गोपाल प्रसाद, डीपी सिंह, श्याम सुंदर मालाकार, रामानंद भक्ता, कैलाश गुप्ता, रामा यादव, काशीनाथ सिंह, सुदर्शन सिंह, दंगल सिंह, विनोद कुशवाहा, राम इकबाल यादव, भूपेंद्र कुशवाहा, अबोध यादव, एसएन यादव, राजेश यादव, जय मंगल यादव, सागर प्रसाद यादव, अजय कुमार, अधिवक्ता संजय कुमार, ओम प्रकाश, प्रमोद गुप्ता, दिलीप मंडल, संतोष यादव, पुष्पा सिंह, राजकुमारी सिंह, सुचिता बारिक समेंत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

14 जून तक स्कूल बंद के निर्णय का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : राज्य में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर शिक्षा सचिव द्वारा आगामी 14 जून तक सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल को बंद करने का निर्देश देने का प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्वागत किया है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मानिक प्रसाद सिंह ने कहा है कि उमस भरी गर्मी तथा लू की आशंकाओं को देखते हुए शिक्षा सचिव की ओर से झारखंड में सभी प्रकार के विद्यालयों (आवासीय विद्यालयों को छोड़कर) को अगले तीन दिनों के लिए बंद करने की घोषणा की गई हैं जो सराहनीय है।

चांडिल अनुमंडल में झारखंड बंद का दूसरे दिन भी दिखा असर

प्रभात मंत्र संवाददाता

नीमडीह/चांडिल : झारखंड बंद का दूसरे दिन भी रहा असरदार, चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न जगहों में छात्र संघ एवं झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के सदस्य ने सुबह से ही रोड पर ढोल नगाड़े के साथ उतरकर मुख्य सड़कों को पूरी तरह से किया जाम। जगह जगह के दुकान,शोरूम आदि को बंद कराके बंदी के लिए समर्थन का अपील भी किया। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सिल्ली रंगामटी मुख्य सड़क के मिलनचौक, पुरुलिया टाटा मुख्य सड़क के चांडिल अर्जुनतल में छात्र संघ के सदस्य ने सड़क के बीचों बीच टायर जलाकर रोड को जाम किया, इस बीच रोड पर चल रहे वाहनों का लंबी कतार लगी रहे, छात्र संघ के रास्ते पर प्रदर्शन पर चांडिल थाना प्रभारी अजीत कुमार अपने दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहा। मौके पर फूल चांद महतो, गोपेश महतो, विष्णु महतो, आदित्य महतो, जगन्नाथ महतो, प्रियरंजन दास, समीर महतो, कमलेंदू, प्रकाश, पर्वत कुमार, कमल कांत, सोम चांद, रिंकू, विशाल कुमार, राधेश्याम, मुकेश सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड में झारखंड बंद का दूसरे दिन रहा मिला-जुला असर

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड क्षेत्र में खतियानी भाषा संघर्ष समिति व झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के तत्वावधान में आहूत झारखंड बंद का दुसरा दिन रविवार को मिला जुला असर देखा गया। सड़कों पर बहुत कम वाहन चले । सड़कें सुनसान व विरान नजर आए । ईचागढ़ थाना क्षेत्र में सीओ भोलाशंकर महतो के नेतृत्व में बंदी को लेकर पुलिस की गस्ती करते नजर आए । वहीं दुसरे दिन बंद समर्थकों ने सड़क पर उतरकर बंद नहीं कराया बल्कि अपने आप बंद रहा। मिलन चौक में भी बंद का मिला जुला असर देखा गया। वहीं कुकडु प्रखंड क्षेत्र में बंद का कोई असर नहीं देखा गया। कहीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानें खुले रहे तो कहीं दुकानें बंद रहा। लंबी दूरी की भारी मालवाहक वाहनों का परिचालन ठप रहा। वहीं दूसरे दिन पुलिस प्रशासन द्वारा स्थिति को सामान्य करने के लिए सड़क पर मुस्तैदी के साथ डटे रहे। इस दौरान दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो ने कहा कि दो दिवसीय बंद को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ गस्ती किया जा रहा है। बंद के दौरान किसी भी तरह का हुड़दंगियों पर नजर रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्थिति सामान्य है और सड़क परिवहन सुचारू रूप चल रहा है।

पत्रकार सुभाष के पुण्यतिथि पर विचारों के बंधन को तोड़ एक मंच पर आए सभी वर्ग लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

नीमडीह : दिवंगत पत्रकार सुभाष प्रमाणिक के 11वीं पुण्यतिथि पर चांडिल बाजार स्थित होटल राहुल पैलेस में श्रद्धांजलि सभा एवं परिचर्चा का आयोजन हुआ। पत्रकार संघ की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम अपने आप मे ऐतिहासिक रहा। इस कार्यक्रम में विचारों के बंधन को तोड़कर सभी वर्ग के लोग एक मंच पर उपस्थित हुए। इस अवसर पर दिवंगत पत्रकार सुभाष के चित्र पर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत सुभाष के आत्मा शांति के लिए प्रार्थना किया गया। दिवंगत पत्रकार सुभाष प्रमाणिक के पुण्यतिथि पर पत्रकारों का सामाजिक दायित्व विषय पर आयोजित परिचर्चा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, जिला परिषद सदस्य ज्योतिलाल माझी, महंत विद्यानंद सरस्वती, जिला परिषद पूर्व उपाध्यक्ष देवाशीष राय, पूर्व जिप सदस्य अनिता पारित, आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो, झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेम्ब्रम, समाजसेवी खगेन महतो, सरवर आलम, विमुवा नेता कपूर बागी, नारायण गोप, श्यामल मार्डी, झारखंड आंदोलनकारी ललित महतो, समाजसेवी राकेश वर्मा, आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, बोनु सिंह सरदार, गुरुचरण साव, विहिप नेता संजय चौधरी, झामुमो नेता गुप्तेश्वर महतो, चंदन वर्मा, मनोज सिंह, धरमु गोप, समेत कई वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। यहां सभी वक्ताओं ने एक स्वर में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए सामुहिक प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता महेंद्र महतो ने किया, जबकि दिवंगत पत्रकार सुभाष प्रमाणिक के पारिवारिक सदस्य रंजीत प्रमाणिक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

बहरागोड़ा में बालू माफियाओं के विरूद्ध प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में बालू व जेसीबी जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : अनुमंडल पदाधकारी घाटशिला सत्यवीर रजक के नेतृत्व में बहरागोड़ा प्रखंड में देर रात की गई कार्रवाई में बड़ी मात्रा में बालू का अवैध भंडारण पकड़ा गया है । इस मामले में तीन लोगों बिरसा मुंडा, देबु ओझा तथा भीमसेन कुंतिया पर नामजद एफआईआर दर्ज कराने के साथ साथ जब्त जेसीसी के मालिक पर भी एफआईआर कराया गया है । बालू माफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई में सीओ बहरागोड़ा जीतराय मुर्मू, थाना प्रभारी बहरागोड़ा, राजस्व उपनिरीक्षक एवं थाना से सशस्त्र बल शामिल थे । रात 2 बजे गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोगों द्वारा बालू का अवैध रूप से भंडारण कर बिक्री किया जा रहा है । टीम जब जांच के लिए मौके पर ग्राम झारिया में पहुंची तो पाया कि एक जेसीबी जेएच 05वी 6003 तथा अवैध रूप से भंडारण कर 1300 सीएफटी बालू रखा गया है। जसीबी का चालक पुलिस प्रशासन की टीम को देखकर भागने लगा । सशस्त्र बल द्वारा पकड़कर पूछताछ किए जाने पर झारिया ग्राम में ही एक अन्य स्थान पर बालू भंडारण किए जाने की सूचना दिया। टीम ने मौके पर जाकर जांचा तो वहां से भी 6000 सीएफटी बालू जब्त किया गया ।

संपादकीय

'जीवंत लोकतंत्र' का इंजन

भारत और अमरीका के बीच लड़ाकू विमान के इंजन का सह-उत्पादन करने की सहमति हुई है। ऐसे इंजन न केवल भारत में बनाए जा सकेंगे, बल्कि अमरीका 100 फीसदी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण भी करेगा। दोनों देश प्रधानमंत्री मोदी के अमरीका-प्रवास के दौरान औपचारिक करार पर दस्तखत करेंगे। दुनिया में सिर्फ चार देश-अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस-ही अपने लड़ाकू विमानों के लिए इंजन का उत्पादन करने में सक्षम हैं। चीन ने रूस की ही तकनीक को पलट कर इंजन बनाने की कोशिश की है। भारत-अमरीका करार और इंजन जीई-एफ 414 का उत्पादन शुरू होने के बाद हम भी इस जमात में शामिल हो जाएंगे। यकीनन इससे भारत की वायुसेना और उसकी सामरिक शक्ति मजबूत होगी। सिर्फ इसी उदाहरण से समझा जा सकता है कि भारत और अमरीका कितने रणनीतिक साझेदार हैं और सैन्य स्तर पर भी आपसी सहयोग से शक्ति का विस्तार किया जा सकता है। इस करार से यह भी समझ लेना चाहिए कि अमरीका ने भारत के प्रधानमंत्री को आमंत्रण क्यों दिया है? और राजकीय रात्रि-भोज का आयोजन भी क्यों किया जा रहा है? बेशक अमरीकी जमीन से ऐसे आरोप भी लगते रहे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक, खासकर मुसलमान, खतरे या संकट में हैं। उनके मानवाधिकार पर प्रहार किए जाते रहे हैं। इसी आशय का सवाल 'व्हाइट हाउस' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में, एक मुस्लिम महिला पत्रकार ने, पूछा था, तो अमरीकी प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में समन्वयक जॉन किर्बी ने बेहद सटीक जवाब दिया-'भारत में जीवंत लोकतंत्र है। आप दिल्ली जाइए और खुद ही देख-महसूस कर लीजिए।' उन्होंने स्पष्ट टिप्पणी की कि भारत अमरीका का सबसे भरोसेमंद, रणनीतिक साझेदार है। वह 'क्वाड' में भी अमरीका का साथी है। यह संगठन हिन्द-प्रशांत महासागर क्षेत्र की रणनीति और सक्रियता पर निगाह रखता है, ताकि चीन की दादागीरी पर अंकुश रखा जा सके। लड़ाकू विमान के इंजन-उत्पादन का करार भी इसीलिए हो रहा है, क्योंकि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है। 'तेजस' भारत का स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान है, लेकिन उसका स्वदेशी इंजन तकनीकी जरूरतों पर उतना सफल नहीं रहा है, जितनी अपेक्षा की जाती रही है। 'तेजस मार्क-1' लड़ाकू विमानों में अमरीकी इंजन ही इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन भारत फिलहाल इसे खरीद रहा है। प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण अभी नहीं हो पा रहा है। करार और उत्पादन शुरू होने के बाद 'तेजस' के लिए ये इंजन सस्ते पड़ेंगे और तुरंत उपलब्ध होंगे। भारत के लोकतंत्र पर स्पष्टीकरण देने की हम जरूरत नहीं समझते, क्योंकि भारत सबसे प्राचीन और लोकतांत्रिक सभ्यता और संस्कृति वाला राष्ट्र है। भारत 'लोकतंत्र की मां' है, यह शेष विश्व भी मानता है, लिहाजा जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन सरीखे बड़े देशों के लिए भी भारत सबसे महत्त्वपूर्ण 'रणनीतिक मित्र' है। अमरीकी इंजन और प्रौद्योगिकी का करार भारत को सैन्य और औद्योगिक स्तर पर भी आत्मनिर्भर बना सकता है। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत पिछड़ा देश नहीं रह सकता। कमोबेश चीन जैसे पड़ोसी देश की हरकतों और मंसूबों के मद्देनजर भारत की सेना को आधुनिकतम किया जाना जरूरी है। उसके लिए ऐसे इंजन का उत्पादन सहायक साबित हो सकता है। दरअसल भारत के लोकतंत्र को जो कोसते हैं और खत्म मानते हैं, कमोबेश वे लोकतंत्र के जरिए ही सियासत और सत्ता में मौजूद हैं। लोकतंत्र किसी प्रधानमंत्री या पार्टी तक ही सीमित नहीं है। यदि अमरीका आज हमसे करार कर रहा है या हमें 'रणनीतिक दोस्त' बनाए रखना चाहता है, तो यह भारत राष्ट्र की ताकत है। भारत दुनिया का सबसे विशाल लोकतांत्रिक बाजार है। विश्व के देश चीन की तुलना में भारत को पसंद कर रहे हैं, तो साफ मायने हैं कि भारत में हर स्तर पर लोकतंत्र है।

> भारत-अमरीका करार और इंजन जीई-एफ 414 का उत्पादन शुरू होने के बाद हम भी इस जमात में शामिल हो जाएंगे। यकीनन इससे भारत की वायुसेना और उसकी सामरिक शक्ति मजबूत होगी। सिर्फ इसी उदाहरण से समझा जा सकता है कि भारत और अमरीका कितने रणनीतिक साझेदार हैं और सैन्य स्तर पर भी आपसी सहयोग से शक्ति का विस्तार किया जा सकता है। इस करार से यह भी समझ लेना चाहिए कि अमरीका ने भारत के प्रधानमंत्री को आमंत्रण क्यों दिया है? और राजकीय रात्रि-भोज का आयोजन भी क्यों किया जा रहा है? बेशक अमरीकी जमीन से ऐसे आरोप भी लगते रहे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक, खासकर मुसलमान, खतरे या संकट में हैं। उनके मानवाधिकार पर प्रहार किए जाते रहे हैं। इसी आशय का सवाल 'व्हाइट हाउस' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में, एक मुस्लिम महिला पत्रकार ने, पूछा था, तो अमरीकी प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में समन्वयक जॉन किर्बी ने बेहद सटीक जवाब दिया-'भारत में जीवंत लोकतंत्र है।

फसलों की कटाई के बाद सबसे जरूरी काम अनाज भंडारण का ही होता है

फूड स्टोरेज से मजबूत होगी हमारी खाद्य सुरक्षा

सुनील कुमार महला

> एफसीआई भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग मंत्रालय के अधीन एक नोडल एजेंसी है। एफसीआई का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अनाजों के स्टॉक की संग्रहण आवश्यकताओं को पूरा करना है। एफसीआई न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से खाद्यान्नों की खरीद करता है, बशर्ते वे अनाज, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानदंडों को पूरा करते हों।

अनाज उत्पादन के मामले में भारत विश्व का एक आत्मनिर्भर देश है और आपको जानकर हैरानी होगी कि भारत के किसान अपनी जरूरत से कहीं अधिक अनाज पैदा करते हैं। आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार वर्ष 2021-22 में भारत में कुल अनाज उत्पादन रिकॉर्ड 315.7 मिलियन टन हुआ। इसके अलावा जानकारी देना चाहूंगा कि प्रथम अग्रिम अनुमान 2022-23 (केवल खरीद) के अनुसार देश में कुल अनाज उत्पादन का अनुमान 149.9 मिलियन टन है जो पिछले पांच वर्षों (2016-17 से 2020-21) के औसत खरीद अनाज उत्पादन से बहुत अधिक है। दालों का उत्पादन भी पिछले पांच वर्षों के औसत 23.8 मिलियन टन से बहुत अधिक रहा है। एफएओ के अनुसार भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक देश है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारत दूध और दालों का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है जबकि चावल, गेहूं, गन्ना, मूंगफली, सब्जियां, फल और मछली उत्पादन के मामले में नंबर दो पर है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारत में खाद्यान्नों की खरीद, संग्रहण, स्थानांतरण, सार्वजनिक वितरण तथा बफर स्टॉक के रख-रखाव की ज़िम्मेदारी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की है। एफसीआई भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग मंत्रालय के अधीन एक नोडल एजेंसी है। एफसीआई का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अनाजों के स्टॉक की संग्रहण आवश्यकताओं को पूरा करना है। एफसीआई न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से खाद्यान्नों की खरीद करता है, बशर्ते वे अनाज, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानदंडों को पूरा करते हों। हमारे देश में एफसीआई के गोदाम अनाज को सुरक्षित रखते हैं, लेकिन आज हमारे देश में अनाज भंडारण की समस्या बहुत बड़ी समस्या है, वास्तव में फसलों की कटाई के बाद सबसे जरूरी काम अनाज भंडारण का ही होता है। हमारे यहां अनाज भंडारण व्यवस्थाओं हेतु इंफ्रास्ट्रक्चर की बेहद कमी है। वास्तव में, अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए वैज्ञानिक विधियां अपनाने की जरूरत होती है, जिससे अनाज को लंबे समय तक चूहे, कीटों, नमी, फफूंद आदि से बचाया जा सके। हर वर्ष भंडारण व्यवस्थाएं ठीक नहीं होने के कारण हमारे देश का बहुत सा अनाज बर्बाद हो जाता है। अनाज के मामले में आत्मनिर्भर होने के बावजूद भी यदि देश की बहुत बड़ी आबादी को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता है तो इस बात पर चिंतन की आवश्यकता हो जाती है कि

आखिर इसके पीछे कारण क्या हैं? कारण दो ही हैं। एक सार्वजनिक वितरण प्रणाली और दूसरा अनाज का भंडारण। जानकारी देना चाहूंगा कि हमारे देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी कि पीडीएस के जरिए गरीबों तक अनाज पहुंचता है। आज देखने में आता है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे गरीबों को अनाज नहीं मिल पाता है, दूसरा है भंडारण व्यवस्थाएं ठीक नहीं होने से अनाज बर्बाद होता है और गरीबों को नहीं मिलता। यह विडंबना ही है कि आज तक हम अपनी अनाज भंडारण क्षमता को इतना दुरुस्त नहीं कर पाए हैं कि देश में अनाज की बर्बादी को रोका जा सके। यहां मसला सिर्फ अनाज के भंडारण का ही नहीं है। अनाज के अलावा भी जल्दी खराब होने वाले दूसरे खाद्य उत्पादों जैसे कि फल और सब्जियां इत्यादि के सुरक्षित भंडारण की उससे भी ज्यादा जरूरत पड़ती है। हमारे पास कोल्ड स्टोरेज की कमी है। कहीं पर गोदाम हैं तो उन पर छत नहीं है। अनाज को खुले में रखना पड़ता है। आज बहुत से अनाज को खुले आसमान के नीचे चबूतरों पर बोरों के कट्टे लगाकर और उन्हें तिरपाल या पॉलीथिन से ढक कर रखने की हमारी मजबूरी है। सच तो यह है कि हमारी खाद्य भंडारण व्यवस्था निर्धारित मानकों से बहुत निचले स्तर की है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि, ब्रिटेन की आबादी का पेट भरने के लिए जितने अनाज की जरूरत पड़ती है, उतना अनाज तो हमारे देश में बर्बाद चला जाता है। बहरहाल, बताना चाहूंगा कि वर्ष 2022-23 यानी कि वर्तमान कृषि वर्ष में 3235.54 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है, जो कि पिछले वर्ष 2021-22 की तुलना में 79.38 लाख टन अधिक है। जानकारी देना चाहूंगा कि देश में गेहूं का उत्पादन (रिकॉर्ड) 1121.82 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 44.40 लाख टन अधिक है। वर्ष 2022-23 के दौरान चावल का कुल उत्पादन (रिकॉर्ड) 1308.37 लाख टन अनुमानित है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 13.65 लाख टन अधिक है। वर्ष 2022-23 के दौरान देश में मक्का का उत्पादन रिकॉर्ड 346.13 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के 337.30 लाख टन उत्पादन की तुलना में 8.83 लाख टन अधिक है। श्रीअन्न (पोषक-अनाज) का उत्पादन 527.26 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 16.25 लाख टन अधिक है। मूंग का उत्पादन 35.45 लाख टन के नए रिकार्ड पर अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 3.80 लाख टन अधिक है। वर्ष 2022-23 के दौरान कुल दलहन उत्पादन 278.10 लाख टन अनुमानित है जो पिछले वर्ष के 273.02 लाख टन उत्पादन की तुलना में 5.08 लाख टन एवं विगत पांच वर्षों के औसत दलहन उत्पादन की तुलना में 31.54 लाख टन अधिक है। सोयाबीन तथा रेपसीड एवं सरसो का उत्पादन क्रमशः 139.75 लाख टन एवं 128.18 लाख टन अनुमानित है जो पिछले वर्ष 2021-22 के उत्पादन की तुलना में क्रमशः 9.89 लाख टन और 8.55 लाख टन अधिक है। वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल तिलहन उत्पादन रिकॉर्ड 400.01 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के तिलहन उत्पादन की तुलना में 20.38 लाख टन अधिक है। वर्ष 2022-23 के दौरान देश में गन्ने का उत्पादन रिकॉर्ड 4687.89 लाख टन अनुमानित है। 2022-23 के दौरान गन्ने का उत्पादन पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 293.65 लाख टन अधिक है। कपास का उत्पादन 337.23 लाख गांठें (प्रति गांठ 170 किग्रा) तथा पटसन एवं मेस्ता का उत्पादन 100.49 लाख गांठें (प्रति गांठ 180 किग्रा) अनुमानित है। बहरहाल, भारत अनाज उत्पादन के मामले में रिकार्ड स्थापित कर रहा है लेकिन यह विडंबना ही है कि आजादी के 75 साल गुजर जाने के बाद भी आज किसानों की फसलों के भंडारण के लिए उचित जगह नहीं है। किसानों की विभिन्न आज भी मंडियों में खुले में पड़ी रहती हैं। बहुत बार तो फसलें बरसात के कारण खराब भी हो जाती हैं। यह विडंबना ही है कि अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के बावजूद हमारे यहां अनाज के भंडारण के लिए उचित शैड, गोदामों आदि की व्यवस्था नहीं है। सिर्फ भंडारण के कारण हजारों लाखों टन अनाज देश में बर्बाद हो जाता है लेकिन किसी गरीब को खाने को नहीं मिलता। उचित भंडारण व्यवस्थाएं न होने के कारण किसानों को बहुत बार ओने पौने दामों में अपनी फसलों को बेचना पड़ता है। आज अनाज के भंडारण के साथ ही अनाज के प्रबंधन की व्यवस्थाओं में काफी खामियां हैं, प्रबंधन की कमी की वजह से भंडारों में अनाज को उसके शेल्फ लाइफ से भी अधिक समय तक रखा जाता है।

समता, ममता और महिलाएं

> राष्ट्रीय एकल नारी अधिकार मंच नामक इस संगठन की सदस्या महिलाओं में विधवाएं, परित्यक्ताएं, तलाकशुदा महिलाएं व ऐसी अविवाहित महिलाएं शामिल हैं जो अपने परिवार और समाज से उपेक्षापूर्ण व्यवहार का दंश झेल रही हैं। इनमें से अधिकांश ग्रामीण पृष्ठभूमि की साधनहीन महिलाएं हैं जिनके पास अपनी कठिनाइयां बताने का कोई उपाय नहीं था। यह संगठन ऐसी महिलाओं के अधिकारों की वकालत ही नहीं करता बल्कि उन्हें अधिकारों के प्रति शिक्षित भी करता है। इससे भी बड़ी बात, यह सिर्फ ऐसी वंचिता महिलाओं के अधिकारों की वकालत करने के साथ-साथ उनके ससुराल पक्ष के परिवारों को काउंसलिंग के माध्यम से उनके बीच की गलतफहमियां दूर करके परिवारों को जोड़ने का प्रयत्न भी करता है। यानी राष्ट्रीय एकल नारी अधिकार मंच अधिकारों की वकालत करते हुए सिर्फ झगड़ा बढ़ाने का ही काम नहीं करता, बल्कि झगड़ा निपटाने का रचनात्मक प्रयत्न भी करता है।

देश में महिला अधिकारों के पक्षकार संगठनों की कमी नहीं है, पर हाल ही में मुझे एक और ऐसे संघ की सदस्याओं से मिलने का मौका मिला जिसने मुझे महिलाओं की एक और समस्या पर फिर से सोचने के लिए विवश किया। देश की राजधानी दिल्ली के लिए यह कोई नई बात नहीं है कि किसी संगठन के लोग विरोध प्रदर्शन के लिए आएं या मीडियाकर्मियों से मिलकर अपनी समस्याओं का बखान करें। महिलाओं के इस संगठन की प्रकृति और इसके उद्देश्य ने सचमुच मेरी आंखें खोली हैं। राष्ट्रीय एकल नारी अधिकार मंच नामक इस संगठन की सदस्या महिलाओं में विधवाएं, परित्यक्ताएं, तलाकशुदा महिलाएं व ऐसी अविवाहित महिलाएं शामिल हैं जो अपने परिवार और समाज से उपेक्षापूर्ण व्यवहार का दंश झेल रही हैं। इनमें से अधिकांश ग्रामीण पृष्ठभूमि की साधनहीन महिलाएं हैं जिनके पास अपनी कठिनाइयां बताने का कोई उपाय नहीं था। यह संगठन ऐसी महिलाओं के अधिकारों की वकालत ही नहीं करता बल्कि उन्हें अधिकारों के प्रति शिक्षित भी करता है। इससे भी बड़ी बात, यह सिर्फ ऐसी वंचिता महिलाओं के अधिकारों की वकालत करने के साथ-साथ उनके ससुराल पक्ष के परिवारों को काउंसलिंग के माध्यम से उनके बीच की गलतफहमियां दूर करके परिवारों को जोडने का प्रयत्न भी करता है। यानी राष्ट्रीय एकल नारी अधिकार मंच अधिकारों की वकालत करते हुए सिर्फ झगड़ा बढ़ाने का ही काम नहीं करता, बल्कि झगड़ा निपटाने का रचनात्मक प्रयत्न भी करता है। अपने ममतामयी दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली महिलाएं विपरीत स्थितियों में खुद कितनी उपेक्षा का शिकार होती हैं, इसकी कहानी सचमुच अजीब है। पुरुष प्रधान समाज में अकेली महिलाओं की स्थिति अक्सर शोचनीय होती है और उन पर कई और नए बंधन लाद दिए जाते हैं। विधवा महिलाएं ससुराल में शेष सदस्यों के अधीन हो जाती हैं, परित्यक्ताएं और तलाकशुदा महिलाएं तो कई बार अपने मायके में भी दूसरे दर्जे की नागरिक बनकर रह जाती हैं। घर में सारा दिन काम करते रहने पर भी उन्हें कोई वेतन नहीं मिलता, स्वतंत्रता नहीं मिलती और अपेक्षित सम्मान नहीं मिलता। विधवाओं की कठिनाइयों के बारे में तो फिर गाहे-बगाहे बात होती रहती है, लेकिन परित्यक्ताओं, तलाकशुदा एकल महिलाओं, किसी भी विवशतावश अथवा अपनी इच्छा से अविवाहित रह गई महिलाओं की समस्याओं के बारे में हम शायद ज्यादा जागरूक नहीं हैं। एकल महिलाओं को हिंसा, शोषण, उपेक्षा, तिरस्कार, अवैतनिक कामकाज के अलावा यौन शोषण की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गांवों में उन्हें सहारा देने वाला कोई नहीं होता, समाज की रूढ़िवादिता और संस्कार उन्हें विरोध करने से रोकते हैं और वे असहाय पिसती रह जाती हैं। सन 2011 की जनगणना के अनुसार ऐसी महिलाओं की संख्या पांच करोड़ साठ लाख के आसपास थी और इनमें से अधिकांश विधवाएं थीं। खेद का विषय है कि ऐसी महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यही नहीं, जिन परिवारों में मर्द लोग कामकाज के सिलसिले में शहर से बाहर रहने को विवश हैं, वहां उनकी पत्नियां घर में अकेली पड़ जाती हैं और कई तरह की समस्याएं झेलती हैं, लेकिन जुबान नहीं खोल पातीं। घर से बाहर रह रहा मर्द अगर कठिनाइयां झेल कर पैसे कमाता है तो घर में अकेली पड़ गई उसकी पत्नी भी कई तरह से अपमान और उपेक्षा का शिकार हो रही हो सकती है। महिलाओं की शारीरिक बनावट के कारण उनकी समस्याएं अलग हैं। यही नहीं, उनकी भावनात्मक सोच भी पुरुषों से अलग होती है और अक्सर पुरुष उसे नहीं समझ पाते। इसके कारण भी कई बार महिलाओं को कई तरह की कठिनाइयां झेलनी पड़ती हैं। भौगोलिक दूरी के कारण अलग-अलग स्थानों पर रह रहे पति-पत्नी में पत्नी इसलिए मुरझा जाती है कि वह पति के संसर्ग और सहारे, दोनों से वंचित रह जाती है और कुछ बोल भी नहीं पाती। इससे भी ज्यादा बड़ी समस्या तब आती है जब रोजगार के सिलसिले में मर्द शहर से बाहर जाता है और वहीं पर दूसरा विवाह कर लेता है। ऐसे बहुत से पुरुष अपनी पहली पत्नी को अक्सर पूरी तरह से बिसरा देते हैं या फिर दोनों महिलाओं से झूठ बोलते रह सकते हैं। राष्ट्रीय एकल नारी अधिकार मंच की सदस्याएं महिलाओं की इस व्यथा का बखान करते हुए कहती हैं कि आईटी सेक्टर के विकास के कारण एक नई समस्या बनी है। हिमाचल प्रदेश में इस सेक्टर में रोजगार की बहुलता न होने के कारण मर्दों का राज्य से बाहर प्रवास जितना आम है, नए शहर में बस कर आधुनिक महिलाओं अथवा महिला सहकर्मियों से दूसरी शादी भी कम आम नहीं है। हिमाचल प्रदेश जैसे कम आबादी वाले छोटे से राज्य से ही राष्ट्रीय एकल नारी अधिकार मंच की सदस्याओं की संख्या हजारों में है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण और उपेक्षा का शिकार हो रही हैं। महिलाओं की एक अन्य समस्या को भी पुरुष अक्सर नहीं समझ पाते और अक्सर उसका परिणाम यह होता है कि पूरा परिवार बिखर जाता है। करियर के जाल में फंसा पुरुष वर्ग पत्नी और परिवार की उपेक्षा की गंभीरता को समझ ही नहीं पाता, कई बार तो तब तक जब परिवार टूट ही न जाए या टूटने के कगार पर ही न पहुंच जाए। तब भी पुरुष लोग यह नहीं समझ पाते कि वे कहां गलत थे। वे तो तब भी यही मान रहे होते हैं कि वे जो कुछ भी कर रहे थे वह परिवार की भलाई, खुशी और समृद्धि के ही लिए था। यहां पतियों और पत्नियों का नजरिया एकदम अलग-अलग नजर आता है। पत्नियां पैसा कम और पति का साथ ज्यादा चाहती हैं और पति यह मानते रह जाते हैं कि यदि उनके पास धन होगा तो वे पत्नी के लिए सारे सुख खरीद सकेंगे, बिना यह समझे कि उनकी पत्नी की भावनात्मक आवश्यकताएं भी हैं और उनकी पूर्ति के लिए उन्हें पति के पैसे की नहीं, बल्कि पति के संसर्ग और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता है। हमारा देश तेजी से विकास कर रहा है, हमारे जीवन स्तर में सुधार हो रहा है, लेकिन सोच बदलने में समय लग रहा है, खासकर ग्रामीण इलाकों में अभी भी रूढ़िवादिता का बोलबाला है। अब समय आ गया है कि हम पुरुष समाज को महिलाओं की आवश्यकताओं के बारे में शिक्षित करें और महिलाओं के प्रति ज्यादा सौहार्दपूर्ण रवैया अपनाएं ताकि समाज के दोनों अंगों का समान विकास संभव हो सके और समाज में संतुलन बना रहे।

देश दुनीया से

पर्यावरण की सुरक्षा को प्रकृति की पहल

देश और प्रदेश में मौसम के बदले हुए मिजाज की चर्चा आजकल हर जुबां पर है। इस वर्ष जब फरवरी महीने में गर्मी की तपिश ने अपना एहसास करवाया था तो ऐसा लगा था कि इस बार की गर्मियों से बचने के लिए कुछ अलग इंतजाम करने होंगे, लेकिन प्रकृति ने ऐसा रूप बदला कि गर्मियों के महीनों में सर्दियों से बचने के प्रयास करने पड़ रहे हैं। मार्च से लेकर अभी जून महीने तक गर्मियों में पारा उस स्तर तक नहीं पहुंच पाया जिस स्तर पर अमूमन इन महीनों के दौरान देखने को मिलता था। गर्मियों के इन महीनों में हो रही भारी बारिश ने न केवल पिछले कई वर्षों के बारिश के रिकॉर्ड तोड़े हैं बल्कि ठंड के नए रिकॉर्ड भी बना दिए हैं। जून महीने में पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हो रही झमाझम बरसात से लगता है कि प्रकृति इस बार कुछ अलग संदेश दे रही है और इस संदेश को समझना बहुत जरूरी है। इस बारिश ने जहां एक ओर किसानों की समस्याओं को दोगुना कर दिया है वहीं दूसरी ओर इनसान और पर्यावरण को कुछ लाभ भी पहुंचाए हैं। इस बेमौसमी बारिश से जहां पानी के प्राकृतिक स्रोतों पर दबाव कम हुआ है वहीं पर्यावरण में हरियाली आ जाने से नजारा बिल्कुल बदला हुआ सा महसूस हो रहा है। बारिश होने से वातावरण पूरी तरह से शुद्ध हो जाता है जिसके अनेक लाभ हमारे स्वास्थ्य को मिलते हैं। वर्तमान में हमारा पर्यावरण अनेक प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है और इनमें से सबसे बड़ी चुनौती वायु प्रदूषण की है। वायु प्रदूषण एक ऐसी स्थिति है जिसमें वातावरण में इनसान और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले तत्व ज्यादा मात्रा में जमा हो जाते हैं। इन तत्वों को विज्ञान पार्टिकुलर मैटर का नाम देता है। पार्टिकुलर मैटर हमारे वायुमंडल में उपस्थित बहुत छोटे छोटे कण होते हैं। अति सूक्ष्म होने के कारण ये कण हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और बहुत सी जानलेवा बीमारियों का कारण बनते हैं। ये मैटर फेफड़ों और हृदय को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। भारत में पार्टिकुलर मैटर 2.5 का बढ़ता स्तर वायु प्रदूषण के हिसाब से सबसे गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पार्टिकुलर मैटर 2.5 की औसत वार्षिक रीडिंग 40 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर निर्धारित की गई है, लेकिन भारत के ज्यादातर शहरों में ये स्तर 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर बना रहता है जो कि देशवासियों के लिए एक खतरे की घंटी है। वायु प्रदूषण दुनिया के सबसे बड़े खतरों में से एक है और इस वजह से दुनिया में हर साल लगभग 70 लाख व्यक्तियों की मौत हो जाती है जिनमें से लगभग 6 लाख बच्चे होते हैं। वायु प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोत परिवहन, भोजन पकाने के लिए बायोगैस का इस्तेमाल, उद्योग, जंगली आग और अपशिष्ट दहन हैं। यूं तो वायु प्रदूषण को रोकने के लिए अनेक प्रयत्न पिछले लंबे समय से विभिन्न सरकारों द्वारा किए गए हैं जिनमें सीएनजी और एलपीजी को गैसीय ईंधन के रूप में प्रयोग को बढ़ावा देना, पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा को बढ़ाना तथा बीएस-6 मानकों को लागू करना तथा राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक को जारी करना प्रमुख है। लेकिन इन सभी प्रयत्नों से अभी तक के परिणाम उल्लेखनीय नहीं हैं। समय समय पर होने वाली बारिश पार्टिकुलर मैटर के स्तर को प्राकृतिक तौर पर कम करने में बहुत मददगार साबित होती है। इसलिए वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए ये बारिशें इनसान को बहुत राहत प्रदान कर रही हैं। इसके अलावा इस बार की यह बेमौसमी बारिश प्रदेश के जंगलों के लिए भी वरदान सिद्ध हुई है। इनसान अपने छोटे से फायदे के लिए जंगलों को आग के हवाले कर देता है जिसमें हमारी अमूल्य वन संपदा राख में बदल जाती है। जंगल की आग से उठने वाले धुएं से वायु प्रदूषण के स्तर में भी भारी मात्रा में इजाफा होता है। पिछले दो वर्ष हमारे प्रदेश की वन संपदा के लिए बहुत ही नुकसानदेह साबित हुए हैं। इन वर्षों में वनों में आग लगने की घटनाओं में बहुत ज्यादा वृद्धि हुई थी।

> इस जलवायु को शुद्ध और साफ बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल प्रकृति की ही नहीं है, बल्कि इनसान को अपने इस कत्तव्य के प्रति सजग रहने की जरूरत है। इनसान कई बार अपने छोटे-छोटे फायदे के लिए कुदरत की इस दरियादिली को नजरअंदाज करते हुए प्रकृति के साथ बहुत बेरहमी से पेश आता है। यही वजह है कि प्रकृति भी कई बार अपना रूप बदल कर इनसान को सोचने पर मजबूर कर देती है। पर्यावरण के संरक्षण का प्रकृति द्वारा दिया यह संदेश बहुत अहम है और इस संदेश को समझ कर इनसान को अपनी आदतों में सुधार करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाना होगा।

कुछ अलग

वित्तीय सूली पर भविष्य

'सूखे पहाड़ से इक नदी चाहिए, तेरे इम्तिहान की यही सजा है।' मंगलवार को हिमाचल मंत्रिमंडल यही सब करता हुआ दिखा। आर्थिक मुसीबतों की जमीन पर हल जोतने की यह पारी कितनी लंबी होगी, कोई नहीं जानता, लेकिन राजनीतिक घटनाक्रम बता रहा है कि प्रदेश सरकार की हर इंच पर केंद्र के पहरे लगे हैं। सियासत का ऐसा रूखापन कि पर्वतीय प्रदेश को आर्थिक विषमताओं की सजा देते हुए सारे वित्तीय समाधान निचोड़ दिए गए। कुछ महीनों में हजार करोड़ के ओवरड्राफ्ट की फांस से बाहर निकलने का तोड़ ढूंढ रही सरकार के दामन में अतीत के कांटे और भविष्य की प्राथमिकताएं झूल रही हैं, तो बहस उन चिरागों से होगी जिन्हें बुझाने की कोशिश सत्ता परिवर्तन के साथ शुरू हुई है। केंद्र की आंखों में ऐसा क्या अटक गया कि जो हिमाचल चंद महीने पहले तक इन्हीं खामियों के वजूद में भी पलते हुए ईनाम पा रहा था और अब संकट के दिन बढ़ाए जाने लगे। यह हाथों में लगा खून है या पांव के छलनी होने का सबूत कि केंद्रीय नीतियों में देखते ही देखते एक प्रदेश इसलिए कसूरवार हो गया, क्योंकि यहां भाजपा के स्थान पर कांग्रेस को सत्ता मिल गई। पिछले कुछ फैसले मसलन कर्ज सीमा को 5500 करोड़ तक घटाना, वैश्विक मदद के वित्तीय पोषण को भी मात्र तीन हजार करोड़ की सीमा में बांधना और वाटर सैस जैसे अधिकार पर कुंडली मार कर बैठ जाना, तो सियासी तेजाब फैलाने जैसा ही माना जाएगा। इस लिहाज से सुक्खू सरकार के लिए राज्य की कंगाली से जनता की खुशहाली का पैगाम इतना भी सरल नहीं कि प्राथमिकताएं हमेशा उसका ही गुणगान करें। हालांकि उम्मीदों भरे कदम उठाने में वर्तमान सरकार का कोई सानी नहीं, लेकिन दो जमा दो को चार करने के लिए ईमानदारी के सिद्धांत तो चाहिए। माना कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में केंद्र में भाजपा सरकार अपनी सत्ता के नुक्तों को धार दे रही, लेकिन क्या चार लोकसभा सीटों के लिए हिमाचल की जनता को वित्तीय सूली पर टांग दिया जाएगा या मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के फैसलों को रोकने के लिए अंबर से जहर बरसाया जाएगा। यह ओपीएस की गांठ है जो केंद्र को घायल शेर बना रही है या रिवाज न बदलने की सजा हिमाचल को मिल रही है। जो भी हो, हिमाचल सरकार को अपनी आर्थिक किश्तियों में एक ओर अपने वादों की फेहरिस्त ढोनी पड़ेगी, तो दूसरी ओर केंद्र की विपरीत धाराओं में इसे आगे बढ़ाने के विकल्प तराशने होंगे। कत्तव्य के इम्तिहान में सियासत की लंगडियों का सुक्खू सरकार कैसे मुकाबला करती है, यह वक्त के कठोरतम धरातल पर तय होगा। फिलवक्त सरकार खुद को करीने से सजाने के लिए हर मंत्रिमंडलीय बैठक में यह संदेश देने में मशरूफ दिखाई देती है कि अड़चनों के बावजूद कुछ फैसले नागरिक समाज को आकर्षित करते रहेंगे। पंचायती राज में बढ़ता मानदेय सरकार के पैगाम को हराभरा बनाता है, तो नीतिगत फैसलों से व्यवस्था परिवर्तन का झंडा बुलंद करता है। भर्तियों की पैमाइश में ब्लॉक रिसोर्स सेंटर कोआर्डिनेटर के 274 पदों पर जेबीटी व टीजीटी के पूल को तवज्जो दी जाएगी, तो कई अन्य विभागों में रिक्त पदों को भरा जाएगा। पर्यटन की दृष्टि से तीन हाईवे कम पर्यटक पुलिस थाने तथा बार खुले रखने की समय सीमा रात्रि एक बजे तक बढ़ाकर सरकार इस उद्योग के मायने बदलना चाहती है। जाहिर है जब सरकार अपने इरादों की खिड़कियां खोल रही है, तभी उसके खजाने का बैलेंस नेगेटिव होने की सूचना दे रही है।

नागरिक बोध

ड्रग्स सिंडिकेट का झाल एनसीबी ने तोड़ा,सबसे बड़ी बरामदगी

दिल्ली में एनसीबी ने देश भर में फैले ड्रग्स सिंडिकेट के नेटवर्क का भंडाफोड़ कर युवाओ का जीवन बर्बाद होने से पहले उनको बचा लिया। भारत का विकास और भारत युवाओ का देश है। जिसका दुनिया को पता है। युवाधन को बर्बाद करने की इस विश्व स्तरीय गुप्त योजना का पता होते हुए चूपी साधकर बैठना देशहित में नही है। एनकेन प्रकारेण भारत को बर्बाद करने की नाना तरह की साजिश की जा रही है।ये देशद्रोही देश का नुकसान करने पर तुले हुए है। लेकिन बिल्ली के छींकने पर क्या होता है? भारत वो देश है जिसका लोहा दुनिया ने माना है। एक हजार वर्ष से आतताइयों द्वारा जुल्म ढहाया जा रहा है। लेकिन इन देशद्रोही प्रवृति वाले लोगो से भारत कभी कमजोर नही हुआ है।इनसे बलवंत होकर उभरा है। जिस तरह से ड्रग्स से युवाओ को भ्रमित किया जा रहा है। वो युवाओ के लिए खतरनाक है।बताया जा रहा है 20 साल में ड्रग्स की सबसे बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है। सबसे बड़ी जब्ती से अधिकारी भी आश्चर्यचकित रह गए थे। नारकोटिक्स ने 15 हजार पैकेट जब्त किया है। एलसीडी का प्रभाव खतरनाक होता है। इस नशीले पदार्थ के सेवन करने पर आदमी समूह में भी कटा कटा सा रहता है। एनसीबी ने 2021-22 में पांच हजार पाउच बरामद किया। इस बार सबसे बड़ी भारी मात्रा में नशीले पदार्थ की हेराफेरी पर नारकोटिक्स का ग्रहण लग गया है।गिरफ्तार किये गए सप्लायरों के पास से लाखों रुपये बरामद किए है। डार्कनेट,क्रिप्टो करंसी और फ़ौरन पोस्ट ऑफिस के जरिये यह धंधा फलफूल रहा था। देश व्यापी कार्टेल का पर्दाफ़ाश बड़ी सफलता है। इस ड्रग्स को देश मे घुसाने में तस्कर सफल हो जाते तो हजारो युवाओ का जीवन नरकागार हो जाता था। एलएसडी गंधहीन और स्वादहीन होने के कारण डिटेक्ट करना बहुत मुश्किल है। डार्कनेट पर एलसीडी ट्रैफिकिंग का एक बड़ा नेटवर्क कार्यरत था।जिसको अमेरिका, नीदरलैंड और पोलैंड जैसे समृद्धिशाली देशो से मंगाया जाता था।यहा भारत मेदिल्ली,एनसीआर,राजस्थान, केरल ,महारास्ट्र, उत्तरप्रदेश आदि राज्यो में नेटवर्क कार्यरत है। देश को बर्बाद करने की कितनी भारी योजना इन लोगो के जेहन में है। भारत को खत्म करने के लिए अनेक तरह के षड़यंत्र किये जा रहे है। लेकिन हमारी जांबाज पुलिस ईमानदारी की प्रतिमूर्ति जान की बाजी लगाकर तस्करों के मुह से छीनकर युवाओ की जान बचा रहे है। यह कार्य मुश्किल भी है और जोखिम भरा ही है। फिर भी कर रहे है। जयपुर के एक शख्स ने कबूल किया है कि पूरे देश मे ड्रग्स सप्लाई का जिम्मा मेरा ही है। इसके पूर्व गुजरात और महारास्ट्र से करोड़ो रुपये का ड्रग्स पुलिस पकड़ चुकी है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला ग्राम गाड़ी योजना समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला ग्राम गाड़ी योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उक्त योजना के कार्यान्वयन स्वीकृति पर चर्चा कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को धरातल पर लाना है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य गांव से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। इससे गांव के किसान मजदूर, छात्र ङ्क छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। वहीं मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा। योजना में शामिल होने वाले वाहन मालिकों को सरकारी टैक्स में भी बड़ी राहत दी जाएगी। साथ ही इस योजना के तहत वाहन संचालन पर सरकार द्वारा छूट दी जाएगी। ग्रामीण बस सेवा के लिए पहले से निर्धारित रूट के अतिरिक्त इस योजना के तहत वैसे मार्गों पर भी बस चलेगी जहां के लिए जिला प्रशासन द्वारा नए सिरे से रूट का निर्धारण किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड स्तर पर लिए गए प्रस्ताव को जिला स्तर पर विचार विमर्श के पश्चात राज्य स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद वाहनों का संचालन किया जाएगा।बैठक में आगे जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि इस योजना के तहत प्रथम परमिट निर्गत 5 वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए मार्ग कर में छूट दी जाएगी एवं परमिट शुल्क मात्र 1 रुपए लिया जाएगा। इस योजना के तहत वैसे हल्के और मध्यम दर्जे के व्यावसायिक चार पहिया वाहन, जिसकी क्षमता चालक को छोड़कर 42 यात्रियों को ले जाने की होगी, उन्हें परमिट व अन्य सुविधाएं दी जायेगी। इसके तहत वाहनों को अस्थायी परमिट नहीं दिया जायेगा। इस योजना के तहत जिस मार्ग के लिए परमिट स्वीकृत की जाएगी उसी मार्ग पर वाहन का परिचालन होगा। इसके लिए वाहन में जीपीएस लगाना अनिवार्य होगा।मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को प्रखंड स्तर से जोड़ने, नजदीकी उच्च शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों, नजदीकी मुख्य मार्ग और नजदीकी व्यवसायिक केंद्रों से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करना है। साथ ही दिव्यांगों, विद्यार्थियों एवं पेंशनधारियों के लिए इस वाहन से यात्रा करने पर विशेष छूट मिलेगी।बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, बस एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद बेलाल, प्रतिनिधि एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

पेशरार प्रखण्ड में प्रखण्ड महिला कांग्रेस कमिटी की चयन को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पेशरार-लोहरदगा : पेशरार प्रखंड में महिला काँग्रेस की गठन हेतू पेशरार प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री विनोद खेरवार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। प्रखण्ड महिला कांग्रेस कमिटी नहीं होने के कारण यँहा महिलाओं को काफी परेशानी होती थी,संगठन बन जाने से कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी ,और ज्यादा से ज्यादा महिलाएँ संगठन से जुड़ सकेंगी। पेसरर प्रखंड में महिला मोर्चा का गठन कभी नहीं हुआ था यँहा पहली बार महिला मोर्चा का गठन हुई है। बैठक में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी महिला अध्यक्ष सीमा परवीन की देख रेख में पेशरार महिला प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव किया गया। सर्व समिति से पेशरार प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति निशा देवी को नियुक्त की गई। बैठक में मुख्य रूप से लालकारेंन एक्का, बबिता देवी, अनिता देवी, अनिता देवी, सरिता उराव, सुगैन देवी, चमेली देवी, आदि मौजूद थे।

आजादी के बाद से ही विकास की राह जो रहा है कुंडलोंगा गांव

टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता): 75 साल बाद भी विकास का इंतजार में बाट जोह रहा है कुडलोंगा गाँव के ग्रामीण।यहां पानी, सड़क के लिए तरस रहा कुड़लौंगा गांव के कलोनी टोला के दलित परिवार। हरिजन टोला में जरूरी सुविधा तक नहीं, लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी और चलने के लिए सड़क तक नहीं हुआ नसीब। 75 सालों के बाद भी टंडवा क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग गांव के विकास के लिए कर रहे हैं इंतजार। लोगों पीने के लिए शुद्ध पानी का व्यवस्था के लिए कई जनप्रतिनिधियों से किया था मांग, पर किसी ने नहीं सुना। नौबत यह है गर्मी के दिनों में कुड़लौंगा के दलित परिवार दूषित लाल पानी पीने के लिए है मजबूर। आक्रोश ग्रामीणों ने विधायक आवास घेराव करने की कही है बात।

झारखंड में अब 14 जून तक सभी कोटि के विद्यालय रहेंगे बंद

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड सरकार ने राज्य में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप को देखते हुए 11 से बढ़ाकर अब 14 जून तक स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है। सरकार के सचिव ने पत्र जारी कर सभी कोटि के विद्यालयों को बंद का आदेश दिया है। सरकारी / गैर सरकारी / निजी विद्यालय अब 14 जून तक बंद रहेंगे।

डीसी ने 46 राजस्व उप निरीक्षकों और 47 पंचायत सचिवों का किया तबादला

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त भोर सिंह यादव ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के 46 राजस्व उप निरीक्षकों और 47 पंचायत सचिवों का एक साथ तबादला किया है।जिसमें लातेहार अंचल में पदस्थापित बिंदा उरांव को हेरहंज, सुलेमान अंसारी को गारू, प्रेम एक्का को चंदवा, ओम प्रकाश को गारू, फिबियानुस कुजूर को बरवाडीह, गुलाम साबिर को चंदवा, कृष्णा राम को महुआडांड़ अंचल में तबादला किया गया है। जबकि सुशील कुमार व अभिषेक कुमार को गारू से लातेहार, बासुदेव महतो को महुआडांड़ से लातेहार, चार्लेस गिद्ध व हेरमोन तिग्गा को मनिका से लातेहार, मुरलीधर सिंह, मनोज बेक व सर्वेश राम को बरवाडीह से लातेहार अंचल में पदस्थापित किया गया है। कुल 47 पंचायत सचिवों में लातेहार प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित सेराफिनुस खलखो को बरियातू, नागेश्वर प्रसाद रजक को मनिका, करमा उरांव को महुआडांड़, सुदेश्वर प्रसाद को बरवाडीह, बजरंगी प्रसाद को हेरहंज, मनोज प्रसाद को चंदवा, योगेंद्र प्रसाद गुप्ता को महुआडांड़, विनोद उरांव को गारू व सामू उरांव को मनिका तबादला किया गया है। वहीं बालेश्वर गंझू को हेरहंज से लातेहार, जयराम राय, बासुदेव नगेशिया व गोपाल सिंह को बरवाडीह से लातेहार, कर्मदेव सिंह को महुआडांड़ से लातेहार, मनोहर सिंह व झरी उरांव को मनिका से लातेहार प्रखंड में पदस्थापित किया गया है। निलंबित पंचायत सचिव राम अवतार सिंह का निलंबन समाप्त कर मनिका से बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित किया गया है।

बरवाडीह में कई आम बागवानी मृत सरकारी राशि का वारा न्यारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : सरकार और उसके नुमाइंदों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उसकी आय बढ़ाने और आर्थिक रूप से प्रबल बनाने तथा जलवायु वातावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से महत्वकांक्षी मनरेगा योजना अंतर्गत आम बागवानी योजना का क्रियान्वयन हो रहा है। जहां प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में दर्जनों आम बागवानी मनरेगा कर्मियों और लाभुकों की लापरवाही के कारण मृत हो गए हैं। इसे लेकर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी और पंसस प्रवीण कुमार ने स्थल का मुआयना किया जिसमें देखा गया कि बरवाडीह पंचायत में सरस्वती देवी,मुनी देवी और जितेन्द्र प्रजापति का बिरसा आम बागवानी मृत हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उक्त बागवानी में हजारों रुपए का भुगतान किया जा चुका है और सरकारी राशि का वारा न्यारा कर दिया गया है। वैसे तो मनरेगा में फर्जीवाड़े कर भुगतान का चलन तो है ही इसके अलावा कर्मियों की लापरवाही और लाभुकों की मनमानी का नतीजा है कि लाखों रुपए खर्च के बाद भी बागवानी के दस पेड़ भी जिंदा नहीं हैं। इस तरह देखा जाए तो प्रखंड में दर्जनों बिरसा आम बागवानी स्थल पर मौजूद नहीं है और सरकारी राशि का बंदरबांट कर हजम कर लिया गया है वहीं दूसरी और बागवानी का चयन आवंटन कर लुट की योजना बनाई जा रही है।

निशांत और रीता ने जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता में मेडल जीतकर बढ़ाया जिला का मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : रामगढ़ जिला में आयोजित दो दिवसीय पहला झारखंड सब जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप 2023 में लोहरदगा जिला से 16 सदस्य टीम गई हुई थी। यह प्रतियोगिता 10 और 11 जून को 2 दिनों तक चला। जानकारी देते हुए टीम कोच संतोष राम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के निशांत भगत अंडर 16 ऐज ग्रुप के लॉन्ग जंप में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया और रीता कुमारी ने अंडर 16 एज ग्रुप के हेक्साथलों इवेंट में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत मेडल हासिल कर लोहरदगा जिला का मान बढ़ाया। जैसा कि वर्तमान में एशियन चैंपियनशिप में साइकिलिंग के लिए लोहरदगा जिला की सरिता कुमारी का इंडिया टीम में चयन होकर मलेशिया प्रतिनिधित्व करने जा रही है। यह देखने और सुनने में बहुत अच्छा लगता है और लोहरदगा जिला के लिए गर्व की बात है। इसी तरह से जिला में होनहार खिलाड़ियों की कमी नहीं है सिर्फ तरासने की आवश्यकता है। बधाई देने के वक्त काइक संख्या में भर भर - कर बधाई मिलती है लेकिन थोड़ा सा खिलाड़ियों को ग्राउंड लेवल से ही खेल एसोसिएशन तथा जिला खेल विभाग के तरफ से उन्हें समय-समय पर मूलभूत सुविधा तथा कुछ बहुत वक्त पर आर्थिक सहयोग और सही मार्गदर्शन मिल जाए तो जिले के खिलाड़ी जिला का नाम राज्य से लेकर देश,देश से लेकर विदेश तक नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं। खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन पर पुलिस/ आर्मी/ एथलेटिक ष्ठरूस्त्रङ्ग कोच विनय उरांव, राष्ट्रीय खिलाड़ी विनोद महली ने बधाई दिया।

जदयू कार्यसमिति की बैठक आगामी 14 जून को

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक आगामी 14 जून को बाजार टांड स्थित पार्टी कार्यालय में होगी। उपरोक्त जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी ने देते हुए बताया कि कार्यकारिणी समिति की बैठक में कई फैसले लिए जाएंगे।इस बैठक में जिला कार्यसमिति, सभी प्रखंड के पदाधिकारी और सभी पंचायत के पदाधिकारियों को शामिल रहने का आदेश दिया गया है।

भीषण गर्मी को देखते 14 जून तक सभी कोटि के विद्यालय रहेंगे बंद

बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): स्कुली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर अत्याधिक गर्मी बढ़ने व लु के प्रकोप को देखते हुए 12 जून दिन सोमवार से बढ़ाकर 14 जून दिन बुधवार तक सभी कोटि के स्कुल बंद रहेंगे।इस संबंध में जानकारी देते हुए बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अनिता देवी ने बताई कि झारखंड सरकार ने राज्य में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप को देखते हुए 12जून से बढ़ाकर अब 14 जून तक स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है। सरकार के सचिव ने पत्र जारी कर सभी कोटि के विद्यालयों को बंद रखने का आदेश दिया है। सरकारी / गैर सरकारी / निजी विद्यालय अब 14 जून तक बंद रहेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव का राजद कार्यकर्ताओं ने जन्म दिन मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन में राजद के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के जन्म दिन के अवसर पर केक काट कर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने सुप्रीमो लालू यादव को दीर्घायु होने की कामना किया। साथ हीं उनके आदर्शों पर चलने की शपथ खाई। इधर प्रखण्ड अध्यक्ष गुड्डु आलम ने बताया कि लालू यादव राजद के सुप्रीमो के साथ पूर्व मुख्य मंत्री भी रहें है। इनके कार्यकाल में किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं रहा कार्यकर्ताओं को हमेशा हौशला अफजाई करते रहे।उन्हें पार्टी आदर्श मान कर झारखण्ड में जन्मदिन मनाया जा रहा है। मौके पर शारदा देवी, अख्तर हुसैन, जवाहर यादव, आनन्द पांडेय, बीरेंद्र यादव, हाजी इजहार, छोटू यादव, नागेश्वर महतो, विजय यादव,रफीक आलम, महाबीर महतो अनवर मियाँ, आजो अंसारी के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

उपायुक्त ने इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में चल रहे तालाब निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : रविवार को उपायुक्त अबु इमरान जिले के इटखोरी प्रखंड में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट से संचालित तालाब निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे इटखोरी।निरीक्षण के क्रम में इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के करणी पंचायत के खरोंद गांव, चोरकारी, मलकपुर पंचायत के डुंडी गांव में संचालित तालाब निर्माण कार्य का जायजा लिया। साथ ही इटखोरी मयूरहंड रोड में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से बन रहे पुलिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में उपस्थित पदाधिकारी को कहा कि यह सुनिश्चित करें की मॉनसून से पहले तालाब का कार्य पूर्ण हो और पुलिया निर्माण का भी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ शब्द में कहा कि यह भी सुनिश्चित करें की पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग हो।उक्त निरीक्षण के क्रम में अंचल अधिकारी इटखोरी राम विनय शर्मा, संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

चैनपुर में नगर निगम चुनाव के लिए सहायक निर्वाचक पदाधिकारी 5 वार्डो के मतदाता सूची तैयार की



प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : नगर निगम चुनाव के लिए चैनपुर प्रखंड के 5 वार्डो के लिए सहायक निर्वाचक पदाधिकारी ने किया पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति। चैनपुर अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचक पदाधिकारी संजय कुमार बखला ने मेदनीनगर नगर निगम चुनाव को लेकर चैनपुर प्रखंड अंतर्गत 5 वार्ड वार्ड नं-31, 32, 33, 34 और 35 के मतदाता सूची बिखंडीकरण और उसके तैयार करने को लेकर पर्यवेक्षक की नियुक्ति की है। इस संदर्भ में पत्र के अनुसार उनके बूथ नंबर-99, 100, 101, 106 और 107 के लिए इंद्रजीतदास 102, 103, 104 और 105 के लिए अमरेंद्र नारायण 108, 109, 110, 111 और 112 के लिए भी अमरेंद्र नारायण 121, 122, 127 के लिए राधे श्याम राम 118, 119, 120, 123, 124 के लिए महेंद्र राम पंचायत सचिव को पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त किया है। इसके साथ ही अन्य राजेश्व कर्मचारियों और अन्य पदाधिकारी को सहयोग कर्ता के लिए नामित किया है। आपको बता दे की 5 जून से 17 जून तक मतदाता सूची का बिखंडीकरण किया जा रहा है जिसमे 1 जुलाई को मतदाता सूची का पर्यरूप का प्रकाशन किया जाएगा।

बारियातू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लालू यादव का 76 वां जन्मदिन

बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय स्थित राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव के आवास मे रविवार को कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू यादव का 76 वां जन्मदिन केक काट व हर्ष उल्लास के साथ एक दुसरे को केक खिलाकर मनाया गया। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को हुए अध्यक्ष यादव ने कहा कि राजद पार्टी गरीब, मजदूर, किसान व दलित की पार्टी है जाति धर्म से उपर उठकर समता मूलक समाज बनाने के लिए संघर्षरत है। गरीब शोषित, मेहनतकश के लिए श्री लालू प्रसाद यादव देश के लोकप्रिय नेता हैं। भारत में अब तक के लालू यादव ही एक ऐसा रेल मंत्री थे जिन्होंने ने प्रदर्शिता के साथ कार्य कर रेल में मुनाफा दिखलाने के साथ साथ गरीब रथ जैसे दर्जनों रेल चला कर गरीब, मजदूर, किसान व दलितों को रेल में सवारी करने का मौका दिया। उनके कई सकारात्मक कार्य को गिनाते हुए उनके साथ खड़े रहने का संकल्प दिलाया। मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन उरांव, संतोष यादव, करण यादव, मुन्ना उरांव, शंभु ठाकुर, जितेंद्र उरांव, कमल उरांव, नरेश पासवान, केदार यादव, बालेश्वर उरांव, कोमल यादव, सुमन उरांव, मो सुफयान, सय्युब अंसारी, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव का 76 वां जन्म दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : मनिका प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय जनता दल राजद जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव के आवास में राजद प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव के अध्यक्षता में, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 76 वां जन्म दिवस मनाया गया। जन्म दिवस के अवसर में राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव के द्वारा केक काटकर लालू प्रसाद यादव के फोटो के माध्यम से केक खिलाकर नारेबाजी के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित राजद जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि लालू प्रसाद यादव कलयुग के भगवान है, जब द्रोपदी का चीर हरण हो रहा था, तो वहां कोई बोलने वाला नहीं था, लेकिन एक मात्र श्री कृष्ण भगवान ने बोलने का कार्य किए थे, उसी प्रकार संविधान में बहुत कुछ बाबा साहब लिखकर गए थे, पढ़ने वाला बहुत था लेकिन पढ़कर बोलने वाला एकमात्र लालू प्रसाद यादव हुए जो कि अपने राजनीतिक कार्यकाल में शोषित,पीड़ित, गरीब को बोलने का मुंह दिया, राजद जिला सचिव दामोदर यादव ने भी लालू प्रसाद यादव का जीवनी पर प्रकाश डालें और उनके विचारधारा पर चलने की बात कहा उसी क्रम में कई कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी वक्तव्य से प्रकाशित किए,उसी क्रम में मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी राजद प्रत्याशी गिरजानंद सिंह चेरों उर्फ गिरी, ने कहा की लालू प्रसाद यादव का इस देश में सामाजिक न्याय और सद्भावना के रूप में मनाया जा रहा है। इस देश में लालू प्रसाद यादव जैसा नेता को अभी रहना जरूरी है,मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि उनकी उम्र और ज्यादा लंबी करें और हमलोगों के बीच में और देश के हित में जिस प्रकार से उनका भूमिका रहा है, और अपने नेतृत्व में अपने मार्गदर्शन में हम लोगों को चलने के जिस प्रकार उन्होंने मौका दिया है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी उम्र में बढ़ोतरी करें। मौके पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी राजद प्रत्याशी गिरजानंद सिंह चेरो उर्फ़ गिरी, समेत बल्ली प्रसाद यादव, अनिल विश्वकर्मा , जितेंद्र प्रसाद यादव, दामोदर यादव,रामसेवक उरांव, बालेश्वर याद, सकेंद्र यादव, अख्तर अंसारी, रुपेश यादव, महेंद्र यादव, शंभू यादव, दिनेश सिंह, सरहरुक अंसारी, सुरेश यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें।

उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। इसमें बालू के अवैध उठाव/परिवहन से संबंधित हुई कार्रवाई, बालू का स्टॉक, छापेमारी संबंधी समीक्षा की गई और सहायक खनन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू के संबंध में छापेमारी करते रहें। साथ ही,मामलों एफआईआर आदि की कार्रवाई करें। संबंधित थानों से संपर्क कर कार्रवाई निरंतर जारी रखें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल और सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

शिवकुमार भुइयां के घर में लगी आग, 70 हजार की संपत्ति राख

डंडई (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय डंडई के भुइया टोला निवासी शिवकुमार भुइयां पिता स्वर्गीय झरी भुइयां के घर में अचानक आग लगने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना दोपहर करीब 11 बजे कि है। गृह स्वामी शिवकुमार भुइयां ने बताया कि दोपहर में हम लोग घर में आराम कर रहे थे। उसी वक्त अचानक घर में आग की लपटें दिखाई दी। शोर मचाने पर पास पड़ोस के ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सबों ने मिलकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन आग की लपटें काफी तेज थी। जिससे आग पर काबू नहीं पाया जा सका एवं आग बुझाते बुझाते घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। शिव कुमार भुइयां ने बताया कि आग लगने से लगभग 70 हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हो गया है। घर में रखा सिलाई मशीन, चावल, गेहूं, टेबल, कुर्सी, चौकी, बर्तन व अन्य सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया है। उसने बताया कि वह अत्यंत ही गरीब परिवार से है। अगलगी की इस घटना ने इस चिलचिलाती धूप में उसे बेघर कर दिया। अब उसके पास रहने को छत भी नहीं है। उसने सीओ चोनाराम हेंब्रम से आपदा राहत के तहत मदद की गुहार लगाई है।

संक्षिप्त खबरें

ग्रीष्मकालीन वालीबाल व क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन

सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल के वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रशिक्षण 13 दिवसीय कार्यक्रम रविवार को गांधीनगर मैदान, राँची में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में 140 बच्चों ने भाग लिया। समापन समारोह में आदिल हुसैन प्रबंधक (खेल) एवं दिव्या सिंह प्रबंधक (कार्मिक) विशेष रूप से उपस्थित थे। बताया गया कि शिविर का उद्देश्य युवा एथलीटों को वॉलीबॉल और क्रिकेट दोनों में अपने कौशल को बढ़ाने का अवसर प्रदान करना था, साथ ही साथ टीमवर्क, खेल भावना और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना था। शिविर 8 से 16 वर्ष की आयु के बीच के लड़कों और लड़कियों के लिए आयोजित किया गया था।

शिविर गतिविधियां : शिविर में वॉलीबॉल और क्रिकेट में प्रतिभागियों के कौशल को विकसित करने के लिए डिज़ाइन की गई गतिविधियों का एक व्यापक कार्यक्रम शामिल था। चोटों को रोकने और लचीलेपन में सुधार करने के लिए प्रत्येक दिन वार्म-अप अभ्यास और स्ट्रेचिंग रूटीन के साथ शुरू हुआ। इसके बाद प्रतिभागियों को उनकी उम्र और कौशल के स्तर के आधार पर समूहों में विभाजित किया गया।

वॉलीबॉल प्रशिक्षण : वॉलीबॉल प्रशिक्षण सत्र खेल के मूलभूत कौशल सिखाने पर केंद्रित था, जिसमें सेवा करना, पास करना, सेटिंग करना, हमला करना और ब्लॉक करना शामिल है। प्रतिभागियों ने अभ्यास, अभ्यास मैचों और मैत्रीपूर्ण प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न तकनीकों को सीखा। अनुभवी प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को उनकी तकनीक और खेल की सामरिक समझ में सुधार करने में मदद करने के लिए मार्गदर्शन और प्रतिक्रिया प्रदान की। शिविर के आयोजन में कोच निशिकान्त पाठक एवं उनके सहयोगी राहुल मुँडा, सतीश उराव एवं रवि मंडल का विशेष योगदान रहा।

क्रिकेट प्रशिक्षण : क्रिकेट प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कौशल में सुधार करना था। प्रतिभागियों को उचित बल्लेबाजी रुख, फुटवर्क और शॉट चयन सिखाया गया। उन्होंने ग्रिप, रन-अप और रिलीज़ सहित गेंदबाजी तकनीकों पर भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। क्षेत्ररक्षण अभ्यास और मैच परिदृश्यों ने उनकी क्षेत्ररक्षण क्षमताओं को बढ़ाने में मदद की। प्रशिक्षकों ने निष्पक्ष खेल पर जोर दिया और पूरे प्रशिक्षण सत्र में टीम वर्क को प्रोत्साहित किया। शिविर के आयोजन में ज़ीशान खान, रवि परिदा, रनधिर कुमार एवं ललन सिंह का योगदान रहा।

दोस्ताना मैच : प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए विभिन्न समूहों के बीच मैत्रीपूर्ण मैचों का आयोजन किया गया। इन मैचों ने प्रतिभागियों को टीम वर्क और स्पोर्ट्समैनशिप को बढ़ावा देते हुए प्रतिस्पर्धी सेटिंग में अपने कौशल को लागू करने की अनुमति दी। मैचों का बारीकी से निरीक्षण कोचों द्वारा किया गया, जिन्होंने रचनात्मक प्रतिक्रिया प्रदान की और सकारात्मक सीखने के माहौल को प्रोत्साहित किया।

समर वॉलीबॉल और क्रिकेट कैंप काफी सफल साबित हुए। वॉलीबॉल कैंप के आयोजन में झारखंड वॉलीबॉल संघ का विशेष योगदान रहा /13 दिवसीय शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने जबरदस्त उत्साह और समर्पण दिखाया। दोनों खेलों के बारे में उनके कौशल और समझ में काफी सुधार हुआ। शिविर ने न केवल उन्हें मूल्यवान प्रशिक्षण प्रदान किया बल्कि प्रतिभागियों के बीच भाईचारे और खेल भावना को भी बढ़ावा दिया। आयोजकों को दोनों प्रतिभागियों और उनके माता-पिता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, उन्होंने समग्र अनुभव के साथ अपनी संतुष्टि व्यक्त की। शिविर के सम्पूर्ण व्यवस्था की उचित ध्यान मुन्ना प्रसाद एवं मोहित राज मिन्ज़ ने रखा। भविष्य में ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रखने की योजना है। जिसका उद्देश्य युवा एथलीटों को खेल के क्षेत्र में वृद्धि, विकास और आनंद के अवसर प्रदान करना है।

कोयलांचल अरगड्डा- सिरका के सरकारी व निजी विद्यालय 3 दिन रहेंगे बंद

सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय गर्मी को लेकर 3 दिन बंद रहने वाले है। इस संबंध में झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि कुमार के द्वारा रविवार को ज्ञापान 131 जारी किया गया हैं। विद्यालय 12 जून से 14 जून 23 तक अवकाश पर रहेंगे। यह निर्णय गर्मी में लू को ध्यान में रखते हुए उठाये गए है। इसके लिए संबंधित सभी विभागों आदेश पत्र जारी कर दिया गया हैं।

60/40 नियोजन नीति के खिलाफ दूसरे दिन भी बंद असरदार

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : कल की भाँति आज रविवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के मुख्य चौक सातमिल मे झारखंड बंद को ले कर छात्र संघ के बैनर तले विष्णुगढ़-बगोदर एवं गोमियाँ सड़क मार्ग को घण्टो जाम करते हुए हेमन्त सरकार के खिलाफ जम कर नारे बाजी की गई,छात्रों ने सरकार से 60/40 नियोजन नीति को वापस कर स्थानीय नीति खतियान के आधार पर लागू करने की बात दुहराई गई। छात्र संगठनों से जुड़े लोगों ने कहा कि अगर झारखंड के

नायक बिरसा मुंडा तथा चुहाड विद्रोह् के महानायक रघुनाथ महतो के सपनो का झारखंड यही है,तो नैतिकता के आधार पर हेमंत सोरेन को राज गद्दी छोड़ देना चाहिए।आज जिसके नाम और सपनो पर सरकार बनाई है, उसके सीने पर अपने ही लोगो द्वारा झारखंड के सीने पर जख्म देते नजर आ रहे है। हम लोग झारखण्ड के युवाओं का हक मारने की इजाजत किसी भी सरकार को नही दे सकते।हमे हमारा हक और बिरसा मुंडा की धरती वापस चाहिये।

झारखंड पे पहला हक किसका इसका निर्णय ले सरकार झारखंड अलग हुए 22 वर्ष समाप्त हो गया , लगभग सभी दलों ने हेरा-फेरी कर सरकार भी बनाई और गिराई पर जो काम वर्ष 2001 मे हो जाना चाहिए था आज तक नही हुआ,इसी का मलाल हम झारखंड वासियों को है। आखिर क्यों और किस कारण मूल निवासी को परिभाषित अब तक नही किया गया ?

छात्रों ने कहा की झरखंडियो के हक और अधिकार को यूपी और बिहार के हाथो बेचा जा रहा है जिसके खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है, नही तो सब कुछ बर्बाद हो जायेगा।

हमारे पूर्वजो ने जिस झारखंड की परिकल्पना की थी,हम उसे जरूर पूरा करेंगे ।- छात्र संघ छात्र संघ के नेताओं ने कहा कि हमारा पूर्वज झारखंड अलग राज्य के लिए कुर्बानी दी ताकि हमारा आने वाला भविष्य खूबसूरत हो जबकि उसका उलट आज का झारखंड बदबूदार लगने लगा है और हो भी क्यों ना जितनी भी बहालिया ली जा रही है लगभग 70% यूपी बिहार बंगाल उड़ीसा के लोग शामिल हो जा रहे हैं यहां के युवा पढ़ लिखकर मजबूरन विदेशों में काम करने के लिए जा रहे हैं जहां से लगभग प्रत्येक सप्ताह एक ना एक प्रवासी मजदूरों की लाशें आ रही है क्या यही है अबुआ राज का सपना छात्रों ने अपनी भड़ास निकालते हुए हेमंत सरकार के खिलाफ खूब भड़ास निकाला और आने वाले समय में इससे भी बड़ा आंदोलन का रूपरेखा तैयार करने की बात कही अगर सरकार नहीं सुनती है तो सरकार बदलने के लिए तैयार रहें ।

अंतरराष्ट्रीय सम्मान डॉ. कलाम यूथ रत्न अवार्ड 2023 के लिए राम प्रवेश का हुआ चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिददी : अंतरराष्ट्रीय युवा केंद्र चाणक्यपुरी नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कलाम युथ लीडरशिप कॉन्फ्रेश 2023 के डाड़ी प्रखंड निवासी होसीर निवासी जुबिली कॉलेज भुरखुंडा यूनिट 2 एनएसएस स्वयंसेवक रामप्रवेश ठाकुर को अंतरराष्ट्रीय सम्मान डॉ. कलाम यूथ रत्न अवार्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया, पाकिस्तान, सऊदी, अरब समेत 25 देश के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। रामप्रवेश को डॉ कलाम यूथ रत्न अवार्ड के साथ झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगा। यह कार्यक्रम 27-29 जुलाई को अयोजित किया जा रहा हैं। इसमें ख्वाब फाउडेशन का चेयर मैन मुन्ना कुमार ने ईमेल द्वारा सम्मान की सूचना आमंत्रण पत्र भेजा हैं।

माण्डू विधायक ने झारखंड आंदोलनकारी शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : स्व0 टेकलाल बाबू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी रामधनी मंडल, साधु महतो, शनिचर महतो,सैनाथ महतो, सोहर मोहर,मोहर महतो,बोधराम महतो,केवल महतो ने अपना सर्वस्व न्योछावर करते हुए अपना बलिदान दिया । टेकलाल बाबू द्वारा इन सभी को श्रद्धांजलि देने की परंपरा का आरम्भ किया गया था,जिसको निर्बाध रूप से पूरे आदर एवं

सम्मान के साथ आज भी माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने निर्वहन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर उन सभी को नमन किया । पुण्यतिथि के अवसर पर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने बंदखारो में शहीद झारखंड आंदोलनकारी के परिजनों सम्मानित किया। शहीद के परिजनों को अपनी ओर से अंग वस्त्र तथा पेंशन देते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए चल रहे आंदोलन में रामधनी मंडल, साधु महतो, सनीचर महतो,सैनाथ महतो, सोहर महतो,मोहर महतो,बोधराम महतो तथा केवल महतो अपनी बलिदानी दी है। इन शहीदों के बल पर झारखंड अलग राज्य की प्राप्ति हुई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर महतो, लखन महतो, गिरवर चौधरी, गुरु प्रसाद साव, अनिल राय, बासुदेव महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

प्रजापति समाज करेगा जैक एवं सीबीएसई बोर्ड के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रखंड के गया रोड स्थित आकाश पैलेस होटल में बरही अनुमंडलीय स्तरीय प्रजापति समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बरही प्रखंड अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जैक एवं सीबीएसई बोर्ड के तहत उत्तीर्ण हुए 10वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं को प्रजापति समाज के द्वारा सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर हुई। कार्यक्रम के जानकारी देते हुए

प्रखंड अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने कहा कि प्रत्येक वर्ष जैक एवं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं को समाज के द्वारा सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष भी जैक एवं सीबीएसई बोर्ड में उत्तीर्ण हुए मैट्रिक एवं इंटर के छात्र छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। यह प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम अगले 25 जून को बरही गया रोड स्थित आकाश पैलेस होटल में रखा गया है।

आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रखंड मैदान में रविवार से आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का पहला मैच बरही बीएसए एवं रेनबो पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रेन्बो स्कूल ने 16.2 ओवर में 10 विकेट के खोकर 105 रनों का लक्ष्य दिया। रेंबो स्कूल की ओर से रूपेश कुमार ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। बीएसए की ओर सर्वाधिक विकेट संदीप कुमार और सुशील गुप्ता ने 2-2 विकेट हासिल किया। वही बीएसए की ओर सर्वाधिक 42 रन संदीप कुमार बनाकर नाबाद रहे। बीएसए ने 6 ओवर में 9 विकेट से जीत हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच के रूप में बीएसए के संदीप

कुमार को चुना गया। वहीं इस मैच में निर्णायक की भूमिका सूरज कुमार व राजेश कुमार एवं स्कोरर ऋषि कुमार ने निभाया। वहीं कोबरा इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने बीएसए बरही की टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

सात घंटे रहा बंद का असर

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : 60-40 नियोजन नीति के विरोध में दो दिवसीय झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन द्वारा पतरातू में लगभग सात घंटे बंद जारी रहा ढ्ढ रविवार को अहले सुबह जेएसएसयु द्वारा पतरातू लेक रिसोट् 'के पास रांची-पतरातू मार्ग और जिंदल कंपनी जाने वाली मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया ढ्ढ वहीं उपस्थित जेएसएसयु नेता धनेश्वर महतो और छोटेलाल महतो ने कहा कि 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ यह बंदी की गई है ढ्ढ अपनी मांगों को बताते हुए उन्होंने कहा वर्तमान सरकार क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा से सुसज्जित खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति ला करके ही नियुक्तियां की प्रक्रिया शुरू की जाए ढ्ढ तृतीय और चतुर्थ वर्ग के नौकरी के लिए आदिवासी मूलवासी झारखंडवासी के लिए शत-प्रतिशत

सुनिश्चित करना होगा ढ्ढ झारखंड सरकार द्वारा लाई 60-40 की नियोजन नीति नहीं चलने दिया जाएगा ढ्ढ उसे वापस लेना होगा ढ्ढ 60-40 नीति में झारखंडवासियों के लिए 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत अन्य राज्यों के लिए खोल दिया गया है द्य जो झारखंडीयों के लिए न्याय संगत नहीं है ढ्ढ वही वर्तमान सरकार 60त्न झारखण्डवासियों के लिए आरक्षण है ढ्ढ तो वह बता नहीं पा रही है कि 60त्न यदि है ढ्ढ तो किन लोगों के लिए है ढ्ढ जो नीति संबंध नहीं है ढ्ढ किसी भी स्थिति में विधि संबंध नहीं है ढ्ढ आगे उन्होंने कहा है कि झारखंड की वर्तमान सरकार 60-40 नीति को वापस ले ढ्ढ और सरकार ऐसी नियोजन नीति लाए ढ्ढ जिसमें झारखंड के आदिवासी मूलवासी को अधिक से अधिक भागीदारी हो ढ्ढ ताकि यहां के लोगों का आर्थिक विकास और सामाजिक विकास हो सके।छुट्टी के दिन जेएसएसयु द्वारा लेक रिसोट् 'के पास रोड जाम करने से पतरातू-रांची मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ छोटी-बड़ी गाड़ियों की लंबी कतार लग गई ढ्ढ साथ ही साथ जिंदल रोड में भी बड़ी-बड़ी गाड़ियों की लाईन लग गई।जिससे लोग काफी परेशान रहे। मौके पर पहुंची दल- बल के साथ पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने रोड जाम कर रहे लोगों को समझाने का काम किया ढ्ढ लेकिन,बंद समर्थको ने एक नहीं सुनी वहीं बंद समर्थको ने मेडिकल शादी लगन एयर-पोट जाने वाली गाड़ियों जाने दिया ।

विद्यालय चहारदीवारी निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : राजकीय बुनियादी विद्यालय बेलकप्पी में जिला परिषद 15वीं वित्त से बनने वाले चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास बरकट्ठा जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया ने किया।जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि शिक्षा से ही देश व समाज का विकास होता है।बिना शिक्षा के कोई भी समाज व देश आगे नही बढ़ सकता।इसलिए चाहे कितनी भी कठिन से कठिन परिस्थितियां क्यों न आ जाये, अपने बच्चों शिक्षित अवश्य करें।उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का जमीन चारों तरफ से अतिक्रमण किया जा रहा है।जिसका स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा लिखित शिकायत हमें मिला था। आने वाले समय मे अन्य फंड से चारो तरफ विद्यालय का चहारदीवारी का काम पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर बेलकप्पी उपमुखिया छत्रधारी ठाकुर ने कहा की जिला परिषद से विद्यालय चहारदीवारी निर्माण का कार्य सहरानीय है। बेलकप्पी पंचायत के ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समाजसेवी सी के पाण्डेय, उप मुखिया छत्रधारी ठाकुर, पूर्व उप मुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय,स्कूल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय,श्री पाण्डेय,अनुज पाण्डेय,रामजी पाण्डेय, समाजसेवी रिंकू माली,मनोज चंद्रवंशी, सुरेंद्र पाण्डेय, मनोज राणा,नंददेव कुमार,शेषनाथ सिंह,सोनू पाण्डेय,पांडु पाण्डेय,रोहित साव, अजित मोदी,ब्रह्मदेव पाण्डेय,जितेंद्र पासवान,रिंकू पासवान, सागर पासवान,राजश्रीकांत पाण्डेय, राजेश यादव, संवेदक रवि गोस्वामी एवं सुनील नायक,अन्य समाजसेवी, गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

सूर्यकुण्ड धाम भूमि बचाव संघर्ष समिति का किया गया गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : निर्धारित समयानुसार प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में एक बैठक आहूत कि गई।जिस बैठक कि अध्यक्षता विजय पाण्डेय के द्वारा किया गया जबकि संचालन जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय के द्वारा किया गया उक्त बैठक के मुख्य उपदेश सूर्यकुण्ड धाम परिसर के आसपास गैरमजरूआ भूमि को संरक्षित करना व भूमाफियाओं के द्वारा किस प्रकार से कागजाती फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।जिस विषय पर वरीय अधिकारियों को मामले से अवगत कराना एवं कुंड के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था एवं सूर्यकुण्ड परिसर में सरकार के द्वारा लगाए गए बिजली

उपकरणों कि मरम्मती करना जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर सूर्यकुण्ड धाम भूमि बचाव संघर्ष समिति का गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय,संयोजक राजकुमार नायक व तेजनारायण पाण्डेय, सचिव चंद्रकात पाण्डेय,कोषाध्यक्ष अनुज कुमार पाण्डेय,उपाध्यक्ष सुरेश कुमार पाण्डेय,उपकोषाध्यक्ष अजीत पाण्डेय,सह् सचिव संतोष कुमार पाण्डेय व शेषनाथ सिंह का चयन किया गया वंही निगरानी समिति के रूप में रिंकू मालाकार,मनोज चंद्रवंशी,विकास दास,जितेंद्र पासवान,राजू पासवान,सोनू पाण्डेय,ब्रह्मदेव पाण्डेय,विक्रांत पाण्डेय, नंददेव कुमार,महेश चंद्रवंशी का चयन किया गया।बैठक में मुख्य रूप से नंदकिशोर ठाकुर,विनोद गिरि,रामजी पाण्डेय,चंद्रीका पाण्डेय,श्याम प्रसाद वर्णवाल,सुनील ठाकुर,के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

डेवलपमेंट को लेकर यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के प्राचार्य ने सांसद से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

हज़ारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयदीप सान्याल ने सांसद जयंत सिन्हा को लॉ कॉलेज में विकास एवं विभिन्न कमियों को लेकर अवगत कराया।जिसमें विभिन्न बिंदुओं को लेकर एक एक करके गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई और कॉलेज में आगामी दिन में विकास कार्यों को लेकर सांसद जयंत सिन्हा ने आश्वस्त किया।सांसद जयंत ने कहा कि ये कॉलेज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।हज़ारीबाग के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि जिले के स्थानीय बच्चों को बाहर जाकर पढ़ने के लिए कष्ट करना नही पड़ता है।क्योंकि विश्वविद्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की देन थी कि लॉ कॉलेज का

निर्माण होने से हज़ारों बच्चो को शिक्षा से जोड़ा जा रहा है और हज़ारीबाग ही नही बल्कि पूरे झारखंड एवं देश मे आज के समय मे लॉ कॉलेज के छात्र छात्रा एपीपी ज्यूडिशियल ऑफिसर, विभिन्न सरकारी आधिकारिक पद पर नियुक्त होकर के देश सेवा में अपना योगदान दे रहे है और यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज का नाम,जिला,प्रदेश को गौरवान्वित कर रहे है।जयंत सिन्हा ने कहा कि लॉ एक ऐसी डिग्री है जिसमें रोजगार के पथ खुले रहते है।सांसद जयंत सिन्हा ने प्राचार्य डॉ जयदीप सन्याल को आश्वस्त किया और सारी विषयों को गंभीरता पूर्वक देख कर समझ कर कहा कि बहुत जल्द ही लॉ कॉलेज में विकास कार्य आरंभ किया जाएगा।

बड़कागांव पुलिस को मिली सफलता कोढ़ा गैंग का सदस्य गिरफ्तार

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) : थाना क्षेत्र में आए दिन मोटरसाइकिल की डिक्की से पैसे की छिनतई की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। इस संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या 173/ 23 धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया था। बड़कागांव पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बैंकों में रेकी कर चोरी एवं छिनतई करने वाले कोढ़ा गैंग के सक्रिय सदस्य बिहार के कटिहार जिले के कोढ़ थाना अंतर्गत जुराबगंज निवासी 52 वर्षीय जितेंद्र बंजारा उर्फ जितेंद्र कुमार यादव को आईडीबीआई बैंक बड़कागांव के पास से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ एवं अनुसंधान से यह बात प्रकाश में आई के जितेंद्र और उनके सक्रीय सदस्यों के द्वारा बैंक में ग्राहक बनकर लोगों के पैसे निकालने की रेकी कर बाहर में मौजूद इनके अन्य सदस्यों को सूचना देकर घटना को अंजाम देते थे। पूछताछ में जितेंद्र ने स्वीकार किया कि बड़कागांव में मोटरसाइकिल की डिक्की से पैसों की चोरी की घटना इनके और इनके गैंग के द्वारा किया जाता था। जितेंद्र बंजारा के अलावा कोढ़ा गैंग के तीन अन्य सदस्य के द्वारा घटना को अंजाम दिया जाता था। गिरफ्तारी के समय जितेंद्र के पास से दो कीपैड मोबाइल, तीन अलग-अलग बैंकों का पासबुक, एक मटमैला रंग का थैला, एक काले रंग का हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, तीन मास्टर चाबी, एक फर्जी आधार कार्ड एवं ?44230 नकद बरामद किया गया है। छापेमारी दल में बड़कागांव पुलिस पदाधिकारी के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

अनमोल इंडिया लिमिटेड के बोर्ड ने शेयर धारकों को 4:1 के रेशो में बोनस शेयर देने को मंजूरी दी

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): सप्लाई चेन मैनेजमेंट, कमोडिटी ट्रेडिंग और कोयला आयात के अग्रणी खिलाड़ियों में से एक अनमोल इंडिया लिमिटेड (BSE: 54243|, NSE: ANMOL) के बोर्ड ने शेयर धारकों को 4:1 के रेशो में बोनस शेयर देने को मंजूरी दी है, शेयर धारकों की मंजूरी के बाद होगी प्रक्रिया पूरी अर्थात नियत तारीख पर कंपनी के शेयरधारकों द्वारा धारित हर 1 इक्विटी शेयर के लिए उन्हें 4 इक्विटी शेयर बोनस में दिए जाएंगे, शेयर धारकों की मंजूरी के बाद। हाल ही में, अनमोल इंडिया लिमिटेड ने 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही में और वित्तीय वर्ष 2022-23 में शानदार कमाई होने की घोषणा की थी।

चौथी तिमाही के प्रमुख वित्तीय आंकड़े

वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में वित्तीय वर्ष 2022 की चौथी तिमाही को तुलना में ऑपरेशंस से रेवेन्यू में 18.70त्न की बढ़त दर्ज की गई जिसमें वित्तीय वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 311.80 करोड़ रुपये का राजस्व था, वो से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023 चौथी तिमाही में 370.13 करोड़ रुपये हुआ और यह बदलाव मुख्य रूप से पोर्टफोलियो में कोकिंग कोल, मेट कोक, केमिकल्स और आयरन एंड स्टील जैसे नए उत्पादों को शामिल करने और वॉल्यूम बढ़ाने से हुआ है।एबिटा (EBITDA) की बात करें तो कंपनी ने वित्तीय 2022 की चौथी तिमाही के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में 31.83त्न की वृद्धि दर्ज की है। जो एबिटाराशि वित्तीय वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 7.32 करोड़ रुपये थी, वो वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में बढ़कर 9.65 करोड़ रुपये हुई। प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (PAT) में भी बेहतरीन प्रदर्शन के साथ 40.18त्न की बढ़त दर्ज हुई है। वित्तिय वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में जो प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 3.16 करोड़ रुपये था, वो वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में बढ़कर 4.43 करोड़ रुपये हुआ। पीएटी (PAT) का मार्जिन वित्तीय वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 1.01त्न से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में 1.19त्न हुआ है जो 18 बेसिस प्वाइंट अधिक है।

अत्याधिक गर्मी के मद्देनजर जिले के सभी विद्यालय 14 जून तक रहेंगे बंद

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त(अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालय 14 जून 2023 तक बंद रहेंगे।

सैकड़ों छात्रों ने ली एनएसयूआई की सदस्यता

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को धनबाद परिसदन मे एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी की उपस्थिति तथा नवाजिश अफजल की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। जिसमें एनएसयूआई के कार्यों से प्रभावित होकर सैकड़ों छात्रों ने एनएसयूआई का दामन थामा और सदस्यता ग्रहण की। छात्रों ने विशेष तौर पर संगठन में विश्वास जताते हुए बताया कि उन्हें एनएसयूआई के साथ मिलकर छात्र हित में कार्य करने की बात कही। सदस्यता ग्रहण करने वाले में कोयलांचल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग, राजनीति विभाग, मास कम्युनिकेशन, पीके रॉय कॉलेज, आरएसपी कॉलेज, आरएस मोर कॉलेज, राजगंज कॉलेज आदि के सैकड़ों छात्रों ने पार्टी का दामन थामा। सदस्यता ग्रहण करने वाले में मुख्यता जहीर आलम, जावेद खान, मो मजहर अंसारी, अरविंद हांसदा, लिवास महतो, अजहरुद्दीन अंसारी, आशिक अंसारी, प्रीत पांडे, मो.सरफुद्दीन अंसारी, शनवाज, सोहेल खान, तनवीर, अरमान समेत सैकडों छात्र शामिल हुए। मौके पर उपाध्यक्ष रवि पासवान, जिला महासचिव अंकित कुमार, नितेश शर्मा, सनी सिंह, जिला सचिव नवाजिश अफजल, झरिया नगर कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, पीके रॉय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, सुंदर कुमार, उत्कर्ष, जय प्रकाश सिंह, सौमोदीप, सोहैल, आयुष आदि मौजूद थे।

गेतलसूद डैम में मिली 30 किलो की सिल्वर कप मछली

अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता): गेतलसूद डैम में बिबता नायक ने आज सुबह 30 किलो का सिल्वर कप मछली पकड़ा है । बिबता ने बताया की मछली पकड़ने के लिए डैम में जाल डाला था । ज़ब जाल को खींच रहा था तो बहुत भारी लगा । अपने दोस्तों को बुलाकर सभी के सहयोग से जाल को पानी से बाहर निकाला तो उसमे 30 किलो का सिलवर कप मछली मिला । मौके पर विक्की नायक मुन्ना नायक जयनाथ नायक बीसू नायक भोला महतो राजेश लोहरा उपस्थित थे ।

कई मामलों को लेकर राशिद रजा अंसारी के आवासीय कार्यालय में बैठक

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी 15 जुन 2023 को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन मंजूर अंसारी के धनबाद आगमन को लेकर वासेपुर में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी के आवासीय कार्यालय में एक आवश्यक बैठक हुई। राशिद रजा अंसारी ने बताया की बैठक मे नवनियुक्त चेयरमैन मंजूर अंसारी का जोरदार स्वागत अभिनंदन, संगठन शशक्तिकरण एवं भारत जोड़ो मुशायरा कवि सम्मेलन की तय्यारी एवं उसकी सफलता हेतु गंभीरता के साथ चर्चा हुई तथा आगामी कार्यक्रम को एतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक मे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य मुख्तार खान, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शमशेर आलम, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जाहिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

12 से 14 जून तक बंद रहेगा सभी विद्यालय

साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता): स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार ,रांची के सचिव,रवि कुमार, के निर्गत आदेशानुसार झारखंड राज्य में अत्यधिक गर्मी पढ़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी गैर सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक सहित एवं सभी निजी विद्यालय दिनांक 12 जून से 14 जून2023 तक बंद रहेंगे। वही इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए स्वीकृत किया जाएगा।

जिला प्रशासन की पहल पर सीएसआर के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल सात ओपन जिम बनकर तैयार

उपायुक्त ने आधिकारिक रूप से संचालन जल्द शुरू करने का दिया निर्देश

खुली हवा में आधुनिक उपकरणों के साथ जिलेवासी रख सकेंगे अपनी सेहत का ख्याल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा एवं जिला प्रशासन की पहल से सीएसआर के तहत रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 7 जगहों पर ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। इसके लिए पूर्व में जिला प्रशासन, रामगढ़ एवं सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांची के द्वारा एमओयू किया गया था जिसके उपरांत लगातार समन्वय कर बेहद कम समय में जिलेवासियों के लिए सभी 7 ओपन जिम का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।सीएसआर के तहत मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत भवन के समीप, मांडूचट्टी बाजारटांड़ एवं कुज्जू पब्लिक हाई स्कूल, पतरातू प्रखंड अंतर्गत भुरकुंडा पंचायत भवन के समीप, सयाल हिल व्यू स्टेडियम के समीप, मयूर स्टेडियम रिवर साइड बुध बाजार एवं चितरपुर प्रखंड अंतर्गत अर्पणा वाटिका में ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत उपायुक्त द्वारा आधिकारिक रूप से जल्द से जल्द जिलेवासियों के लिए ओपन जिम का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया है

वही संचालन शुरू होने के उपरांत जिलेवासी खुली हवा में आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर अपनी सेहत का ख्याल रख सकेंगे।इस संबंध में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सीएसआर के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 7 ओपन जिम अधिष्ठापित करने के लिए सीसीएल दरभंगा हाउस रांची का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोग इतने व्यस्त हैं कि अपनी सेहत के लिए समय नहीं निकाल पाते वही अधिक व्यस्तता से तनाव भी उत्पन्न होता है। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में जहां बच्चे मनोरंजन के लिए ज्यादा समय खेल मैदानों में बिताते थे वही आज के दौर में बच्चे ज्यादातर समय मोबाइल इस्तेमाल करने पर दे रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में उन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ओपन जिम का निर्माण करने का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य के लिए पहल करना है। जहां लोग तनाव कम करने के लिए सुबह या शाम के वक्त टहलते हैं उसी जगह उन्हें अगर आधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे तो कहीं ना कहीं वे टहलने के साथ कसरत भी कर सकेंगे। साथ ही बच्चे आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल से मनोरंजन के साथ-साथ अपना स्वास्थ्य भी अच्छा रख सकेंगे।

तपती धूप से बेपरवाह बुंद-बुंद पानी बचाने में जुटे ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : सामुदायिक प्रयास से खूंटी जिले में चल रहे जनशक्ति से जलशक्ति अभियान से जुड़कर गुरमी ग्रामसभा के लोग बुंद-बुंद पानी बचाने में जुटे हैं। रविवार को अभियान के तहत गुरमी ग्रामसभा ने गजगांव व गुरमी के मध्य बहने वाले नाले पर बोरीबांध का निर्माण किया। ग्रामीणों ने तपती धूप में पानी के लिए श्रमदान किया। ग्रामप्रधान सुनील कुमार मुंडा ने कहा कि गुरमी उपरटोली के लोगों के पानी की समस्या को खत्म करने के लिए बनई नदी पर पिछले चार जून को बोरीबांध बनाया गया था। इधर नीचे-टोली के लोग गजगांव नाले में नहाने व मवेशियों को पानी पिलाने आते हैं और नाले का पानी सूखने के कगार पर था। इस कारण ग्रामसभा की बैठक में निर्णय लेने के उपरांत रविवार को जिला प्रशासन व सेवा वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से नाले पर बोरीबांध बनाया गया। उन्होंने कहा कि अगले 24 घंटे के अंदर बोरीबांध में काफी पानी जमा हो जाएगा। जिससे गुरमी नीचेटोली के लोगों की समस्या समाप्त हो जाएगी। हांसा पंचायत के पूर्व मुखिया विलशन पुर्ती ने कहा कि इस बोरीबांध के बनने से गजगांव के ग्रामीणों को भी लाभ होगा। गजगांव के लोग इसी नाले में मवेशियों को पानी पीलाने लाते हैं। श्रमदान करने वालों में ग्राप्रधान सुनील मुंडा, जसुआ सोय, मनसिद्ध पुर्ती, धनमसीह सोय, कल्याण सोय, सुनील तोपनो, हरदुगन पुर्ती, ईश्वर दास सोय, अनुज सोय, निरल सोय, अब्रहाम सोय मुरूम, बसंत होरो समेत संपुर्ण ग्रामसभा सदस्यों ने श्रमदान किया।

रामगढ के डाक्टर राजीव कुमार गुप्ता के रिम्स के प्रभारी निदेशक बनने पर दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन,रामगढ झारखंड के तत्वावधान रामगढ के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर राजीव गुप्ता को उनके निजी आवास पर बुके एवं साल ओढ़ाकर सम्मानित किए गए। विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा व विश्व ब्राह्मण संघ के संरक्षक नवीन पाठक ने सयुंक्त रूप से कहा कि डॉक्टर राजीव गुप्ता को बनने पर रामगढ वासियो में खुशी की लहर एवं यह बडे ही गौरव कि बात है , डाक्टर राजीव गुप्ता एक कुशल व्यवहार व मृदुभाषी व्यक्ति है । इसके लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करते हैं, हमें पूर्ण विश्वास है कि डा, राजीव गुप्ता के कार्यकाल मे रिम्स मे सुधार होगा एवं राज्य व विभिन्न जिलो से आये लोंगो सुविधा का लाभ मिलेगा। जिलाध्यक्ष महेश मिश्र व श्याम शर्मा ने कहा यह एक ऐसी उपलब्धी है जिससे रामगढ के लोग गौरवान्वित हुए है एवं लोग प्रभावित होगे, मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राभगत शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा , अशोक कुमार पांडेय, बबलू दुबे, संजय शर्मा, मुना मिश्रा, रामानन्द मिश्र,विवेक शर्मा, इत्यादी अनेकानेक लोग उपस्थित थे ।

पुआल मे आग लगने से हजारों का नुकसान

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली प्रखण्ड के महुआडीह गांव मे रविवार को दोपहर के तीन बजे के लगभग रोशन महतो के घर के समीप रखे पुआल मे अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग की लपटें काफी तेज हो गई। आनन फानन मे गांव वालों ने आग लगने की सुचना हिंडाल्को दमकल विभाग को दिया। सुचना पाकर दमकल गाड़ी घटना स्थल पहुँच काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तबतक सारा पुआल जल कर राख हो गया! पुआल मालिक से पुछने पर उन्होंने बताया की आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं है।

झारखंड बंद का रहा मिलाजुला असर

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति सिल्ली विधानसभा इकाई के द्वारा नियोजन नीति के विरोध को लेकर सिल्ली मुरी में झारखंड बंद का दूसरे दिन भी दिखा मिलाजुला असर। सड़कों पर कुछ बड़ी गाड़ियां दौड़ती नजर आई। सिल्ली और मुरी बाजार में कुछ दुकाने खुली पाई गई और कुछ दुकानों को बंद देखा गया। पेट्रोल पंप खुली नजर आई। वही बंद कराने निकले समर्थकों ने सिल्ली बुंडू चौक पर जाम करते हुए धरने पर बैठ गये जिससे दोनों और लंबी गाड़ियों का कतार लग गई।

जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : ज़िला वॉलीबॉल संघ का द्वारा दिनांक04 जून से 11 जून 2023 तक ग्रीष्मक़ालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें खूँटी ज़िला के वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया समापन समारोह के मुख्य अतिथि एस डी ए स्कूल के प्राचार्य पतरस मुर्मू के द्वारा एवं संघ के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा के अध्यक्षता में प्रमाणपत्र का वितरण किया गया इस शिविर के कोच विकाश मिश्रा एवं विक्की गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ इस समारोह में संघ के सचिव पीटर मुंडू बिरसा कॉलेज खूँटी के खेल प्रभारी राज कुमार गुप्ता ,मनोज राय , अरबिंद मिश्रा , अर्चना नाग इत्यादि उपस्थित थे।

रामगढ़ में दिखा बंद का असर, रांची रामगढ़ लाइफलाइन को घंटो बाधित रखा सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रही

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन यानी जेएसएसयू द्वारा आहूत दो दिवसीय झारखंड बंद का रविवार को व्यापक असर रहा।रामगढ़ टायर मोड़ फोरलेन के समक्ष बंद समर्थकों ने दोनों तरफ से रास्ते को बंद कर दिया टायर जलाकर विरोध प्रकट किया बंद समर्थक सुबह से ही फोरलेन सड़क को जाम कर रखा। इससे सड़क के दोनों और गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रही । रांची रामगढ़ मुख्य मार्ग घंटो बाधित रहा । वही गाड़ियों में बैठे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बंद समर्थकों ने कहा कि 60-40 नीति वापस लेना होगा हेमंत सोरेन मुर्दाबाद झारखंड सरकार मुर्दाबाद आदि नारे लगाते रहे। बंद समर्थकों

का कहना था कि झारखंड सरकार झारखडियो के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है झारखडियो का हक मार रही है यह सरकार झारखंड विरोधी सरकार है।झारखंडियो को हक अधिकार देना होगा। पुलिस प्रशासन और स्टूडेंट के साथ वार्ता के बाद बंद को और सड़क जाम को छोड़ दिया गया। बंद शांतिपूर्ण रहा।बंद को सफल बनाने में देवानद कुमार महतो पवन कुमार महतो आनंद केटीआर रवि महतो रामचंद्र रुपेश प्रकाश नीरज मुकेश मायाराम महतो करण महतो बिहारी महतो बादल अंकित सचिन आदि का नाम शामिल है।

माण्डू विस् जदयू प्रभारी की पहल पर गरीब मरीज का एम्स मे होगा इलाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ जदयू के मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल के पहल पर विष्णुगढ़,रमुआँ निवासी किशन प्रजापति की इलाज दिल्ली एम्स में होने की उम्मीद जगी। वह एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था,जिसकी वजह से पीड़ित का कमर के नीचे का अंग कार्य नहीं कर रहा था। जिसकी जानकारी पाकर जदयू प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल ने इलाज की तत्काल जरूरत को देखते और मरीज की आर्थिक स्थिति का आकलन कर समुचित इलाज कराने हाथ बढ़ाया। दुष्यन्त पटेल ने बताया कि किसी की सलाह मरीज के परिजन उसे लेकर इलाज कराने दिल्ली एम्स गया

था।पर वहां उसे भर्ती नहीं किया जा रहा था।इस दौरान मरीज व उसके परिजन कई जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर एम्स में इलाज कराने की गुहार लगाई पर किसी ने इसकी फरियाद नही सुनी, नाउम्मीद एवं हताश होकर मरीज व परिजन वापस झारखंड लौटने का विचार बना लिया। इसी बीच उसे अपने गांव के जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता की याद आई उसने समुचित घटनाक्रम को बताया और कहा कि मेरे लिए सब दरवाजे बंद दिख रहे है। इसलिए मैं लौट रहा हूँ,अगर कोई उपाय है,तो आप पहल करें। इस बात को राहुल गुप्ता ने अपने मांडू विस प्रभारी जदयू नेता दुष्यंत कुमार पटेल को बताया श्री पटेल ने तत्परता दिखाते हुए मध्य प्रदेश के एक सांसद से अनुरोध कर पीड़ित की एम्स में इलाज कराने का अनुरोध किया जिसका असर हुआ और इलाज के लिए उसे अनुमति भी मिल गया । जदयू नेता की इस पहल पर पीड़ित के परिजन धन्यवाद देते नहीं थक रहे हैं ।

बरही में शॉर्ट सर्किट से बिचाली लदा मिनी ट्रक जलकर हुवा खाक, बाल बाल बचे चालक-खलासी व ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : थाना अंतर्गत बरसोत गांव स्थित मां शीतला मंदिर के समीप ग्रामीण सड़क पर बिचाली से लदे एक मिनी ट्रक (संख्या-जेएच 10 बीबी 4911) बिचाली समेत जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि उक्त ट्रक बंगाल वर्धमान से बिचाली लाद कर बरसोत गांव के ही किसी ग्रामीण के घर जा रहा था। इसी दौरान ट्रक ग्रामीण सड़क के किनारे स्थित 440 वोल्ट के बिजली के तार में सट जाने के बाद शॉर्ट सर्किट हुई। उसके बाद देखते ही देखते बिचाली समेत उक्त ट्रक धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें इतनी तेज थी कि घटनास्थल के समीप रामचंद्र साव का अल्बेस्टर सीट का मकान भी चपेट में आ गया। जिसके कारण रामचंद्र साव को भी काफी नुकसान हुआ। हालांकि इस घटना में किसी तरह की कोई जानी हानि नहीं हुई। घटना में उक्त ट्रक का चालक-खलासी और रामचन्द्र साव के घर के लोग बाल-बाल बच गए। इधर आग लगी की घटना की सूचना मिलते ही बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी पहुंचे। उन्होंने त्वरित इसकी जानकारी बरही डीएसपी और

दमकल कर्मियों को दिया। इधर ग्रामीण उक्त सड़क पर दोनों ओर से आवागमन बंद कर टुल्लू पम्प व जनरेटर लगाकर डीजल पंप से आग बुझाने की भरपूर कोशिश किए, किंतु भीषण आग पर काबू पाना ग्रामीणों के लिए मुश्किल हो गया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हांलाकि तब तक बिचाली व ट्रक जलकर खाक हो गया। आग से मिनी ट्रक कबाड़ में तब्दील हो गया। आग पर नियंत्रण पाने तक मौजूद रहे मुखिया मोतीलाल चौधरी ने बताया कि करीब 40 हजार का लदा बिचाली व उक्त 1109 ट्रक जल कर कंडम हो गया है। वहीं बरसोत के रामचन्द्र साव के घर में ट्रक से लगी आग पर भी काफी मशक्कत बाद ग्रामीणों के सहयोग से दमकल कर्मियों द्वारा काबू पाया गया। आग इतना भीषण था कि समय रहते अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो और भी कई घरों में आग लग सकती थी। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत बाद आग बुझाने में सफलता मिली। आग बुझाने में दमकल कर्मियों के साथ साथ मौके पर मुखिया मोतीलाल चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, पूर्व पंसस वनबिहारी चंद्रवंसी, प्रभाकर पाठक, अनुज चंद्रवंशी, दिवाकर पाठक, अजित कुमार, नरेश कुशवाहा, सिकंदर केशरी, मुकेश कुमार, इंद्रदेव राजवार इन्दु माली, विजय ठाकुर, प्रभात कुमार छोटी साव सहित सैकड़ों ग्रामीणों का यहम भूमिका रही।

आयुष मंत्रालय के संयुक्त की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान को लेकर बैठक

डीडीसी ने पीपीटी के माध्यम से जल शक्ति अभियान के तहत हुए कार्यों की दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : समाहरणालय सभागार में राहुल शर्मा, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता (जल शक्ति) मंत्रालय, भारत सरकार की ÷जल शक्ति अभियान÷ को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सबसे पहले उपायुक्त संदीप सिंह द्वारा पौधा देकर आयुष मंत्रालय के संयुक्त सचिव राहुल शर्मा एवं जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत द्वारा टेक्निकल ऑफिसर सत्येंद्र कुमार का स्वागत किया गया।बैठक की शुरुआत में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने पीपीटी के मध्याम से धनबाद जिले में जल शक्ति अभियान के तहत 4 मार्च 2023 से हुए कार्य की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जिले में चल रही योजना पर नवीनतम प्रगति और जल शक्ति अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न विभागों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जिले में जल संरक्षण के लिए एक विस्तृत वैज्ञानिक योजना विकसित करने के लिए आईआईटी आईएसएम के एचओडी पर्यावरण डॉ. अंशुमाली ने संस्थान के प्रोफेसर रिया दत्ता एवं प्रोफेसर टीनेश पठानिया ने पीपीटी के माध्यम से जल संरक्षण और संचयन को लेकर तैयार किए गए प्लान दिखाए गए।आयुष मंत्रालय के संयुक्त सचिव राहुल शर्मा ने जिला के विभिन्न विभागों द्वारा जल शक्ति अभियान के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार पदाधिकारियों से जल संरक्षण को लेकर किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन करना, गणना, भू-टैगिंग और सभी की सूची बनाना, इसके आधार पर जल संरक्षण की वैज्ञानिक योजना तैयार करना, सभी जिलों में जल शक्ति केन्द्रों की स्थापना करना, सघन वनीकरण करना और जागरुकता सृजन करना है। राहुल शर्मा ने जल शक्ति केंद्र के स्थापना हेतु उपायुक्त को स्थान चिन्हित करने को निर्देशित किया।

क्लेमेंट लैब ने दो दिवसीय स्वास्थ जांच शिविर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : क्लेमेंट लैब के द्वारा जामाडोबा रमज़ानपुर मे दो दिवसीय स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक आयोजित शिविर मे कुल 107 मरीजो की जाँच हुई। जांच रिपोर्ट एक दिन बाद जामाडोबा के कलेमेंट लैब कलेक्शन सेंटर में मिलेगा। शिविर मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए क्लेमेंट लैब की मालिक डॉक्टर अनुराधा सिन्हा ने कहा की हमारा उद्देश है की गरीबो को कम से कम पैसा में स्वास्थ एवं रक्त जाँच हो इसके लिए जगह जगह शिविर लगाई जा रही है। इस तरह के आयोजन से समाज को बहुत लाभ मिलता है। शिविर मे मात्र 20 रुपये मे ब्लड सुगर, प्रेशर, हाईट, वेट, ओक्सिजन लेवल आदि की जांच की गई और अन्य सारी जांचों पर 15त्न की छुट दी गई थी। जनहित मे लगे इस शिविर की लोगों ने काफी प्रसंशा की।

साहू समाज भवन में कार्यकारिणी समिति का हुआ पुनर्गठन

गांवा(प्रभात मंत्र संवाददाता): गावां प्रखंड स्थित पिहरा पूर्वी पंचायतके साहू समाज भवन मैं साहू समाज के कार्यकारिणी समिति का पुनर्गठन हुआ ,जिसमें मुख्य अतिथि साहू समाज भवन कोलकाता के चेयरमैन भगवान दास आर्य उपस्थित हुए। सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने किया, साहू समाज के सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से चुनाव की प्रक्रिया की गई जिसमें मनोज कुमार गुप्ता को अध्यक्ष एवं मनोज कुमार को कार्यवाहक अध्यक्ष और राजेश कुमार गुप्ता को महामंत्री धर्मेंद्र कुमार गुप्ता को उप महामंत्री एवं राहुल कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। मौके पर अध्यक्ष रामचंद्र साहू को माल्यार्पण कर अध्यक्ष पद विदाई दी गई । मौके पर चेयरमैन भगवानदास आर्य, पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र साहू, मनोज कुमार गुप्ता, मनोज कुमार ,अर्जुन गुप्ता ,मुकेश कुमार ,राहुल गुप्ता ,राजेश गुप्ता ,धर्मेंद्र साहू ,सुरेश साहू उपस्थित हुए।

धनारंगी गांव में किया गया पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास

पूर्वी(प्रभात मंत्र संवाददाता): टुंडी मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत प्रखंड के रुपण पंचायत के धनारंगी गांव से सोनापानी शिव मंदिर जाने के रास्ते में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को किया गया। विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सांसद जिला प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो,जिप सदस्य जेबा मरांडी, प्रखंड प्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष नरेश मुर्मू एवं स्थानीय पंचायत के मुखिया सतीश मुर्मू, के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र मुर्मू, परिमल दे, आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अवैध कोयला तस्करी रोक थाम को लेकर सीओ ने किया सयुंक्त खनन टास्क फोर्स की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : केंदुआ आंचलिक क्षेत्र में अवैध कोयला तस्करी रोकने को लेकर जिला प्रशासन, बीसीसीएल एवं सीआईएसएफ की सयुंक्त खनन टास्क फोर्स की बैठक शनिवार को पुटकी सीओ शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में बीसीसीएल के मटकुरिया ऑफिस क्लब में संपन्न हुआ। बैठक में अवैध कोयले की तस्करी रोकने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। थाना में लिखित नामजद एफआईआर करने, बीएनआर साइडिंग के वैगन से लगातार कोयला चोरी की शिकायत, गोधर गंसाडीह क्षेत्र से कोयला चोरी की शिकायत एवं आउटसोर्सिंग के अधिकारियों को बैठक में बुलाने, माह में एक दिन सयुंक्त छापेमारी सहित कई मुद्दों पर मंथन किया गया।बैठक में सीओ शुभ्रा रानी ने सख्त लहजे में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी भी हाल में कोयला चोरी, अवैध भंडारण नहीं होना चाहिए। सभी विभाग एक दूसरे के ऊपर दोषारोपण करते रहे। ख़ासकर न्यू गोधर कुसुंडा कोलियरी मे संचालित आउटसोर्सिंग से कोयला चोरी का मुद्दा गरम रहा। बैठक मे शामिल सभी अधिकारियों ने क्षेत्र मे कोयला चोरी रोक थाम को लेकर अपने अपने सुझाव दिए। वही मिडिया से बाते करते हुए पुटकी अंचल अधिकारी शुभ्रा रानी ने कहा की एक दूसरे के सहयोग से हीं कोयला चोरी को रोका जा सकता है। हम लोग का लक्ष्य है हर हाल में क्षेत्र में कोयला चोरी रोकना। उन्होंने कहा की सीआईएसएफ, पुलिस और बीसीसीएल की टीम संयुक्त रूप से क्षेत्र छापेमारी करेगी। जहाँ पर भी अवैध कोयला का स्टॉक देखा जाएगा, उसे जप्त किया जाएगा और उससे जुड़े लोगो पर विधिवत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में कुसुंडा क्षेत्र महाप्रबंधक वीके गोयल, पीबी एरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक अरुण कुमार, मुनीडीह परियोजना के जितेंद्र महापात्रा, डब्लू जे क्षेत्र सिजुआ के अनूप राय, केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह, लोयाबाद थाना के एस आई निरंजन महतो, गोंन्दुडीह ओपी के ए एस आई भगत सिंह बिष्ट, पीबी एरिया के मैनेजर डी के सिंह, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर राजेश यादव, आर के ठाकुर के अलावे कई बीसीसीएल के अधिकारी मौजूद थे।

पानी की किल्लत की शिकायत पर छात्रावास पहुंचे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हसनैन अली

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह शहरी क्षेत्र के चैताडीह स्थित अल्पसंख्यक छात्रावास के छात्रों की ओर से पानी की किल्लत की शिकायत मिलने के बाद गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली अल्पसंख्यक छात्रावास पहुंचे और छात्रों को हो रही समस्याओं से अवगत हुए । उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिया । छात्रों ने बताया कि पिछले 1 महीने से छात्रावास में पानी की कोई भी व्यवस्था नहीं है जिससे यहां पढ़ रहे लगभग 110 बच्चे में से केवल दस बच्चे ही बचे हैं बाकी सारे लोग पानी की किल्लत के वजह से अपने घर चले गए । छात्रावास का बोरिंग सूख गया है और चापानल भी सुख गया है और सप्लाई का जो पानी आता उसके लिए छात्रावास में टैंक बनाया गया है लेकिन उस टैंक तक सप्लाई पानी नहीं पहुंचती है। बताया गया की अगर छात्र पानी के लिए कहीं बाहर जाते हैं तो लोग मना कर भगा देते हैं और इस मामले को लेकर दो बार कल्याण विभाग को लिखित आवेदन दिया गया लेकिन अब तक किसी तरह से भी इस समस्या का समाधान अब तक नहीं किया गया है । ऐसे में छात्रावास के सभी छात्रों को भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से जीना मुहाल है । इस संबंध में जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि चैताडीह अल्पसंख्यक छात्रावास के छात्रों की शिकायत के बाद छात्रावास पहुंचे और सभी मूलभूत समस्याओं को समझने के बाद समाधान हेतु माननीय सदर विधायक से फोन पर बात कर इस समस्या से अवगत कराया गया और नगर निगम के नगर आयुक्त से बात कर छात्रावास में दो कचरे का डब्बा लगाने का आग्रह किया और सप्लाई पानी के माध्यम से शीघ्र ही छात्रावास में पानी उपलब्ध कराए जाने की बात की गई और छात्रों के द्वारा यह भी शिकायत मिली थी बाउंड्री छोटा रहने की वजह से छात्रों के मोबाइल चोरी होने की घटना अक्सर होती है इसलिए इन तमाम मामलों पर मैं माननीय कल्याण मंत्री को लिखित आवेदन देकर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराने का काम करूंगा और मैं कल्याण विभाग के पदाधिकारियों को सचेत कर देना चाहता हूं कि छात्रों से जुड़ी किसी भी समस्या में लापरवाही मैं कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा ।

राजद सुप्रीमो लालु प्रसाद यादव का मनाया गया 76वां जन्मदिन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालु प्रसाद यादव के 76 वां जन्मदिन के मौके पर धनबाद महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनवरी खातून के नेतृत्व में हीरापुर स्थित रत्न बिहार होटल में केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर राजद महिला अध्यक्ष अनवरी खातून ने कहा हर वर्ष की भांति इस बार भी हम पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 76 वां जन्मदिन बहुत ही खुशी और हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। हम सब दुआ करते हैं लालू प्रसाद यादव हमेशा स्वस्थ एवं दीर्घायु रहें और उनका आशीर्वाद हम सब पर सदैव बना रहे। मौके पर राजद प्रदेश महामंत्री हातिम अंसारी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष लाखपती सिंह, धनबाद महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी, प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ गुलाम समदानी, चानू कुमारी, सुशीला देवी, मुन्नी देवी, मनीषा देवी, रवीना बानो, निराला पासवान, मुमताज अंसारी, नजराना खातून, दीपिका कुमारी, अजमेरी खातून, बदामी देवी, मो. आफताब के साथ राजद के दर्जनों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता मौजुद रहें। इस मौके पर लालू प्रसाद यादव के लंबी आयु को लेकर प्रार्थना भी की गयी।

कतरी नदी का अस्तित्व व धरोहर की रक्षा करना हम मानव की सबसे बड़ी जिम्मेवारी : माना पाठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : कतरी नदी का अस्तित्व एवं धरोहर की बचाव को लेकर आज रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों का महाजुटान हुआ जिसका नेतृत्व जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने किया। बताया जाता है कि कतरी नदी इन दिनों भू माफिया के द्वारा दिन प्रति दिन अतिक्रमण किया जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है इस नदी की और किसी जनप्रतिनिधियों का कोई लेना-देना नहीं तभी इस नदी की अस्तित्व का खतरा देख जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने कमान संभाला और इस नदी की बचाव के लिए एक जनांदोलन चलाने की बात सोची और निकल पड़े इनके निकलते ही पूरे इलाके की नींद खुली और इनका समर्थन करने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा आज बड़ी संख्या में ग्रामीणों का महाजुटान हुआ और रैली के साथ नारा लगाते कतरी नदी की और सभी ग्रामीण अपने अस्तित्व एवं धरोहर को बचाने में एकता का परिचय दिया और माना पाठक के द्वारा चलाए जा रहे कतरी नदी संघर्ष में साथ खड़े रहने की बात कही। मौके पर भारती देवी, रेखा देवी,रीना देवी,मंजूवाला देवी, हसमुद्दीन अंसारी, शिबू कुमार, डॉ नंदकिशोर केवट, अरूण रवानी,मानिक महतो, त्रिवेणी केवट, जगरनाथ बेसरा, हर्ष टुडू समेत कतरी नदी बचाओ संघर्ष समिति के सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।माना पाठक के निजी सचिव मुरारी सिंह रैली का संचालन किया और डॉ नंदकिशोर केवट के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

मैथन डैम में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

निरसा : कुमारधुबी ओपी क्षेत्र शिवलीबाड़ी पूरब पंचायत, मैथनमोड़ निवासी विशाल वर्णवाल की मैंथन डैम में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विशाल अपने दोस्तों के साथ मैथन डैम में नहाने पहुँचा था और नहाने के क्रम में विशाल 10 फीट गहरे पानी मे चला गया। जबकि उसे तैरना नही आता था जिसके कारण गहरे पानी से नही निकल पाया और डूब कर उसकी मौत हो गई है। सूचना पाकर आस पास के लोग डैम पहुँचे और गोताखोरो की मदद से शव को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि विशाल वर्णवाल मैथन केन्द्रीय विद्यालय कक्षा 11 वीं का छात्र है। पिता काशी वर्णवाल ने बताया की उनका बेटा विशाल प्रतिदिन मैथन डैम मॉर्निंग वॉक पर जाया करता था। रविवार की सुबह वह मॉर्निंग वॉक कर के अपने दोस्तों के साथ स्नान करने चला गया जहां गहरे गढ्ढे में उसका पैर किचड़ में फंस जाने के कारण वह निकल नही पाया, जिसके कारण उसकी मौत हो गयी। वह अपने माता पिता का एकलौता संतान था एवं मृतक की दो छोटी बहन है। मैथन थाना शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया में जुट गई और पोस्टमाटम के लिए धनबाद भेज दिया है। वहीं इस दर्दनाक घटना से पुरे आस पास के क्षेत्र मे मातम पसर गया है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं।

मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर जनसभा का आयोजन

भारत कभी दुसरे देशों से अनाज मंगाता था, आज वहां भेज रहा है : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार गरीबों का स्तर सुधारने व उन्हें जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाना सरकार का उद्देश्य है। बाबूलाल मरांडी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार 11 जून को झरिया के बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू मैदान में जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।कहा कि 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार-अपराध चरम पर था, अब वैसी बात नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने 9 वर्ष के शासनकाल में सेवा, सुसान और गरीबों का कल्याण किया। भारत कभी अमेरिका और यूरोप जैसे देशों से अनाज मंगाता था, आज विदेशों को अनाज भेज रहा है। वहीं धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने धनबाद को कई सौगातें दी हैं। सड़कों को दुरुस्त करने से लेकर धनबाद रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा करने के लिए लोगों से साथ मांगा।

बिटिया के जन्मदिन पर वार्ड सदस्य ने कॉपी पेन किया वितरण

जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत के वार्ड संख्या पांच के वार्ड सदस्य इन्द्रदेव दास ने अपनी बेटी के जन्मदिन पर गरीब बच्चों के बीच कॉपी और पेन वितरण किया इनकी इकलौती बिटिया दिशा कुमारी एक साल की हुई । एक तरफ कुछ लोग बेटे के जन्म पर उत्सव मनाते है वही बेटी को बोझ समझते हैं और बेटी के जन्म पर नाखुश होते है वही इन्द्रदेव दास ने अपनी बेटी का जन्मदिन त्योहार की तरह धूम धाम से मनाया। इस दौरान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सैकड़ो गरीब बच्चों के बीच कॉपी पेन वितरण किया। कहा कि बेटा बेटी मे कुछ लोग अन्तर करते है जबकि आज हर क्षेत्र मे बेटियाँ बढ़ चढ़कर योगदान दे रही है। बेटा अगर भाग्य से होता है तो बेटी सौभाग्य से होती है । बेटा बेटी मे भेद भाव नहीं करना चाहिए ब्लकि बेटी को पढ़ा-लिखा कर योग्य बनाना चाहिए। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे सबों ने बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना की। वही ग्रामीणों ने इन्द्रदेव के इस पहल की सराहना की।

डॉक्टर ने अपनी शादी की 25वीं सालगिरह वृद्धा आश्रम में मनाया

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): धनबाद के जाने माने चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विभूति नाथ ने अपनी 25वीं सालगिरह रविवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के वृद्धजनों संग मनाया। धनबाद के जाने-माने डॉक्टर विभूति नाथ अपनी पत्नी सुमन मित्तल पुत्र अंशुल आदर्श और पुत्री भव्य मित्तल के साथ आश्रम पहुंचे। वृद्धों के साथ केक काटकर इस यादगार सालगिरह को मनाया। इस अवसर पर वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन कराया। दोनों पति पत्नी पूरा दिन आश्रम में ही बिताए और अपनी भावनाएं उनके साथ साझा किया। डॉक्टर विभूति नाथ ने मीडिया को बताया कि किसी के लिए भी अपनी शादी की 25वीं सालगिरह एक यादगार दिन होता है और हम पति पत्नी ने इस यादगार पल को आश्रम के वृद्धजनों के संग बाँटने का निश्चय किया।कहा कि हम दोनों को आज वृद्धजनों का अपनापन व्यवहार, प्यार और आशीर्वाद पाकर हार्दिक एवं आत्मिक तृप्ति हुई। मैं सभी दंपतियों से यही आग्रह करूंगा कि मासूमियत से भरी आश्रम के माताओं- पिताओं का आशीर्वाद इन वृद्धजनों की सेवा करके प्राप्त करें। इनका प्यार-दुलार और आशीर्वाद यहां वापस निरंतर खींचकर लाएगा। यहां एक अलग ही शांति-संतुष्टि की अनुभूति होती है। इनके बीच कुछ पल बिताने से इनके जीवन के आखिरी पड़ाव में जीवन व्यतीत कर रहे वृद्ध माता-पिता को जीने के मनोबल में वृद्धि होगी। इस मौके पर समाजसेवी ओंकार मिश्रा, आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी समेत अन्य सेवाकर्ता उपस्थित थे।

धनबाद के ग्रामीण इलाकों में दिखा दो दिन की झारखण्ड बंद का व्यापक असर

60-40 नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन ने बुलायी बंदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : 60-40 नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के आह्वाहन पर बुलाई गयी दो दिन के झारखण्ड बंद का धनबाद के ग्रामीण इलाकों में व्यापक असर दिखा। तेतुलमारी में बंद के दूसरे दिन रविवार को सड़कों पर वाहनों का परिचालन बाधित रहा। सैकड़ों कोयला लदी गाड़ियां सड़क पर खड़ी रही। कोयले की 100 से अधिक गाड़ियों को रोका गया। साथ में चेतावनी दी गई खनिज संपदा को झारखंड से बाहर नहीं ले जाया जाएगा। सुबह 6ः00 बजे से लेकर दोपहर के 12ः00 बजे तक पूरी तरह से शक्ति नाथ महतो चौक जाम रहा। छात्रों ने 60/40 नाय चलतो का नारा बुलंद किया। सैकड़ों की संख्या में छात्रों का हुजूम शहिद शक्ति नाथ महतो चौक पर मौजूद थे। छात्रों का एक ही कहना था कि बलिदान देना होगा तो बलिदान देंगे लेकिन अधिकार लड़ के लेंगे। राजगंज तेतुलमारी धनबाद और बाघमारा की ओर जाने वाली सभी गाड़ियां लगभग 5 घंटे भीषण जाम में फंसी रही जबकि एंबुलेंस को छात्रों के द्वारा रास्ता दिया गया। छात्र नेता अजीत महतो ने कहा कि यह झारखंड यहां के झारखंडियो का है। किसी भी कीमत पर हमें अपना यहां अधिकार लेना है। झारखंड के छात्र पढ़ने के साथ - साथ अब लड़ना सीख गए हैं। मौके पर मुख्य रुप से राजा बाबू, रिजवान, क्रांतिकारी राजीव महतो, रंजीत कुमार, रूपलाल महतो, टुनटुन महतो, संतोष महतो, हरी महतो, गोविंद महतो, दुलाल, विक्रम, सौरभ महतो एवं दर्जनों अभिभावक के साथ सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

नाले में मिला बीसीसीएल कर्मी का शव, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : शहर के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत धोवाटांड़ के एक नाले में बीसीसीएल कर्मी का शव मिला। जिसकी सूचना पर बैंक मोड़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को जप्त कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। घटना के संबंध में पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक चांदमारी निवासी विश्वरंजन कुमार है। वह बीसीसीएल में ड्रिल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। उसके जेब से बीसीसीएल का आई कार्ड, मोबाइल फोन तथा अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि विश्वरंजन सड़क किनारे नाली में गिर पड़े होंगे। जिससे उनकी मौत हुई है। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट तौर पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बताया जा सकता है।

भ्रष्टाचार पर रोक के लिये ब्रजेंद्र सिंह ने डीजी को लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने झारखंड के डीजी पुलिस को पत्र लिखकर कहा है कि आए दिन पूरे राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला देखने को मिल रहा है। हालाकि एंटी करप्शन ब्यूरो बहुत मुस्तैदी से काम भी कर रही है। किंतु खासकर प्रखंड स्तर पर राज्य की जनता को किसी भी काम के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम ऐसा है कि बगैर नजराना दिए जनता का कोई भी काम आसानी से नहीं हो पाता। जनता के द्वारा हम लोगों को निरंतर शिकायतें मिलती रहती है। खासकर जगह जमीन से संबंधित मामले में सालों का चक्कर लगाने के बाद भी उनका वास्तविक काम नहीं हो पाता है जबकि उनका काम जायज होता है। ऐसी स्थिति में कर्मचारी पदाधिकारियों के कहने से ही फाइल को महीनों लटकाए रहते हैं। आज जरूरत है कि वैसे भ्रष्ट पदाधिकारियों पर भी एसीबी का शिकंजा कसा जाए और भ्रष्ट अफसरों को सलाखों के पीछे जाना चाहिए जो जनता को परेशान करते हैं, तभी न्याय मिलेगी।

बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के सभी जिलों के प्रतिनिधिमंडलों की बैठक 18 को रांची में

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक सरायढेला स्थित रेखा मंडल के आवास में हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि समिति की ओर से 18 जून को हमलोग रांची यूनियन क्लब ने झारखंड के सभी जिला के प्रतिनिधिमंडल एक बैठक करेंगे। उस बैठक में झारखंड के तमाम बांग्ला भाषा-भाषी एकजुट होकर इस बारे में चिंतन-मंथन करेंगे कि कैसे बांग्ला भाषा का पठन-पाठन हो, कैसे शिक्षकों की नियुक्ति हो। केंद्रीय सचिव रेखा मंडल ने कहा कि बीसीसीएल के गेस्ट हाउस में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जो गाड़ी कचरा खाना में रखा हुआ है उसे आज के बैठक में स्कोर लेकर एक निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

हम ईश्वर के बताए मार्ग पर चलकर उनके उद्देश्यों को पूरा करें : विधायक कोंगाड़ी

जी. ई. एल. चर्च लतापानी मण्डली में 58 वां वर्षीय गिरजाघर संस्कार दिवस में उपस्थित हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत जी ई एल चर्च लतापानी मण्डली में 58वॉ वर्षीय गिरजाघर संस्कार दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी। अपने संदेश में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि हरेक घर को कोई न कोई बनाने वाले होते हैं।लेकिन जिसने सबकुछ बनाया वह ईश्वर है। उन्होंने कहा कि परमेश्वर का गिरजा भवन सभी के लिए प्रार्थना का घर है। गिरजाघर में आकर प्रभु से की गई प्रार्थना पुरी होती है। गिरजाघर में राज?य व देश की भलाई के लिए प्रार्थना होनी चाहिए। परमेश्वर की वंदना और प्रार्थना करने से मनुष्य हमेशा सुखी रहता है। हमारी आध्यात्मिक ताकत में वृद्धि होती है। ईश्वर से हम जुड़ जाते हैं। मनुष्य में ईश्वर की तरह करुणा और दया के भाव आ जाते है। इससे जीवन में स्वत~ सुधार आ जाता है। प्रभु हमारे जीवन में कभी निराशा नहीं आने देते। हम यीशु ख्रीस्त के जीवन को जीते है। हम एक दूसरे में प्रभु यीशु ख्रीस्त के प्यार, सेवा और बलिदान को बांटे। उन्होंने कहा कि परिवार के बीच क्षमा और प्रेम को स्थापित करें। संघर्षपूर्ण जीवन में भी प्रभु यीशु के वचनों को याद करें। प्रभु के प्यार को अपने जीवन में धारण करें। हमारा जीवन ईश्वर की महिमा का जीवन है। प्रभु यीशु के प्यार को कभी नहीं भूले। वे हमारे जीवन को हमेशा संवारने का काम करते है। साथ ही साथ हम एक दूसरे को प्रेम करें। हमें हमेशा दूसरों की कष्टों की मुक्ति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। हम ईश्वर के बताए मार्ग पर चलकर उनके उद्देश्यों को पूरा कर सकते है। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, सभापति खिरिस्तोफर केरकेट्टा, निमरोद सोरेंग, अरविंद केरकेट्टा, मंजूषा कुसुम टेटे, दिव्या डुंगडुंग, सिमोन केरकेट्टा, पादरी एल डुंगडुंग, जॉन केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने निकाली साइकिल रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : महाराष्ट्र के पुणे में जी-20 के तहत आगामी 19 से 22 जून तक आयोजित होने वाला चौथा एजुकेशन वर्किंग ग्रुप मीटिंग को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाने की शुरुआत लोहरदगा के केंद्रीय विद्यालय में कर दी गई है। प्राचार्य ने बताया कि इस बार जी 20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है। पुणे की बैठक का मुख्य थीम फंडामेंटल लिटरेसी एंड नर्सरी रखा गया है। प्राचार्या ममता तिर्की ने बताया कि पुणे में आयोजित होने वाली बैठक में देशभर से 24 केंद्रीय विद्यालयों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें झारखंड का लोहरदगा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में आज छुट्टी रहने के बावजूद साइकिल रैली में बच्चे शामिल हुए। रैली केंद्रीय विद्यालय से उदरंगी होते हुए वापस केंद्रीय विद्यालय में समापन किया गया। इसके अलावा ऑनलाइन भी पेंटिंग, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। लोहरदगा में इसकी शुरुआत पहले दिन साइकिल रैली के रूप में की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं वह अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया। रैली में आज कक्षा दसवीं के हिमांशु उरांव, कक्षा नवीं के नेचुरल नक्षत्र, कक्षा सातवीं से शेखर उराव,हरि प्रसाद,शौर्य श्रेष्ठ,अदिति आर्य बेक तथा पांचवी कक्षा की आयुष एक्का चौक एवं तीसरी कक्षा के प्रकुल गुप्ता व रूपेश महतो शामिल हुए। जिनका मार्गदर्शन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक बुद्धदेव भगत ने किया।

सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 1 वर्ष से भी ज्यादा से प्रत्येक सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। इस क्रम में आज जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम एवं वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद ने पंडित भीम तिवारी जी को श्रीमद्भागवत पुस्तिका भेंट की। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर बहुत दूर-दूर से लोग आकर लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप एवं इलाज करवा कर स्वास्थ्य हो रहे हैं। हमें इस शिविर में आकर लोगों का इलाज करके काफी संतोष होता है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जीव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम है। अध्यक्ष दीपक सर्राफ व उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं,और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7~30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है,आज लोगों ने शुगर, बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉ कुमुद से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे।आज शिविर में,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह, गोपाल सिंह, पंडित भीम तिवारी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, नंदकिशोर प्रसाद, बजरंग महतो, रामजी सिंह, संजय अग्रवाल, मोती अग्रवाल, सोनिया पोद्दार, नंदलाल साहू, प्रकाश गुप्ता, अमंजय अग्रवाल, लाल अनूप नाथ शाहदेव, सुंदरी देवी, रमेश शर्मा, राम प्रसाद साहू, रुपेश चौधरी, सोनिया पोद्दार, विनय प्रजापति, चंदन मुंडा, भोला प्रसाद जयसवाल, अंजलि सर्राफ, रामकली देवी, राम प्रसाद साहू, अनुराधा देवी, उदय कास्यंकार आदि थे।

सिमडेगा की बेटियों ने दिखाया अपना कमाल, फाइनल मुकाबले में कोरिया को 2=1 से पराजित कर की ऐतिहासिक जीत दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा (झारखंड) के तीन खिलाड़ियों दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी से सजी भारतीय टीम ने महिला जूनियर एशिया कप हॉकी 2023 के फाइनल मुकाबले में कोरिया को 2=1गोल से पराजित कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए पहली बार चैम्पियन बनी। हॉकी इंडिया की ओर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह जी जापान में ही उपस्थित थे।जूनियर महिला एशिया कप में पहली बार विजेता बनी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के सभी सदस्यों को हॉकी इंडिया ने दो दो लाख रुपए देने की घोषणा की। 02 जून से 11 जून 2023 तक जापान के काकामिगहारा में आयोजित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में आज कोरिया को 2=1 गोल पराजित कर पहली बार चैम्पियन बनी। चैम्पियन 18सदस्यीय टीम में हमारे सिमडेगा जिला झारखंड के भी तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी भी सामिल है।ये तीनो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दीपिका सोरेंग ने तीन गोल भी की है उसे चाइनीज ताइपे के खिलाफ खेले गए मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड का पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया गया था।इस प्रतियोगिता में टीम को प्रोत्साहित करने के लिए हॉकी इंडिया की ओर से हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष श्री भोलानाथ सिंह जी भी उपस्थित है।हॉकी इंडिया ने चैंपियन टीम के प्रत्येक खिलाड़ियों 2=2 लाख रुपए देने की घोषणा की। दीपिका सोरेंग जो की फॉरवर्ड पोजिशन से खेलती है और इस प्रतियोगिता में तीन गोल की है एक मैच में उसे प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया है। सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड अंतर्गत करगागुड़ी सेंबर टोली की है।जो बहुत ही विपरीत परिस्थितियों से गुजरते हुए आज इस मुकाम तक पहुंची है बचपन में ही उसके पिताजी का देहांत हो गया था उस वक्त उसकी मां दूसरे राज्य में दिहाड़ी मजदूरी कर दीपिका का लालन पालन किया।

हम सभी मिलकर पूर्व विधायक के के भगत के सपनों को साकार करेंगे : निरु शांति भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड के नरौली पंचायत मे 11 जुन रविवार को आजसू पार्टी के पुर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत की धर्म पत्नी निरुशांति भगत एवं अनीता साहू की उपस्थिति मे हूआ महिला समिति का गठन। इस अवसर पर उपस्थित नीरूशांति भगत ने कहा की हम सभी आपस मे एक जुट होकर झारखंड अन्दोलनकारी पूर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत के सपनो को साकार करना है।आजसू पार्टी का बढ़ता जनाधार वर्तमान हेमन्त सरकार के कार्यशैली से निराश हताश होकर अपने इच्छा से आने वाले आगामी 2024 के विधानसभा के लिए एक एक महिला संगठित होकर लोहरदगा विधानसभा के साथ अपने गांव पंचायत सजाने की बीड़ा उठा रही हैं इसी सिलसिले में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कैरो प्रखंड के नरौली पंचायत में आजसू पार्टी के अनुषंगी इकाई महिला मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रिया भगत, सचिव अंजुम बानो, सहसचिव दुलारी भगतायन, उपाध्यक्ष मुनेजा खातून, बेबी उरायन, संगठन सचिव घूरेंन लोहरायन, कोषाध्यक्ष पम्मी खातून, कार्यकारी अध्यक्ष दूलो उराँव, रवीना खातून, खेरुन खातून,रंकसाना परबीन, खुशबू खातून, सकीला बीबी, अजमेरी बीबी, कसाना हसीना खातून, नूरजहाँ खातून एवं लोग आजसू पार्टी में अपनी आस्था को रखते हुए अपनी योगदान देने के लिए शपथ लें इस महिला इकाई के गठन के उपरांत उपस्थित रहे। झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं विधानसभा प्रभारी निरु शांति भगत के साथ महिला जिला अध्यक्ष लोहरदगा की अनीता साहू, प्रखंड अध्यक्ष हाजरा बीवी, नगजुआ के मुखिया अरविंद भगत एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में आर्मी जवान की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना क्षेत्र में शंख मोड़ से चांपी-चंदवा सड़क पर कैमो महुवा टोली के समीप एक टर्बो ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत हो गई है। जानकारी अनुसार बाइक सवार किस्को के होंदगा निवासी छेदु साहू के 36 वर्षीय पुत्र अशोक साहू जो वर्तमान में सदर थाना क्षेत्र के कुजरा के रहने वाले आर्मी के है,जवान अपनी बाइक से लोहरदगा रेलवे स्टेशन टिकट बुक कराने जा रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे टर्बो ट्रक के चपेट में आने से उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय चौकीदार समसुल अंसारी को दी उसके पश्चात समसुल अंसारी ने सदर थाने को सूचित किया, सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों एवं चौकीदार समसुल अंसारी के सहयोग से शव को अपने वाहन पर ले कर सदर अस्पताल ले गए जहां पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी अनुसार अशोक साहू ड्यूटी से छुट्टी लेकर शुक्रवार को ही अपने घर आए थे, अशोक साहू वर्तमान में असम में ड्यूटी करते थे, उनकी मौत से उनके घर एवं आसपास के लोग काफी आहत पहुंचा है, इस घटना क्रम के बाद सहयोग में महफूज अंसारी, मुमताज अंसारी,प्रकाश साहू, नारायण साहू, विकास साहू, चैतु उरांव, रशीद अंसारी, इस्माइल अंसारी, अशोक उरांव आदि सहयोग किया है।

लावारिस अवस्था में मिला मोटरसाइकिल को जब्त कर जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : बुटी कब्रिस्तान के समीप खेत में देर रात लावारिस अवस्था में मोटरसाइकिल खड़ा होने की सूचना पर पुलिस पहुंच मोटरसाइकिल किया जप्त जांच पड़ताल जारी। सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी में कब्रिस्तान के समीप खेत में मोबाइल लाइट जलते हुए स्थानीय ग्रामीण देख लाइट की ओर टॉर्च जला कर देखने का प्रयास किया तभी उस व्यक्ति को टॉर्च के लाइट पर संदेह हुआ और भागने लगा तो इसकी सूचना गांव में आग की तरह फैल गया तथा ग्रामीण घर से निकल छानबीन करने लगा तो खेत में एक मोटरसाइकिल हेलमेट देखा गया जिसकी सूचना थाना प्रभारी अभिनव कुमार को दिया गया। लावारिस अवस्था में मोटरसाइकिल सुनसान स्थान खेत में मिलने की सूचना पर उनके निर्देश पर स0आ0नि0 जमशेद खान दलबल के साथ बुटी स्थित सुनसान जगह कब्रिस्तान के समीप पहुंच मोटरसाइकिल जे एच 01एस 2546 को जप्त कर थाना लाया गया। और पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। वहीं लावारिस अवस्था में मोटरसाइकिल का मिलना ग्रामीणों की बीच तरह तरह की संदेह उतपन हो रही है। किसी का कहना है चोरी करने आया होगा या किसी के साथ अवैध संबन्ध भी हो सकता है। आखिर मामला क्या है इसकी खुलासा नही हुआ है। और पुलिस इस बिंदु को लेकर गहन जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

जलडेगा के सुदूरवर्ती क्षेत्र तिलमिंगबेड़ा पहुंचे पूर्व मंत्री

कांग्रेस पार्टी झारखंड पार्टी को बर्बाद करने का लगातार कर रही है प्रयास : एनोस एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

जलडेगा : झारखंड पार्टी क्षेत्रीय पार्टी के रूप में उभरकर क्षेत्र की सभी समस्याओं को पूर्व में प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का कार्य किया था और एक बार फिर से समय आ गया है कि झारखंड पार्टी पर विश्वास जताते हुए आप पार्टी का सहयोग करें ताकि इस क्षेत्र का अधूरे कार्य को पूरा किया जा सके। उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का जलडेगा के सुदूरवर्ती क्षेत्र तिलमिंगबेड़ा में आयोजित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर बैठक में कह रहे थे ।उन्होंने कहा इस चित्र में इतना बड़ा गांव होने के बावजूद आंगनबाड़ी की सुविधा नहीं है जल्दी इस मामले में पहल करते हुए इस क्षेत्र में आंगनबाड़ी होता कि यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इसके अलावा पेयजल की घोर किल्लत है जिसे अभी तक जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया है जिसकी वजह से लोग पीने के पानी के लिए भटक रहे लेकिन झारखंड पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करके आपकी समस्याओं को दूर कराएगी, ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर बिजली बिल अनावश्यक तरीके से भेजा गया जिसके कारण लोग भरने में असमर्थ हैं। जिस पर पूर्व मंत्री ने कहा कि बिजली विभाग लगातार मनमानी कर रही है और भोले-भाले ग्रामीणों को मनमाना बिल भेज रही है और कई लोगों पर मुकदमा भी दर्ज कर रही है। ऐसे में विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए ग्रामीणों की इस समस्या को दूर किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड पार्टी को पहले से बर्बाद करने की कोशिश किया था और अब भी किया जा रहा है ।इसलिए आप झारखंड पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में संगठन में संगठित रहें और आने वाले चुनाव में संदेश एक्का को अपने क्षेत्र का विधायक बनाएं ताकि आपकी समस्याओं को पहले की तरह दूर किया जा सके। संदेश एक्का ने कहा किसी भी पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता होता है इसलिए सभी कार्यकर्ता पूरे तन मन के साथ अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे क्योंकि आपका एक गलत वोट आपके क्षेत्र की समस्याओं को बढ़ा देता है वर्तमान समय आप वोट देकर ठगा महसूस कर रहे हैं लेकिन आपका वोट आने वाले दिनों में बहुत कीमती है इसे सही जगह पर दें। इधर कार्यक्रम से पूर्व ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से उनका भव्य तरीके से स्वागत किया मौके पर झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतियस बागे, अमन खेस, जोसेफ़ डुंगडुंग, अंकित सुरीन, रसाल ख़लखो, सुजीत नाथ, कल्याण जड़िया, गोसनर जड़िया, सुशील जड़िया, मंगरा मुंडा, सुचिता कण्डुलन, गोविंद लुगुन सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

सड़क दुर्घटना में तीन मोटरसाइकिल सवार घायल, ग्रामीणों ने पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीठीयो चौक के समीप शनिवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से घायलों को 108 एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो चौक के समीप कार एवं बाइक की टक्कर में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को प्राप्त होते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि बिरजू लाल मुर्मू दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस 108 से सदर अस्पताल भेजा गया,जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का इलाज प्रारंभ कर दिया है। घायलों की पहचान बिजुपाड़ा निवासियों के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार जाता है कि वैगन आर संख्या जे एच 01ई टी 4939 जो लोहरदगा से रांची की ओर जा रही थी वही विपरीत दिशा से आ रही बाइक संख्या बाइक जे एच 01 ई टी 2844 को ठोकर मार दी। दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। जबकि पुलिस सर्वप्रथम सभी घायल को इलाज हेतु अस्पताल भेज कार एवं बाइक को जप्त कर घायल की पहचान एवं अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस आज, बाल श्रम समाज के लिए अभिशाप : जहांगीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : देश एवं राष्ट्र के स्वर्णिम भविष्य के निर्माता उस देश के बच्चे होते हैं। अत~ राष्ट्र, देश एवं समाज का भी दायित्व होता है कि वह अपनी धरोहर की अमूल्य निधि को सहेज कर रखे। इसी उद्देश्य से पूरा विश्व 2002 से हर साल 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस मनाता आ रहा है। परन्तु यह एक बहुत बड़ी विबंडना है कि समूचे विश्व में बालश्रम की समस्या घटने की बजाय बढ़ती ही जा रही है। यह एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है जो शहरों में से लेकर गाँवों तक चारों तरफ मकड़जाल की तरह बच्चों को अपने आगोश में लिए हुए है। खेलने-कुदने और स्कूल जाने के दिनों में कोई बच्चा बाल मजदूरी करने को मजबूर हो जाए, तो इससे बड़ी विडम्बना किसी भी समाज के लिए और क्या हो सकता है। यह स्थिति भारत जैसे विकासशील देश के लिए और भी खतरनाक है। आज हम प्रतिदिन विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं लेकिन आपको ये जानकर आश्चर्य होगा कि विश्व में सबसे ज्यादा बाल मजदूर भारत में हैं। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ थी। जबकि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ और यूनिसेफ के अनुसार वर्ष 2016 में देशभर में करीब 9.40 करोड़ बाल श्रमिक थे, जो अब बढ़कर 16 करोड़ हो गए हैं। ये तो केवल एक अनुमान है, हकीकत में बाल श्रमिक देश में इससे कहीं ज्यादा हो सकते हैं। बिहार,उत्तर प्रदेश,राजस्थान,मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में बाल श्रम की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है जहाँ देश के कुल बाल श्रमिकों के 55त्न बाल श्रमिक नियोजित हैं। भारत में बाल श्रम को रोकने के लिए सरकार ने बहुत सारे अधिनियम,योजनाएं और कानून बनाए हैं, लेकिन कड़ाई से पालन न होने के कारण ये सब बेकार साबित हो रहे हैं। भारत में अत्यधिक बढ़ती जनसंख्य और गरीबी बाल श्रम के मुख्य कारक हैं। देश के हर क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों में बाल मजदूरों को काम करते हुए देखा जा सकता है। सबसे अधिक बाल मजदूर कृषि क्षेत्र में 70 प्रतिशत जबकि सेवा के क्षेत्र में 20 प्रतिशत तथा उद्योग क्षेत्र में 10 प्रतिशत काम करते हैं। बाल श्रम रोकने के लिए कानूनी प्रावधान भारत में बालश्रम को गैर कानूनी घोषित किया गया है। अनुच्छेद 23 के अनुसार खतरनाक उद्योगों में बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध है। वहीं संविधान के अनुच्छेद 24 के अनुसार 14 साल के कम उम्र का कोई भी बच्चा किसी फैक्टरी,खदान या अन्य खतरनाक नियोजन में काम करने के लिए नियुक्त नहीं किया जा सकता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान किया गया है। लेकिन बढ़ती जनसंख्या,गरीबी,अशिक्षा,बढ़ती बेरोजगारी, सस्ता श्रम और व्यापारियों का लालच के कारण बाल श्रम को रोक पाना मुश्किल हो रहा है। बाल श्रम प्रतिबंध एवं नियमन संशोधन अधिनियम 2016 का उल्लंघन करने यानी 14 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को रोजगार देने वालों को छह माह से लेकर तीन वर्ष कैद और 50 हजार रुपये तक जुर्माने कि सजा या दोनों का प्रावधान है। बाल मजदूरी बच?चों से स?कूल जाने का अधिकार छीन लेती है और वे पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पाते हैं । बाल मजदूरी शिक्षा में बहुत बड़ी रुकावट है। जिसके कारण उनका शारीरिक व मानसिक विकास नहीं हो पाता है।

भीषण गर्मी से जनता कर रही चीत्कार

बिजली-पानी भी नही दे पा रही है सरकार : सोसायटी

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो प्रखंड : क्षेत्र में भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सूरज की रौशनी की तपिश से सुबह 6-7 बजे भी घरों से निकलना दूभर हो गया है। इधर बिजली की आंख मिचौली से घर में भी जनता को राहत नहीं है।क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या अभी पानी की है। नदी-तालाब तो सूख ही गए हैं। कुओं में भी पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है।कैरो पंचायत में पिछले तीन दिनों से पानी की सप्लाई भी बंद है। नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो पाने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है।इसके लिए प्रतिनियुक्त कर्मी प्रकाश उरांव ने बताया कि कम से कम 7 घंटे बढ़िया वोल्टेज से बिजली मिलने पर ही पानी सप्लाई किया जा सकता है। बिजली रहने पर भी लो वोल्टेज से काम नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि विगत जनवरी माह इस कार्य हेतु नियुक्त किए गए कर्मियों का मानदेय नहीं मिला है जिससे परिवार के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कैरो पंचायत मुखिया विरेन्द्र महली से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि पंचायत के वार्ड पार्षद सदस्यों को पेयजल के लिए शुल्क वसूली के लिए अधिकृत किया गया था। लेकिन उन्होंने जनता से जितना पैसा लिया उसका अधिकांश हिस्सा खुद रख लिए। शीघ्र ही इस संबंध में आम जनता की बैठक बुलाकर कुछ ठोस निर्णय लिया जाएगा और पंचायत में नियमित पेयजल आपूर्ति हेतु प्रयास किया जाएगा। स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के संस्थापक सह पूर्व अध्यक्ष अलीरजा अंसारी ने कहा कि इतनी सख्त गर्मी में आम जनता को बिजली-पानी तो उपलब्ध कराई ही जानी चाहिए। उन्होंने तत्काल कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन महतो से टेलीफोनिक वार्ता कर पेयजल आपूर्ति के लिए बिजली नहीं मिलने की स्थिति में सोलर पैनल बैठाने का आग्रह किया। प्र.विकास पदाधिकारी महोदय ने कहा कि यदि जनता इस संबंध में आवेदन देती है तो निश्चित ही जिला प्रशासन तक बात पहुंचाई जाएगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इस हेतु पब्लिक पार्टनरशिप के तहत भी कार्य करने के बारे में सोचा जा सकता है। बहरहाल कैरो पंचायत की जनता भीषण गर्मी में त्राहि-त्राहि करने पर मजबूर है।आम जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के प्रति जन प्रतिनिधि, सांसद, विधायक, पदाधिकारी, और चुनाव के समय नेता कहलाने वालों का रूख भी बहुत उत्साह जनक नहीं है।

चलते चलते एक नजर

शोक सभा में चली गोलियां, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। रोहिणी जिले के बुध विहार के मांगेराम पार्क इलाके में एक शोक सभा में किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद रिश्तेदारों ने ही गोलियां चला दी। जिसके बाद भगदड़ का माहौल बन गया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपित की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।जानकारी के मुताबिक बुध विहार पुलिस को शाम के वक्त मांगेराम पार्क गली नंबर-6 में झगड़ा और गोली चलने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। शुरूआती जांच में पता चला कि बुजुर्ग महिला के देहांत पर शोक सभा हो रही थी। मौके पर से कुछ कारतूस के खोल भी मिले। जांच में पता चला कि गोली चलाने वाले भी रिश्तेदार थे। जिनसे महिला के परिजनों से पुराने विवाद को लेकर दोबारा से विवाद हो गया था।विवाद गाली गलौच और हाथापाई में बदल गया। उसी वक्त आरोपितों ने गोलियां चला दी। जिसके बाद भगदड़ का माहौल बन गया था। वारदात के बाद आरोपी धमकी देकर और आगे देख लेने की बात कहकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज करके आरोपितों के ठिकानों पर छापेमारी कर उनको गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान अभिषेक और दीपक के रूप में हुई है। जबकि एक आरोपित की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

अल नीनो से मध्य व पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान की बढ़ जाती है संभावना

कानपुर। अल नीनो की वजह से अक्सर दक्षिण अमेरिका, मध्य एशिया और हॉर्न ऑफ अफ्रीका में बारिश अधिक होती है। इससे इन इलाकों में आखिरकार सूखे की स्थिति खत्म होने की उम्मीद जगती है। हालांकि इस जलवायु पैटर्न के कारण ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और दक्षिण एशिया के कुछ हिस्सों में सूखे का जोखिम बढ़ सकता है। कानपुर स्थित चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडे ने बताया कि इसी हफ्ते ऑस्ट्रेलिया ने चेतावनी दी थी कि अल नीनो के कारण भारत में गर्म और शुष्क दिनों में इजाफा होगा। ऑस्ट्रेलिया पहले ही जंगलों की आग के प्रति बेहद संवेदनशील है। जापान ने भी वसंत में रिकॉर्ड गर्मी के लिए अल नीनो को जिम्मेदार बताया है। राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय संचालन (एनओएए) के मुताबिक अमेरिका में गर्मियों के दौरान अल नीनो का प्रभाव अपेक्षाकृत कमजोर होगा, लेकिन यह पतझड़ से मजबूत होने लगेगा और वसंत में भी यही स्थिति बनी रहेगी। एक ओर जहां अटलांटिक में तूफान की सक्रियता पर अल नीनो का असर निषेधात्मक होता है, वहीं मध्य और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में आमतौर पर यह तेज आंधी-तूफान की संभावना बढ़ जाती है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि जलवायु से जुड़ा यह पैटर्न औसतन हर दो से सात साल पर आता है। स्पैनिश भाषा में अल नीनो का मतलब होता है, लिटिल बॉय यानी छोटा लड़का। इसका संबंध अल नीनो सदर्न ऑसिलेशन के गर्म चरण से है। मुख्य रूप से इसकी शुरुआत पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में असामान्य तौर पर गर्म पानी के कारण होती है। माना जाता है कि भूमध्यरेखीय प्रशांत के पास पूर्व से पश्चिम की ओर बहने वाली ट्रेड विंड्स के धीमा होने या विपरीत दिशा में बहने पर यह पैटर्न बनता है। अल नीनो के इस दौर के शुरू होने से पहले मई में समुद्र की सतह का औसत तापमान अब तक दर्ज किसी भी रिकॉर्ड से करीब 0.1 सेल्सियस अधिक था। पिछली बार अल नीनो का गर्म प्रभाव 2018 से 2019 के बीच आया था, इसके बाद एक ठंडा दौर चला, जिसे ला नीना कहते हैं। स्पैनिश में ला नीना का मतलब होता है लिटिल गर्ल, यानी छोटी लड़की। यह अल नीनो का ठंडा प्रतिरूप है।

भोपाल में अमृत काल मंथन से 11 प्रस्ताव हुए पारित

नए तेवर के साथ भारत जोड़ने में जुटेगा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार ने अभ्यास वर्ग को बताया ऐतिहासिक

एजेंसी

भोपाल : मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के चार दिवसीय अभ्यास वर्ग के समापन पर आरएसएस राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार ने अभ्यास वर्ग को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि विश्व में यह पहला मौका है जब कहीं भी किसी भी मुस्लिम संगठन का इस प्रकार से कोई अभ्यास वर्ग हुआ, जिसमें देश और दुनिया में मुस्लिमों कि स्थितियों पर चिंतन और उससे जुड़ी बातों पर अनगिनत प्रस्ताव पारित किए गए। 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां भी दी गई हैं। संघ नेता ने बताया कि चार दिनों में 11 विषयों को लेकर प्रस्ताव पारित किए गए और कुछ नए लक्ष्य रखे गए। जिनमें सबसे मुख्य रहा एक देश, एक कानून, जिसे लोग यूनिफॉर्म सिविल कोड कहते हैं। इसके अलावा जनसंख्या नियंत्रण, लव जिहाद जैसे मुद्दे हावी रहे। जबकि नए लक्ष्य में नए सिरे से भारत जोड़ने की मुहिम शामिल रहेगी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज से जुड़े बुद्धिजीवियों ने अलग अलग विषयों पर चिंतन किया और व्याख्यान पेश किया। जिनमें पूर्व वाइस चांसलर, आईआईटी के पूर्व डायरेक्टर, प्रोफेसर, चिकित्सा विशेषज्ञ, वकीलों और अन्य बुद्धिजीवियों ने अपनी राय रखी।भोपाल के पीपुल्स ग्रुप ऑडिटोरियम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए इंद्रेश कुमार ने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में अलग अलग धर्मों, समुदायों को लेकर वहां के कानून से कोई समस्या नहीं है। ऐसे में फिर भारत में क्यों समस्या है? उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि अगर

किसी कार दुर्घटना में यदि अलग अलग धर्मों के लोगों को मुआवजा देना है तो क्या सबको अलग अलग इनके धर्मों के मुताबिक दिया जायेगा या एक कानून से सबको बराबर धन दिया जायेगा? इसी तरह अगर कोई धर्म विशेष रोड कर कर इबादत करे तो उसमें क्या करना चाहिए? देखा देखी दूसरा धर्म भी वही करेगा। ऐसे में इसको रोकने के लिए कोई तो कानून होना चाहिए जो सबके लिए एक समान हो।जनसंख्या, शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने बताया कि मुस्लिम धर्म में स्कूल ड्रॉप आउट की संख्या सबसे अधिक है। मुस्लिम धर्म के लोग देश में करीब 20 करोड़ हैं और उनमें से ग्रेजुएट मात्र 3 प्रतिशत से भी कम हैं। ऐसे लोगों में रोजगार की समस्या भी रहती है और ये जहां रहते हैं वहां का क्राइम रेट भी अधिक होता है। और अगर ओवरऑल देखें तो विश्व के 17 फीसदी लोग भारत में रहते हैं जबकि संसाधन विश्व का मात्र 6 प्रतिशत है। यानी भारत में स्थिति विस्फोटक हो रही है। इसलिए इस पर लगाम लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इंद्रेश कुमार ने लव जिहाद के विषय पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहां इसके भी खात्मे की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे कैसे होता है की साथ साथ जीने मरने की कसम खाने वाले दो पल में ही खून के प्यासे बन जाते हैं। बाद में पता चलता है कि लड़के ने आइडेंटिटी कुछ और निकलती है, उसका पहना कलावा भी झूठा निकलता है, तो कहीं धर्म परिवर्तन करा दिया जाता है। ऐसे प्यार का क्या मतलब जिसमें दूसरे की पहचान मिटानी पड़ती हो? इंद्रेश कुमार ने ईद उल अजहा में गाय की कुर्बानी पर पूरी तरह से रोक की भी बात की। उन्होंने कहा कि गाय की कुर्बानी हराम है। गाय की सेवा करनी चाहिए और इसके दूध और दूध से बनी चीजें शिफा।देती हैं। उन्होंने बताया कि मुस्लिम मंच के कार्यकर्ता देश भर में गायों की सेवा कर रहे हैं और सदैव करते रहेंगे। आगामी रक्षा बंधन के त्योहार को भी हर साल की तरह खूब धूम धाम से मनाने का फैसला किया गया है। 21 जून को विश्व योग दिवस भी पूरी श्रद्धा और आस्था की तरह मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस्लाम में योग करना हराम नहीं हैइंद्रेश कुमार में 20 अगस्त से 30 सितंबर तक लोगों को जोड़ने की मुहिम चलाने व जनसंपर्क अभियान चलाने का फैसला किया है।

वॉलीबॉल संघ ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल शिविर का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड वॉलीबॉल के निर्देशानुसार पूरे राज्य के सभी जिलों में आयोजित ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को किया गया। हाल के दिनों में विभिन्न राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में झारखंड वॉलीबॉल टीम की सफलताओं से उत्साहित होकर और नये खिलाड़ियों को संवारने के लिए झारखंड वॉलीबॉल संघ ने राज्य के सभी जिलों में एक साथ बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिये 04-06-2023 से 11-6-2023 तक निःशुल्क गृष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। जिनमें रांची जिला में चार जगहों पर कुल -124, दुमका जिला में चार स्थानों पर कुल -80,,सरायकेला खरसावां में दो जगहों पर कुल -45,रामगढ़ में दो जगहों पर कुल-60, लोहरदगा में दो स्थानों पर कुल-21, गुमला में एक स्थान पर कुल- 16, खूंटी में एक स्थान पर कुल 25, सिमडेगा में एक स्थान पर कुल -14, जमशेदपुर में एक जगह पर कुल- 60, प0सिंहभूम में एक स्थान पर कुल -46, धनबाद में एक स्थान पर कुल- 55, बोकारो में एक स्थान पर कुल -25, हजारीबाग में एक स्थान पर कुल -20, कोडरमा में एक स्थान पर कुल-30,चतरा में एक स्थान परकुल -18,गढ़वा में एक स्थान पर कुल -24, पलामू में एक स्थान पर कुल-30, लातेहार में एक स्थान पर कुल-30, पाकुड़ में एक स्थान परकुल -34, साहेबगंज में दो जगहों पर कुल-40 , जामताड़ा में एक स्थान पर कुल -60 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव शेखर बोस ने प्रत्येक वर्ष इस तरह के प्रशिक्षण शिविर को आयोजित करने हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई, तथा और अधिक जगहों पर ऐसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर बल दिया।

हर घर जल कैसे पहुंचे, पक्ष-विपक्ष को साथ बैठकर इस पर समाधान निकालना चाहिए : राकेश तिवारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : आम आदमी पार्टी पलामू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह युवा पलामू के चर्चित जुझारू नेता राकेश तिवारी ने डालटनगंज नगर निगम अंतर्गत वार्ड के आम जनता के पानी की समस्या का स्थाई समाधान के लिए पक्ष और विपक्ष को एक मंच पर बैठकर ठोस समाधान करने हेतु पहल करने का अपील किया है। शहर की समस्या पर प्रमुखता के साथ आवाज उठाने वाले डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश ने कहा कि शहर के ज्यादातर इलाकों आबादगंज, सुदना, हमीदगंज, बैरिया, निमिया रेड़मा, बारालोटा, कांदू मुहल्ला, बेलवाटिका, नावाटोली की जनता पानी के अभाव में त्राहिमाम कर रही है। पानी का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण शहर के अधिकांश चापाकाल सुख चुके हैं। जहां एक ओर पानी टैंकर से लोगों को पानी सप्लाई भरपूर मात्रा में नही हो पा रहा है। पानी टैंकर छोटे गली मुहल्ले में नही जा पाने के कारण लोग पानी टैंकर का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। लगातार प्रतिदिन लोगों तक पानी टैंकर का सप्लाई नहीं किया जा रहा है। राकेश ने कहा कि पानी की विकराल समस्या के स्थाई समाधान पर स्थानीय जन प्रतिनिधि गंभीरता पूर्वक समाधान नहीं कर पा रहे यह एक दुखद बात है।शहर का लाइफलाइन माने जाने वाले कोयल नदी का पानी पूरी तरह सुख जाने के कारण शहर का अधिकांश

चापाकलों का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। अगर जल्द से जल्द पानी की विकराल समस्या का समाधान नहीं निकाला जाएगा तो वह दिन दूर नही जब आने वाले समय में पानी के अभाव के कारण शहर से लोग अन्यत्र पलायन करने पर विवश हो जाएंगे और शहर वीरान में तब्दील हो जायेगा।

समाजसेवी नीपू सिंह ने रक्त उपलब्ध कराकर बुजुर्ग की बचाई जान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: आज जब लोग रक्तदान करने से कतराते हैं उन्हें लगता है उन्हें कमजोरी हो जाएगी ऐसे में झारखंड राज्य में कई ऐसे रक्त वीर हैं जो कभी भी किसी वक्त किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्तदान करने के लिए सदैव आगे रहते हैं इसमें बीआईटी रांची के रोशन शर्मा आगे हैं लेकिन इन्हीं के साथ एक नाम और जुड़ जाता है रांची ही नहीं बल्कि पुरे झारखंड के समाज सेवी कहा जाए निपु सिंह जिन्होंने रोशन शर्मा को प्रेरित किया और उनके प्रेरणा स्वरूप रोशन शर्मा ने पलामू के रहने वाले एक बुजुर्ग की जान बचाई. अगर समय रहते समाजसेवी निपु सिंह सक्रिय नहीं हुए होते उन्हें ब्लड उपलब्ध नहीं कराया होता तो शायद उस बुजुर्ग जिसका नाम विश्वनाथ सिंह है शायद नहीं बच पाता. इस महान रक्तदान के लिए बुजुर्ग के परिजनों ने समाजसेवी निपु सिंह और रक्तदान रोशन शर्मा के कार्यों की भूरी - भूरी प्रशंसा किया है। रांची बीआईटी के रहने वाले रोशन शर्मा ने दसवीं बार ब्लड डोनेट कर बताया कि रक्तदान से

बड़ा कोई दान नहीं. रक्तदान करने से हार्ट अटैक की संभावना कम होती है.वहीं झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री सह नशा मुक्त झारखंड का दो दशक से लड़ाई लड़ने वाले निपु सिंह को किसी अनजान व्यक्ति ने फोन कर ब्लड डोनेट करने को कहा इस पर निपु सिंह ने तुरंत अपने जान पहचान को कॉल कर 20 मिनट के अंदर ब्लड डोनेट करने वाले को अपनी गाड़ी पर बैठा कर रिम्स पहुंचे वहां पहुंचने के बाद किसी ने कोई पलामू एसपी चंदन सिन्हा को बताया कि रांची जिले के एक समाजसेवी निपु सिंह हैं जो काफी बढ़ चढ़कर समाज के हित में काम करते हैं तो एसपी ने तुरंत निपु सिंह से बात करने का उत्साहित हुए और निपु सिंह से बात कर उनको बधाई दी. ब्लड डोनेट करने आए रोशन शर्मा ने ब्लड डोनेट करने के बाद कहा कि ब्लड डोनेट से बड़ा इस दुनिया में कोई काम नहीं है और उन्होंने कहा की ब्लड डोनेट करने से हार्ट अटैक होने की संभावना कम हो जाती है और उन्होंने बताया कि मैं राष्ट्रीय रक्षा संध का रांची जिला अध्यक्ष और मैं दसवीं बार रक्तदान कर रहा हूं.

मैं सदैव 24 घंटे सामाजिक सेवा के लिए तैयार रहता हूं निपु सिंह

इस मौके पर समाजसेवी निपु सिंह ने कहा कि मैं बचपन से ही अपने औकात से अधिक 24 घंटे किसी को भी मदद करने के लिए तैयार रहता हूं और कहा कि समाज सेवा करना मैं अपने पिताजी से सीखा हूं पिताजी 2020 में इस दुनिया को छोड़ कर चले गए लेकिन समाजसेवा करने की आदत मुझ में दे दिए और कहा कि समाजसेवा करने से दिल में सुकून मिलता है और खुशियां दोगुनी हो जाती है।

झारखंड की धरती नहीं है रक्तवीरों से खाली :नीपु सिंह

आज जब लोग रक्त देने से कतराते हैं परिजन भी पीछे हट जाते हैं ऐसी स्थिति में झारखंड में ऐसे रक्त वीर समाजसेवी है जो न जात देखते न धर्म देखते न पहचान देखते न रिश्तेदार देखते हैं किसी की जान बचाने के लिए आगे आ जाते हैं ऐसे नाम में निपु सिंह एक ऐसे समाजसेवी हैं जो झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री सह नशा मुक्त झारखंड का सूत्रधार हैं और इन्हें जब पता चला कि पलामू के बुजुर्ग जो रिम्स में भर्ती है और उन्हें तत्काल खून की आवश्यकता है इन्होंने बिना देर किए तत्काल मरीज के परिजनों से संपर्क कर खून उपलब्ध कराया और बुजुर्ग की जान बचाने का काम किया ऐसे बहुत कम ही लोग मिलते हैं जो किसी अपरिचित को मदद करवाते हैं या करते हैं लेकिन इसमें निपु सिंह सबसे आगे नजर आते हैं इसलिए यह कहना मुनासिब होगा कि झारखंड में रक्त वीरों की कमी नहीं है जो कभी भी किसी भी वक्त किसी की जान बचाने के लिए सदैव आगे खड़े रहते हैं समाजसेवी निपु सिंह ने कहा कि वह हर वक्त किसी की सेवा के लिए तैयार हैं उनका जीवन ही देश और समाज सेवा के लिए समर्पित है श्री सिंह ने कहा कि यह खून किस काम का जो देश के काम ना आए या लोगों की जिंदगी बचाने के काम ना आए वह खून बेकार है.

कोतवाल, हवलदार और सिपाही की जोड़ी को देखकर लोटपोट हुए दर्शक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बसंत सबनीस लिखित और उषा बनर्जी द्वारा अनुवादित , पत्रकार कला मंच के बाइनर तले संगीत व नाट्य निर्देशन निलय सिंह द्वारा निर्देशित यह नाटक का मंचन सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। मंच ने यह नाटक आदिम जनजाति सेवा मंडल के सहायतार्थ के लिए किया गया । हास्य और व्यंग इस नाटक का आनन्द सभी दर्शकों ने लिया। नाटक में समसामयिक घटनाओं का समावेश बहुत ही चुटीले अंदाज में टाइमिंग के साथ प्रस्तुत किया गया। संगीत में भी मराठी के साथ-साथ नागपुरी झलक भी देखने को मिली। नाटक में हवलदार की मुख्य भूमिका राज सिंह ने न्याय करते दिखे, कोतवाल संदीप नाग को सराहा तो वहीं सिपाही की भूमिका में परवेज़ कुरैशी ने अपने टाइमिंग और पंच पर दर्शकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया। राजा की भूमिका

में एएसआरपी मुकेश और प्रधान की भूमिका में जय शंकर कुमार को भी पसंद किया गया। मैनावती के भूमिका में स्वस्तिका शर्मा ने अपने अभिनय और नृत्य से लोगों का दिल जीत लिया और सख्या की संक्षिप्त भूमिका में विनय मुर्मू ने वाहवाही लूटी। पार्श्वगायक निलेश सिंह और छंदोंश्री, ढोलक पर जाहिद खान, कॉस्टयूम संजय लाल और संदीप नाग, रूप सज्जा प्रदीप बोस और संजय सिंह, मंच सामग्री परवेज कुरेशी, मंच सज्जा शिवांग, प्रकाश प्रदीप बोस, ध्वनि शिव साउंड, प्रचार एसआरपी मुकेश और प्रबंधन अमित दास अक्षय तिवारी संजय सिंह और रॉबिन छावड़ा का रहा। इस मंचन के प्रायोजक वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन और सिटीजंस फाउंडेशन रहे, जबकि सीएमपीडीआई , हॉट लिप्स, रांची प्रेस क्लब और देशप्रिय क्लब का विशेष आभार रहा। मौके पर झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, जेपीएससी सदस्य अजिता भट्टाचार्य, डा कमल बोस,प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू, वरिष्ठ पत्रकार बादल सिंह, राजीव चटर्जी, जेएफटीए से राजीव सिन्हा, राजकुमार, श्यामा प्रसाद से शिक्षकगण, सुधीर पाल ,रंगकर्मी ऋषिकेश लाल कांस्यकार, जयदेव, विवेक सहित कई पत्रकार गण, फोटो जर्नलिस्ट उपस्थित रहे।

76 साल के हुए लालू यादव, परिवार संग आधी रात में मनाया जन्मदिन

एजेंसी

पटना। बिहार के गोपालगंज में 11 जून, 1948 को पैदा हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव आज 76 वर्ष के हो गये। उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। जन्मदिन की पूर्व संध्या से ही उन्हें जन्मदिन की बधाइयां मिल रही हैं। लालू के पारिवारिक के सदस्यों ने शनिवार आधी रात सबसे पहले केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया।

लालू यादव ने बेटियों के बच्चों संग देर रात केक काटा। इसकी तस्वीर भी उनकी बड़ी बेटी मीसा भारती ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। लालू ने राबड़ी आवास पर रविवार सुबह कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ भी केक काटा।

मीसा भारती ने लालू यादव के जन्मदिन सेलिब्रेशन की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा है, भगवान करे आपकी जिंदगी के आने वाले साल ऐसे ही खुशी और आनंद से भरे रहे। सबसे अच्छे पापा को जन्मदिन मुबारक हो! तस्वीरों में लालू यादव पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित बेटियों और नाती-नातिनों के साथ केक काटते दिख रहे हैं।

तेजस्वी यादव ने भी पिता के जन्मदिन पर उन्हें सामाजिक न्याय का महानायक करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, देश-विदेश में बिहार का नाम रोशन करने वाले, मजबूत शख्सियत एवं दृढ़ व्यक्तित्व के धनी, सामाजिक न्याय के प्रणेता आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी को अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

रोहिणी आचार्या जन्मदिन से एक दिन पहले शनिवार रात पटना पहुंची। इस दौरान रोहिणी पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए भावुक हो गयी और कहा कि लोग चारों धाम की यात्रा के लिए जाते हैं लेकिन मेरे लिए चारों धाम यहीं पर हैं। मैं उनके दर्शन करने आई हूं।

उत्तराखंड : पर्यटक गहरे पानी में डूबा

ऋषिकेश। उत्तराखंड के बदरीनाथ-ऋषिकेश हाइवे के किनारे स्थित ब्रह्मपुरी क्षेत्र में गंगा पार करते समय नागपुर (महाराष्ट्र) का एक पर्यटक गहरे पानी में डूब गया। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक पर्यटक कुछ पता नहीं चल पाया था।

एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सिंह सजवाण ने बताया कि 42 वर्षीय शेखर बारस्कर पुत्र ज्ञानदेव बारस्कर निवासी रामटेक, जिला नागपुर,(महाराष्ट्र) बीती 9 जून 2023 को ब्रह्मपुरी आए थे, जो यहां अपने 10 अन्य साथियों के साथ राम तपस्थली आश्रम में ठहरे हुए थे। आज रविवार सुबह शेखर तपस्थली आश्रम के समीप गंगा में नहाने गया था। बताया जा रहा है कि नहाते समय शेखर ने गंगा नदी को पार करने का प्रयास किया। इसी बीच वह पानी की तेज धारा की चपेट में आकर वह डूबने लगा। शोर सुनकर जब तक साथी बचाने की कोशिश करते वह गहरे पानी में ओझल हो गया।

दर्जनों छात्रों ने थामा जेएमएम का दामन

झामुमो छात्रों का दर्द समझने वाली पार्टी है : राजेंद्र सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : झामुमो जिला कार्यालय में दर्जनों छात्रों ने झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के समक्ष झामुमो का दामन थामा। छात्र अजय उरांव और प्रिंस कुमार पासवान ने सभी छात्रों का नेतृत्व किया। श्री सिन्हा ने सभी छात्रों को माला और झामुमो का अंगवस्त्र पहना कर सबों को पार्टी में शामिल कराया। कार्यालय में हुए मिलन समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि झामुमो झारखंड के लोगों छात्रों का दर्द समझने वाली पार्टी है, आज स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल विद्यालय कैसे योजना से जोड़ कर आधुनिक बनाया जा रहा है, सभी यूनिवर्सिटियों कॉलेजों का भी तेजी से काया कल्प हो रहा है, झारखंड में शिक्षा का सुधार बहुत तेजी से हो

रहा है। सावित्री बाईफुले किशोरी योजना के तहत छात्राओं को आर्थिक सहायता भी दी जा रही है, छात्रों को विदेशों तक पढ़ाई के लिए भेजा जा रहा है।

आप सबों का झामुमो में स्वागत है, आप सभी यूनिवर्सिटी की समस्याओं को सामने लाए और उसका समाधान करें, हमारी सरकार छात्रों के मामले में बहुत ही संवेदनशील है। छात्र जीवन में आप सब विद्या ग्रहण करें, विधा से राजनीति सकारात्मक होती है, आज पढ़े लिखे लोगों की राजनीति में बहुत आवश्यकता है। आप सबों को उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामना, आशा है आप सब छात्र हित और पार्टी हित में लगातार काम करेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने किया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, झामुमो नेता प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष कमाल खान, युवा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव नवीन सिन्हा उपस्थित थे।

सदस्यता लेने वालों में छात्र प्रकाश कुमार, विशाल राज, गौरव कुमार, राहुल वर्मा, अरविंद कुमार सिंह, आकाश कुमार, रोहित कुमार पासवान, विशाल पासवान, राकेश पासवान, अविनाश कुमार, सुरेंद्र सिंह चेरो लक्ष्मण सिंह चेरो ऋतिक कुमार, नीरज कुमार, उज्वल, साहिल राज, रोबिन प्रधान, जय प्रकाश पासवान, सुबोध कुमार, शैलेन्द्र उरांव, चंदन रवि, विष्णु कुमार, अंकुश कुमार, राहुल वर्मा, अभिनव कुमार, राकेश कुमार पासवान, सहित दर्जनों छात्र थे।